

आज का मौसम
धूप खिली रहेगी, आसमान साफ़ रहेगा।

28° अधिकतम तापमान | 14° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:29 | सूर्यास्त 05:14

RNI.No. UPHIN/2019/79073
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, मंगलवार , 21 नवंबर 2023
वर्ष 05, अंक 54,पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com



सवधान: सॉस के नाम पर धीमा जहर तो नहीं खा रहे आप...02

कोयला लदी खड़ी ट्रक मे पीछे से जोरदार टक्कर मे चावल लदी...07


## संक्षिप्त ख़बरें

### उन्नाव में बड़ा हादसा, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम से टकराई बस, दो की मौत

**लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के पास डीसीएम से पीछे से आ रही बस टकरा गई। टक्कर लगने के बाद डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गयी और चालक की मौके पर मौत हो गई।**



**उन्नाव।** उन्नाव लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के पास डीसीएम से पीछे से आ रही बस टकरा गई। टक्कर लगने के बाद डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गयी और चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं बस के टकराने से डीसीएम में सवार 24 मजदूर घायल हो गये। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस से सभी को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक्सप्रेस वे से दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से किनारे करा यातायात सुचारू कराया।

# शराब घोटाला: संजय सिंह की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट का ED को नोटिस, मांगा जवाब

**दिल्ली-** की आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर ईडी ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया था. संजय सिंह कीगिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दिसंबर को दूसरे हफ्ते तक जवाब मांगा है. साथ हीसुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को नसीहत दी कि वह इस बीच निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल कर सकते हैं.

### हाई कोर्ट से लगा झटका, फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे संजय

इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कानून सबके लिए बराबर है, चाहे वह नेता हो या फिर आम नागरिक. दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि संजय सिंह की गिरफ्तारी कानून के मुताबिक है. जांच के प्रारंभिक स्तर पर अभी मामले में हस्तक्षेप की जररूत नहीं है.

### 13 अक्टूबर को हाई कोर्ट पहुंचे थे संजय

आप नेता ने अपनी रिमांड और गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए 13 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था. सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने याचिका का विरोध किया था और कहा था कि संजय सिंह की गिरफ्तारी कानूनी के मुताबिक ही हुई थी. बाद में हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था. जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था.

### संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का आरोप

दिल्ली आबकारी नीति केस में 4 अक्टूबर को संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का आरोप है. संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को भी चुनौती दी है.

### सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कही यह बात

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि, गिरफ्तारी को चुनौती देने की बजाय निचली अदालत में ज़मानत का आवेदन देना बेहतर होता। मामले में दिसंबर के दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी। बता दें, संजय सिंह ने शराब घोटाला केस में अपनी गिरफ्तारी



को चुनौती दी है।

बता दें कि, इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने आप नेता को झटका देते हुए कहा था कि, कानून सबके लिए बराबर है, चाहे वह नेता हो या फिर आम नागरिक। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि, संजय सिंह की गिरफ्तारी कानून के मुताबिक है। जांच के प्रारंभिक स्तर पर अभी मामले में हस्तक्षेप की जररूत नहीं है। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। आपको बता दें कि, दिल्ली आबकारी नीति केस में 4 अक्टूबर को संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपये का चंदा लेने का आरोप है। संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को ही चुनौती दी है। कोर्ट ने पूछा कि, संजय सिंह ने जमानत याचिका दायर की है या कुछ और कोर्ट ने संजय सिंह को नियमित जमानत याचिका दायर करने को कहा है।

### जानें क्या है मामला

गौरतलब है कि दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 5 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया था. श्रष्ठ ने संजय सिंह के दिल्ली वाले घर में पांच अक्टूबर सुबह 7 बजे से छापा मारा था. यहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए थे. लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था. आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है.

# एक हादसा और 40 नाव जलकर खाक, विशाखापत्तनम में दिखा खौफनाक मंजर

**पानी** में आग लगाना या लगना ये बात अब तक आपने सुनी होगी लेकिन हकीकत में एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां चारों तरफ पानी होने के बावजूद आग का गुबार चारों तरफ फैल गया. आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कुछ ऐसा ही मंजर देखने को मिला है, जहां समुद्र में मछुआरों की एक नाव में आग लग गई. ये आग इतनी भंयकर थी कि देखते ही देखते उसने आसपास खड़ी दूसरी नावों को भी अपनी जद में ले लिया.

समुद्र में खड़ी इन नावों में आग लगने का वीडियो सामने आया है. इसमें साफ देखा जा सकता है कि आग कितनी भयंकर थी. आग की लपटें चारों तरफ फैली हैं, वहीं आसमान में धुआं धुआं हो रहा है. जानकारी के मुताबिक ये हादसा रविवार देर रात फिसिंग हार्बर में रखी एक नाव में अचानक आग लगने से हुआ, जिसके बाद आग ने दूसरी नावों को भी अपनी चपेट में ले लिया. जिससे वहां खड़ी सभी नाव जलकर राख हो गई.

### आग से 40 नाव जलकर खाक

बताया जा रहा है कि इस आग में करीब 40 नाव जलकर खाक हो गई हैं. उधर हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने की कोशिश करने लगे. आग इतनी भयंकर थी कि दमकल विभाग को इस पर काबू पाने के लिए कड़ी



मशक्कत करनी पड़ी. हादसे के बाद से चारों तरफ हड़कंप मच गया. मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई.

### मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

वहीं इस मामले में डीसीपी आनंद रेड्डी का कहना है कि नाव में आग किस वजह से लगी फिलहाल ये पता नहीं चल सका है. पुलिस के मुताबिक इस हादसे में कोई भी हताहत या जख्मी नहीं हुआ है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की तफ्तीश शुरू कर दी है. उधर आग लगने से मछुआरों का काफी नुकसान होने की आशंका है.

### नाव में था डीजल और गैस सिलेंडर का टैंक

वहीं विशाखापट्टनम के ADG रवि शंकर ने बताया कि सभी नाव किनारे पर खड़ी थीं. इस दौरान कुछ लड़कों की मौजूदगी में एक नांव में आग लग गई. ADG के मुताबिक आशंका है कि लड़कों के पार्टी करने के दौरान ये आग लगी हो. उन्होंने बताया कि जिस नांव में आग लगी थी उसमें डीजल और गैस सिलेंडर का पूरा टैंक था.

# रोड पर बह रहा नाली का गन्दा पानी, संक्रमण का बढ़ा खतरा

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा शिवपुरी में स्वच्छ भारत मिशन का बुरा हश्र है। बदहाली का आलम यह है कि नालियों की सफाई नहीं होने से कीचड़ से नालियां बजबजा रही है तो कहीं नालियों से बहकर कीचड़ रास्तों पर आने से राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आज तक कभी नालियों की साफ-सफाई नहीं हुई है जिसके कारण नालियों में मच्छरों का डेरा है। ऐसे में मच्छरों व गंदगी से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका लगातार बनी रहती है। ग्राम सभा में सफाई इस कदर दम तोड़ रही है कि नालियों का गन्दा पानी रोड पर पसरा हुआ है तथा राहगीर उस कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने पर विवश हैं।

जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा शिवपुरी में स्वच्छ भारत मिशन की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उक्त गांव में नियमित साफ सफाई न होने के कारण नालियां जगह-जगह टूट गया है तथा नाली गंदगी से पूरी तरह जाम हो गई हैं। इन दिनों स्थिति यह है कि नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर रोड में बह रहा है। रोड पर एकत्र गंदे पानी व कीचड़ से उठ रही दुर्गंध के कारण



ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। गंदगी के कारण मच्छर भी पनप रहे हैं, इस कारण स्थिति और भी नरकीय हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि काफी दिनों से गांव में सफाई कर्मचारी नहीं आया है। लोगों ने बताया कि सड़क में जमे गंदे पानी से होकर आवागमन करने में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है, इस बाबत कई बार सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की गई लेकिन आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। इस संदर्भ में नौतनवां एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद का कहना है कि सफाई कर्मी को नियमित साफ-सफाई का आदेश दिया गया है लेकिन अगर सफाई नहीं हो रहा है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सावधान ! सक्रिय है साईबर ठग, बिना ओटीपी के भी पैसे निकासी की आ सकती है सूचना

**● सावधानी और सतर्कता ही है सुरक्षा का एकमात्र समाधान, ठगी के शिकार होने पर तत्काल 1930 करे डायल : निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** साईबर ठग अपने जाल में फंसाने के लिए हर दिन नए हथकंडे अपना रहे है। इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय सावधानी है अन्यथा चंद सेकंड में आपकी गाढ़ी कमाई शून्य पर पहुंच सकता है। उक्त बाते बरही के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित कंप्यूटर सेंटर सॉफ्टेक कंप्यूटर के निदेशक सह प्रमुख प्रशिक्षक जयदीप कुमार सिन्हा ने साईबर क्राइम से बचाव पर चर्चा में बताई. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया ने सबों को अपने मुट्ठी में ले रखा है। हर एक व्यक्ति इसके गिरफ्त में है। जरा सी असावधानी आपको कंगाल बना सकता है या परेशानी में डाल सकता है। ऐसे में सावधानी और सतर्कता ही सुरक्षा का एकमात्र समाधान है. लूटने के अनेक तरीके है, इनमे कुछ यह भी हो सकते है।

### लॉटरी का प्रलोभन-

अब यह पुराना तरीका हो चुका है और लगभग लोग जान चुके है. जिसमे लाखो/करोड़ों की लॉटरी जितने की सूचना देकर बैंक डिटेल्स लिया जाता है और फिर ठगी का शिकार बनाया जाता है।

### ऋण के नाम पर-

तुरंत और बिना दस्तावेज के ऋणदेने के नाम पर कई फ्राउड कॉल आते है. कई लोग इनके झांसे में आ जाते है और अपना पर्सनल इंफॉर्मेशन दे बैठते है। नतीजा ठगी के शिकार हो जाते हैं।

### पैसा ट्रांसफर

आज कल पैसा ट्रांसफर करके लूटने के भी कई मामले समाने आए है. इसके तहत पहले तो किसी कंपनी में जुड़वाया जाता है. फिर विडियो देखने या ऑडियो सुनने के नाम पर कंपनी का प्रमोशन की बात की जाती है. प्रत्येक ऑडियो या विडियो पर आपको 200 से 300 रुपए भी दिए जाते है। प्रारंभ में हजार से पंद्रह सौ रुपए आपके खाते में ट्रान्सफर भी किए जाते है। बाद में कंपनी में बने रहने के लिए दस से पंद्रह हजार सिक्योरिटी की मांग की जाती है। आप लोभ में आ जाते है और पैसे देने लगते है। फिर बर्बादी का मंजर चालू होता है और आप ऐसे फंसते है कि धीरे धीरे आपका खाता खाली होने लगता है।

### लिंक शेयर

कई बार सरकारी योजनाओं या अन्य किसी योजनाओ के नाम पर साईबर ठग लिंक क्लिक करने बोलते है. जिसे क्लिक करते ही आपका मोबाइल हैक हो जाता हैं। आपकी हर एक एक्टिविटी साईबर ठग अपने मोबाईल से कंट्रोल करते है। इसी बीच आपको पता भी नही चलेता है और आप ठगी के शिकार हो जाते है।

### डेबिट/क्रेडिट कार्ड ब्लॉक के नाम पर

कई बार बैंक अधिकारी या कर्मी बनकर डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा खाता बंद होने के कॉल किए जाते हैं. जिसे चालू करने के नाम पर आपसे डेबिट/क्रेडिट कार्ड का नंबर, पिन और ओटीपी तक ले लिया जाता है. फिर आपके खाता खाली हो जाता है।

### कस्टमर केयर बनकर

आजकल साईबर ठगों ने गूगल पर भी विभिन्न कंपनियों के नाम से फर्जी कस्टमर केयर का नंबर डाल रखा है. जिसे कॉल करते ही वह अपने झांसे में ले लेते है। फिर आपसे समस्या समाधान हेतु लिंक देकर क्लिक करवा कर पहले तो आपके मोबाइल को हैक करते है। बाद में सारा इंफॉर्मेशन भरवाते है। आपसे मात्र 1या 5 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी करवाते है. इसी क्रम में वह आपके गुप्त पिन की जानकारी ले लेते हैं और आपका पैसा उड़ा लेते है।



### पैसा निकासी का मैसेज भेजकर

यह ठगी का नया मामला सामने आया है. इसमें साईबर ठग सबसे पहले गूगल से आपके एकाउंट लिंक मोबाईल नम्बर का पता करते है। फिर उस पर आपके खाता से पूरा पैसा निकालने का मैसेज भेजकर आपको पैसा निकलने की जानकारी देते है जिससे आप विचलित होकर ठग से पैसा वापस करने का आग्रह करने लगते है। ठग आप को हजार दो हजार पैसा रखकर शेष पैसे वापसी का आश्वासन देते हुए कुछ प्रोसेस करवाता है। इसी क्रम में झांसे में लेकर या तो आपका मोबाईल हैक करता है अथवा ओटीपी शेयर करवा लेता है। आप हड़बड़ी में सब कुछ शेयर करते है, नतीजा चंद सेकंड में आपका एकाउंट खाली हो जाता है। केंद्र निदेशक श्री सिन्हा ने बताया कि साईबर ठग से बचने का एक मात्र तरीका सतर्कता और सावधानी है। किसी भी परिस्थिति में अपना गुप्त कोड/ओटीपी शेयर या अनजान लिंक पर क्लिक नही करे। जिस मोबाईल में आप ऑनलाइन कार्य करते है उस मोबाईल को कभी भी किसी को या बच्चों को नहीं दे। गुगल या ब्राउज़र में कभी भी अपना पासवर्ड सेव नही करे. मोबाईल का लॉक पिन हमेशा बदलते रहे। यदि आप ठगी के शिकार हो गए हों तो साईबर क्राइम विभाग या 1930 पर तत्काल मामला दर्ज कराए।

# जनता जानलेवा दमघोंटू वायु प्रदूषण से त्रस्त, नियंत्रण कर्ता चुनाव प्रचार में मस्त

**अयोध्या-** जीवन के लिए स्वच्छ हवा पाना हर जीव-जंतु व नागरिक का है अधिकार, निरोगी जीवन जीने के लिए कम से कम स्वच्छ सांसें तो दे दो सरकार।। दीपावली के बाद एकबार फिर से दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र में वायु प्रदूषण के चलते जहरीली धुंध की परत छाई हुई है। एकबार फिर से यह क्षेत्र वायु प्रदूषण के चलते गैस चैंबर बन गया था। हालांकि वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए दिल्ली में कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी एंड मैनेजमेंट ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (तन्न्क्क) की स्टेज - 4 को पहले से ही लागू करने के निर्देश दे रखें थे, लेकिन चंद लोगों की वजह से सिस्टम में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार के चलते धरातल पर लोगों ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (तन्न्क्क) की पाबंदियों को ठेंगा दिखाने का कार्य किया है। जिस स्थिति के चलते हुए एकबार फिर भी इस पूरे क्षेत्र में तेजी से बढ़ते वायु प्रदूषण से स्थिति बेहद गंभीर है। वैसे तो दिल्ली-एनसीआर का यह पूरा क्षेत्र पिछले कई वर्षो से तरह-तरह के प्रदूषणों से जूझ रहा है, लेकिन इस बार तो वायु प्रदूषण के चलते नवंबर माह के शुरुआती दिनों में ही यह क्षेत्र गैस चैंबर में तब्दील हो गया था। जिसके पश्चात ही वायु प्रदूषण के मसले पर सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद सरकार का सिस्टम फाइलों से निकल कर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए धरातल पर कुछ सक्रिय हो पाया था, दिल्ली की सरकार ने तो दीपावली के बाद कृत्रिम बारिश तक करवाने के बारे में विचार करना शुरू कर रखा था। लेकिन 9 नवंबर की रात को अचानक मौसम ने जबरदस्त ढंग से करवट ले ली, जिसके चलते इस क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ ठीक-ठाक बारिश हो गई और लोगों को ईश्वर की कृपा से वायु प्रदूषण से कुछ अस्थाई तौर पर फ़ौरी राहत मिल गयी थी। लेकिन 12 नवंबर को दीपोत्सव के पावन पर्व पर इस क्षेत्र में सर्वोच्च न्यायालय के पटाखे पर रोक होने के आदेश के बावजूद भी सिस्टम में बैठे चंद लोगों के मूकदर्शक बने रहने के चलते पटाखे बिक्री का काम हुआ था, जिसकी वजह से दिल्ली व एनसीआर के क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी हुई थी, जिसके चलते दीपावली के बाद एकबार फिर से दिल्ली व एनसीआर के क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर बहुत तेजी से खराब हो गया था। वायु प्रदूषण दर्शाने वाला एक्यूआई का इंडेक्स 999 तक पहुंचकर के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करने में व्यस्त हो गया था, वहीं दिल्ली की भोली-भाली जनता के कर्ताधर्ता 3.3 करोड़ जनता को पूरी तरह से भगवान के भरोसे छोड़कर के अपने आपको ईडी, सीबीआई से बचाने में व्यस्त था और बाकी समय में वह राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार करने में दिन-रात बेहद व्यस्त था।

हालांकि देश के विभिन्न राज्यों की जनता इस वर्ष दीपावली के पहले से ही वायु प्रदूषण से परेशान रही है, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में ही तेजी से बढ़ते हुए गंभीर प्रकृति के वायु प्रदूषण ने दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र को तो गैस चैंबर बनाकर रख दिया है, जो स्थिति किसी भी प्रकार के जीवन के लिए बेहद घातक है। वैसे तो हमारे प्यारे देश में वायु प्रदूषण का आलम यह हो गया है कि अब तो शहर व गांव में भी घर के अंदर भी पिछले कुछ समय से जानलेवा दमघोंटू वायु प्रदूषण अब लोगों की अनमोल जान लीलने लग गया है, देश की जनता जल-थल-वायु के विभिन्न प्रकार के प्रदूषण की मार से अब बेहद त्रस्त हैं। वायु प्रदूषण की इस भयावह स्थिति पर डॉक्टरों के विचार हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते गंभीर प्रकृति की स्वास्थ्य समस्याओं का जबरदस्त जोखिम बना हुआ है, जिसके चलते बच्चे, नौजवान, बुजुर्गों में तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याएं नज़र आ रही हैं। लोगों में सिरदर्द, तनाव, चिंता, चिड़चिड़ापन, सांस संबंधित समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। वायु प्रदूषण के चलते लोगों की आंखों में तेज जलन, आंखों से पानी बहना, सांस लेने की दिक्कत व सांस फूलने की दिक्कत आदि की समस्याएं आम होती जा रही हैं और ऐसी स्थिति में भी हमारा सिस्टम मूकदर्शक बनकर बैठा है। इस स्थिति पर डॉक्टर कहते हैं कि अगर वायु प्रदूषण की स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो सांसों पर लगा यह आपातकाल आने वाले दिनों में लोगों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो सकता है, गंभीर प्रकृति के वायु प्रदूषण की वजह से लोगों में तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो सकती हैं, लोगों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है, लोगों में बेचैनी की समस्या बढ़ सकती है, लोगों को गंभीर तंत्रिका तंत्र की समस्याओं से जूझना पड़ सकता हैं। जिस तरह से लोगों के बीच सांस संबंधित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, फेफड़ों का कैंसर तेजी से बढ़ता जा रहा है, तरह-तरह के गंभीर रोग लोगों के बीच तेजी से पैर पसार रहे हैं, उस स्थिति के लिए वायु प्रदूषण भी काफी जिम्मेदार है और हम अब भी तमाशबीन बनकर के केवल तमाशा देख रहे हैं?। वायु प्रदूषण के इस तरह के हाल पर शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा संकलित किये गये आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के लोग जिस खराब गुणवत्ता वाली वायु में सांस लेते हैं, उसके चलते इन लोगों का जीवन 11.9 वर्ष तक कम हो सकता है और अगर वायु प्रदूषण की यह स्थिति इस तरह ही बनी रही, तो वर्ष दर वर्ष लोगों के जीवन पर यह खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

हालांकि इस वर्ष जब देश की राजधानी दिल्ली व एनसीआर का पूरा क्षेत्र अचानक से गैस चैंबर बना था, तो शुरुआत में अधिकांश लोगों को लगता था कि आम जनमानस के सांसों की इस बेहद गंभीर समस्या को देखकर के देश व राज्यों के सभी नेता, कर्ताधर्ता, सिस्टम व नीति-निर्माता तुरंत ही समस्या की गंभीरता को देखते हुए सक्रिय होकर के तत्काल प्रभाव से जनता के स्वास्थ्य को बचाने के लिए धरातल पर कुछ स्थाई व कुछ तात्कालिक प्रभावी कदम उठाकर के लोगों के सांसों की समस्या पर लगे बंधन को हटाएंगे। लेकिन बेहद अफसोस की बात यह है कि दिल्ली व एनसीआर के क्षेत्र में तो प्रदूषण के नियंत्रण के लिए तो काम-कम हुए हैं, हां नकारात्मक राजनीति भरपूर ढंग से हुई है। इस ज्वलंत मुद्दे पर भी ताकतवर राजनेताओं ने सिवाय जुबानी जंग व एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने और अपनी जिम्मेदारी को दूसरे राज्य पर डालने के अलावा अभी तक तो कोई ठोस प्रभावी स्थाई कदम धरातल पर उठाने का कार्य नहीं किया है। जबकि विचारणीय तथ्य यह है कि जानलेवा वायु प्रदूषण पर पिछले कुछ वर्षों से निरंतर सर्वोच्च न्यायालय की नजर बनी हुई है, लेकिन उसके बावजूद भी आंकड़ेबाजी में माहिर हमारे देश का सिस्टम सर्वोच्च न्यायालय की आंखों में भी सिवाय धूल झोंकने के अलावा धरातल पर कुछ ठोस नहीं कर रहा है। यह स्थिति आज उस हालात में भी बेख़ौफ़ चल रही है जब देश की राजधानी समेत देश के अन्य कुछ भागों में एक्यूआई आसमान छू कर नित-नए रिकॉर्ड बना रहा है?।

लापरवाही का आलम यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व में दिये गये आदेश के द्वारा दिल्ली में पूर्व में स्मॉग टावर लगे थे, हाल ही में जब सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी सुनवाई के दौरान दिल्ली के वायु प्रदूषण के बारे में जानते हुए पूर्व में लगाये गये स्मॉग टावर के बारे में पूछा तो पता चला कि 23 करोड़ की लागत से बने हुए यह स्मॉग टावर अब शोपीस बनकर बंद खड़े हैं, जिसके बाद स्मॉग टावर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने बेहद तल्ख टिप्पणी की थी, लेकिन उसके बाद से ही इस मसले पर भी दिल्ली सरकार व एलजी कार्यालय के बीच आरोप प्रत्यारोप चल रहे हैं। वहीं पिछले वर्ष तक तो दिल्ली के कर्ताधर्ता इस गंभीर वायु प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के किसानों के द्वारा खेतों में जलाएं जाने वाली पराली को जिम्मेदार ठहरा कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेते थे, लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि अब



पंजाब में भी अपनी पार्टी की सरकार होने के चलते इस वर्ष दिल्ली सरकार के कर्ताधर्ता हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकार पर दोषारोपण करते हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार करने में व्यस्त हैं, ईडी व सीबीआई से खुद को बचाने में व्यस्त हैं। दीपावली के बाद तो हद ही हो गयी है दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री गोपाल राय तो इस गंभीर प्रकृति के वायु प्रदूषण को भाजपा की साज़िश बताने लग गये हैं, वह दिल्ली के वायु प्रदूषण के लिए उत्तर प्रदेश व हरियाणा में चले पटाखों को जिम्मेदार ठहराकर, बड़ी ही चतुराई से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। खैर जो भी है दिल्ली में वायु प्रदूषण नियंत्रण हो या ना हो, लेकिन यह तय है कि इस ज्वलंत मसले पर हर दल अपने स्वार्थों के हिसाब से पूरा राजनीतिक लाभ हासिल अवश्य करना चाहता है। किसी को भी आम जनमानस के स्वास्थ्य की फ़िक्र नहीं है, तब ही तो देश की जनता आज जल, थल व वायु के जहरीले प्रदूषण को झेलते हुए जीवन जीने के लिए मजबूर है और गंभीर प्रकृति के रोगों की चपेट में आकर के जीवन जीने के लिए संघर्षरत है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## धूमधाम के साथ छठ माता के मुर्ति का हुआ विसर्जन



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सेवतरी छठ घाट पर रविवार को छठ पर्व के अवसर पर ग्रामीण मदनलाल के द्वारा छठ मैया के मुर्ति का आयोजन किया गया था। जलाशय के बीच स्थापित माता छठ की मुर्ति काफी आकर्षण का केंद्र रहा। व्रती महिलाएं व परिजन छठ माता के मुर्ति के समक्ष नतमस्तक होकर छठ मैया से सर्वसमाज के कल्याण हेतु आशीष मांगा। सोमवार की सुबह 6¬40 बजे व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय व्रत का समापन किया। तत्पश्चात अधिक संख्या में व्रती महिलाएं एवं श्रधालुओं की भीड़ छठ मैया की मुर्ति विसर्जन के लिए उमड़ पड़ी। गाजे-बाजे के साथ डीजे धुन पर थिरकते हुए ग्रामीणों ने छठ मैया के मुर्ति को सर्वसमाज के कल्याण हेतु पूरे गांव में भ्रमण करवाते हुए बघेला नाले में छठ मैया के मुर्ति को विसर्जित कर दिया। इस दौरान मदनलाल अग्रहरि, अमित अग्रहरि, राहुल अग्रहरि, विजय पटवा, मंटूलाल अग्रहरि, रामप्रवेश सिंह, जितेन्द्र, दुर्गेश समेत भारी संख्या में व्रती महिलाएं एवं श्रधालु मौजूद रहे।

## अवैध गाँजे के साथ युवके गिरफ्तार

**अंबेडकर नगर।** हंसवार पुलिस ने एक युवक को अवैध गाँजे के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्र अपने हमराही के साथ गस्त पर थे। तभी रांगेय राघव स्कूल से गाजीपुर की तरफ एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में जा रहा था। पुलिस को देखकर छुपाने का प्रयास करने लगा शंका होने पर पुलिस ने आगे जाकर गाड़ी रोक दिया। पुलिस को देख कर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया।पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शान्तनु उर्फ अतुल मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा निवासी बहाउद्दीनपुर के रूप में हुई । पुलिस की तलाशी लेने पर उसके हाथ से बरामद झोले में 586 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

## अदालती नोटिस

**हेतु संदर्शित करने का सूचना**
**(साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज सक्षम महोदय फैजाबाद**

स 0प्रा0 वाद संख्या 04/2022
श्री मती सरोज
बनाम
उ0प्र0 राज्य आदि
1- राज्य उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर जन. अयोध
2- ग्राम पंचायत इनायत नगर द्वारा ग्राम प्रधान परगना पश्चिमराठ, तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या
3- जगजीवन प्रसाद उर्फ रामजगजीवन पुत्र स्व. रामलखन साकिन ग्राम इनायतनगर, कोटवा, परगना पश्चिमराढ, तहसील मिल्कीपुर
4- हर आमखास ग्राम इनायतनगर, परगना पश्चिमराठ, तहसील मिल्कीपुर, जनपद अयोध्या

**विपक्षीगण**
**तारीख पेशी-** 30-11-2023

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी (वादी) ने इस न्यायालय आवेदन किया है कि प्रकाशन द्वारा अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2023 के माह 11 के 30 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाहन में स्वयं या संपर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने से असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय का मुद्रा सहित आज सन 2023 के माह के दिवस को निकाली गयी।

**द0 हाकिम**

## खोया पाया

फर्म ज्ञान एंड ब्रदर्स मेडिकल एजेंसी नवाबगंज से चार फॉम नंबर 38 2664733 2664737/2664738 एंव 2664739 तथा तीन फॉम सी नम्बर 0958201/0958202 तथा 0958203 वास्तविक खो गए हैं। किसी के द्वारा भी इसका प्रयोग किया जाना अवैध होगा फॉर्म स्वामी प्रेमपाल।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन



**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज।** उगते हुए सूर्य को अ?र्घ्य देने के लिए सोमवार को जिले भर में स्थित छठ घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उगा हो सुरूजदेव..., उगी हे दीनानाथ... सहित अन्य भक्ति गीतों के बीच घाटों व पोखरों पर व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अ?र्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महापर्व की पूजा संपन्न की। परिजनों के साथ भोर में ही नए वस्त्र पहन व सामग्री लेकर छठ पूजा स्थल पर पहुंची व्रती महिलाओं ने दीप प्रज्जवलित कर पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया तथा उदीयमान सूर्य को अ?र्घ्य देने के बाद चढ़ाए गए दूध के धार के साथ पूजा का सफल समापन हुआ। छठ महापर्व के चौथे व अंतिम दिन भोर में व्रती महिलाएं पूजन में प्रयोग किए जाने वाले सभी सामग्री को बांस की टोकरी में रखकर परिजनों के साथ छठ घाटों पर पहुंची। घाट पर पहुंचने के बाद व्रती महिलाओं ने अपने वेदी पर दीपक जलाया तथा उसके बाद पूजन सामग्री लेकर पानी में चली गई तत्पश्चात भगवान सूर्य के उदय होने का इंतजार करने लगी।

सुबह साढ़े छह बजे जैसे ही सूर्य देव ने अपना दर्शन दिया महिलाओं ने उन्हें अ?र्घ्य देते हुए घर में खुशहाली व समृद्धि की कामना की। महिलाएं पूजा समाप्त होने के बाद अपने वेदी पर पहुंची तथा लोगों को प्रसाद वितरित किया। परिजन व बच्चे सामान को एकत्रित कर घर जाने की तैयारी में जुट गए। नौतनवां क्षेत्र के श्यामकाट, सोनौली, नौतनवां, मिश्रौलिया, सेखुआनी, परसामलिक, निपनिया, शिवपुरी, सेवतरी, झिंगटी समेत तमाम अन्य छठ घाट पर रविवार की सायं की तुलना में सोमवार की सुबह अधिक भीड़ देखी गई। घाटों पर बज रहे मधुर भक्तिगीतों ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। कुछ जगहों पर पर्व के उत्साह में लोग झूमते हुए नजर आए। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सेवतरी के छठ घाट पर स्थापित छठ माता का प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा। व्रती महिलाएं व उनके परिजन छठ घाट पर पहुंचते ही प्रतिमा के सम्मुख धूप-दीप जलाकर छठ माता से तथा बगल में मौजूद शिव मंदिर में भगवान शिव की अराधना व पूजन कर मनवांछित फल मांगी। समाजसेवियों द्वारा स्टाल लगाकर मुफ्त में चाय व हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो जिसको देखते हुए सेवतरी चौकी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई।

# बड़े धूमधाम से मनाया छठ पूजा पर्व

**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकर नगर।** जिले के विकास खण्ड जहांगीरगंज अन्तर्गत बभनपुरा पीकिया नदी में महिलाएं छठ पूजा में भगवान सूर्यदेव की अराधना की जाती है।छठ का त्योहार मनाया जाता है।छठ की शुरुआत नहाय खाय से होती है।आज छठ के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जा रहा है। और वही डीजे के धुन पर नाचते दिखे लोग।अम्बेडकर नगर जिले के सभी घाट बिडहर घाट कम्हारिया घाट चांडीपुर घाट गांव सिध्दनाथ मे घाघरा नदी में सभी घाटों तलाबो पर सूर्य देवता को अर्घ्य देने की ।छठ पूजा का संध्या अर्घ्य। छठ पर्व 17-20 नवंबर 2023 तक है।आज षष्ठी तिथि पर 19 नवंबर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा । वहीं और 20 नवंबर को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत संपन्न होगा।छठ पर्व पर व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है और कठोर नियमों का पालन भी करती है।इसलिए छठ को सबसे कठिन व्रतों में एक माना गया है।छठ के इस महापर्व की शुरुआत नहाय खाय से होती है। और दूसरा दिन खरना, तीसरा दिन अर्घ्य और चौथा दिन पारण दिया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार।कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन व्रती महिलाएं छठ का व्रत रखती हैं।इस दिन महिलाएं शाम को किसी नदी या तालाब में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं।ये अर्घ्य पानी में दूध डालकर दिया जाता है।सूर्यास्त के समय व्रती महिला के साथ परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहते हैं।साथ ही इस दिन इस दिन बांस से बनी टोकरी सूप उसमें फल, ठेकुआ, गन्ना, नारियल, फूल, चावल के लड्डू, मूली, कंदमूल आदि रखकर पूजा की जाती है। छठ पूजा के दिन व्रती के साथ घर के अन्य लोग भी सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं।इस मौके पर नितेश निषाद राम पांडे विकास डीजे किछौछा वाले आकाश पटेल अभिषेक पांडे दीपक कुमार सुनील कुमार राहुल पंकज पांडे सहित ग्रामीण महिलाएं आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम के आदर्श पर चले युवाः असलम अब्बास

**स्वतंत्र प्रभात**

**अंबेडकरनगर।** विकास खण्ड बसखारी के अंतर्गत ग्राम सभा मसडा मोहनपुर में श्री रामलीला समिति का शुक्रवार की रात्रि में रामलीला का उद्घाटन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद श्री अब्बास ने श्री रामलीला समिति का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असलम अब्बास ने कहां की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज को एक नई दिशा देने का कम करें इस दौरान समिति के अध्यक्ष जनार्दन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन शुभम कसौधन ने किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने उद्घाटन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम समाज के आदर्शो प्रेरणा स्रोत है पितृ प्रेम एवं कुटुंब जनों के स्नेह के साथ सभी के साथ प्रेम करने के आदर्श से हमें सीख लेनी चाहिए। रामलीलाओं का मंचन तभी सार्थक साबित होगा। रामलीला के पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने नारद मोह और रावण अत्याचार का कुशल मंचन किया। रामलीला को देखने के लिए आसपास के गांवो से सैंकड़ों लोग आये हुये थे। इस दौरान शिवनाथ जायसवाल, पवन जायसवाल, अछय कुमार, पवन मौर्य मंशाराम चौहान, पंकज शर्मा के साथ रामलीला के पदाधिकारि मौजूद रहे।

# राया पटाखा कांडः 8 दिन में 11 मौतें, हे प्रभु अब तो रहम करो

**● नौहझील में एक ही परिवार में चार मौतों से कस्बे में कोहराम**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** हे प्रभु अब तो रहम करो। बस यही पंक्ति कस्बा नौहझील के हर व्यक्ति की जुबान से निकल रही हैं। एक ही परिवार में चार मौतों से कस्बे में कोहराम मच गया है। मोहन सिंह के परिवार में मौतों का सिलसिला अनवरत जारी है। सोमवार को एम्स हॉस्पिटल दिल्ली में राया अग्निकांड का शिकार हुए रिंकू ने भी दम तोड़ दिया। रिंकू की मौत का दुखद समाचार उसके परिवार के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं है। दीपोत्सव पर्व पर कस्बा नौहझील के मोहन सिंह और उनके बच्चे आतिशबाजी का सामान बेच रहे थे। शायद उन्होंने कभी सोचा भी न होगा की यह दीपावली उनके लिए काल बनकर आई है। राया के पटाखा बाजार के अग्निकांड को नौहझील का यह परिवार ही नहीं बल्कि पूरा कस्बा कई दशकों तक कभी नहीं भूलेगा। मोहन सिंह और उसके तीन बेटे राजेश, रिंकू और जतिन पटाखा बाजार की उस आग में बुरी तरह झुलस गए थे। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल मथुरा ले जाया गया। वहां से उन्हें एम्स हॉस्पिटल दिल्ली रेफर कर दिया गया। बड़े अस्पताल में इलाज चल रहा था तो घर वालों को उम्मीद थी कि यह लोग जल्द ठीक होकर घर आएंगे। मगर भगवान को कुछ और ही मंजूर था। गुरुवार को मोहन सिंह के मंझले बेटे राजेश का अंतिम संस्कार हुआ। अभी राजेश की मां फूलवती अपने बेटे की मौत से संभल भी नहीं पाई थी कि अगले दिन ही उसके पति मोहन सिंह की मृत्यु का समाचार आ गया। मोहन सिंह का अंतिम संस्कार हुआ। उसके बाद फिर अगले



मृतक युवक रिंक का फाइल फोटो।

दिन मोहन सिंह के चाचा बाबूलाल के नाती राहुल की मौत के समाचार ने तो मानो सबको झकझोर कर रख दिया। सबको उम्मीद थी कि मोहन सिंह के बेटे रिंकू और जतिन अस्पताल में मौत से चल रही जंग को जीत लेंगे मगर रिंकू भी जिंदगी से जंग लड़ते लड़ते सोमवार को हार गया। रिंकू का शव पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम घर आया, जहां परिजनों द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# राया अग्किांड के पीड़ित परिवारों की रालोद ने की हिमायत

**●मृतकों को 20 लाख, घायलों को पांच लाख रुपये मुआवजे की मांग**

**जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**



राया अग्निकांड के पीडितों के पक्ष में ज्ञापन सौंपते रालोद कार्यकर्ता।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** राया आतिशबाजी कांड को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने सोमवार को ज़िलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। रविवार को मुख्यमंत्री मथुरा में थे इस दौरान भी राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने मुख्यमंत्री को सीधे ज्ञापन देने का प्रयास किया था लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचने नहीं दिया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने मुख्यमंत्री तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया था। राया कांड को लेकर ही कांग्रेसी भी ज्ञापन देना चाहते थे। इस अग्निकांड में करीब 15 से अधिक लोग झुलसे हैं। जबकि अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि दीपावली के त्योहार पर लगने वाले आतिशबाजी बाजार में राया कस्बे में अचानक ही आग लगने एव विस्फोटक की वजह से एक वीभत्स घटना घटित हुई है। उसमे आर्थिक नुकसान के साथ ही भारी जनहानि हुई उस विषय में राष्ट्रीय लोक दल मथुरा निम्नलिखित मांग करता है। दुर्घटना में दस व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। इस विषय में राष्ट्रीय लोक दल मथुरा मांग करता है कि मृतक के परिवार को मृतक संख्या के अनुसार बीस बीस लाख रुपया कम से कम मुआवजा दिया जाए। घायलों को पांच पांच लाख रुपया का मुआवजा दिया जाए। आतिशबाजी बाजार को लाइसेंस देने और सुरक्षा प्रदान न करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही गंभीरता से की जांच की जाए एवं उनके विरुद्ध सख्त से सख्त प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। लाइसेंस के साथ विस्फोटक बीमा लाइसेंस की धनराशि का भुगतान पीड़ितो को किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से कुंवर नरेंद्र सिंह, डॉ. अशोक अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चेतन मलिक, नरेंद्र एड., गौरव मालिक, बबीता देवी, युवा जिलाअध्यक्ष अमित गुर्जर, धीरज चौधरी, बच्चन पहलवान, डॉ. महावीर सिंह, हकीम सिंह, सोनू रावत, देवा पहलवान, पप्पन सिंह, मोतीराम बौद्ध, डॉ. सतीश चंद्र, संजय शर्मा, डॉ. प्रभात, निशान चौधरी, राकेश चौधरी, विश्वेंद्र सिंह, हर्ष चौधरी, मो. वसीम उपस्थित रहे।

# 35 वर्ष से सरकारी भूमि को भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे जनौरा निवासी- राजेश सिंह मानव

**स्वतंत्र प्रभात**

**अयोध्या –** अयोध्या तहसील सोहावल थाना रौनाही अन्तर्गत राजस्व ग्राम देवई भूमि खसरा/गाटा संख्या 1795 रक्बा 0.1900 है0 व 1782 रक्बा 0.1140 हे0 तालाब के खाते की भूमि है और राजस्व अभिलेखों में भी तालाब दर्ज है जिस पर लैण्डजिहादी दबंग भू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जिससे शासन के तालाब संरक्षण की मंशा विफल हो रही है साथ ही जनहित की अपूर्णनीय क्षति है माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा भी तालाब की भूमि को अवमुक्त कराने के लिए की विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए है, पर दबंगों के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों एवं राज्य सरकार, के द्वारा समय-समय पर जारी किए गए शासनादेशों का उल्लघन करते हुए अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर राष्ट्र विरोधी क्रियाकलापों का प्रशिक्षण भी चलता है और बाहरी अराजक तत्वों व अज्ञात व्यक्तियों का आवागमन व प्रवास का अड्डा है जिससे क्षेत्र व आस-पास के गाँवों मे किसी अप्रिय घटना की आशंका अनवरत बनी है। उक्त दबंगों के दहशतगर्द कारनामों व दुर्मत्रणा से जनमानस अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जी से माँग की है कि लैण्डजेहादी, दबंग भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे राष्ट्रविरोधी क्रिया कलापों व गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कराने व तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे को अवमुक्त करवाने का निर्देश प्रदान कर जनमानस मे व्याप्त दहशत व आतंक को समाप्त किया जाना अति आवश्यक है ।

# दबंग द्वारा महिला की भूमि व मकान पर किया जा रहा कब्जा, पीड़ित महिला बच्चें को गोद में लेकर न्याय के लिए अधिकारियों के कार्यालयों की लग रही चक्कर

**स्वतंत्र प्रभात**

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत कुचेरा बाजार में महिला के बैनामा सुदा जमीन व मकान पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला न्याय की न्याय के लिए वर्षों से तहसील व जिले के अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रही है। उधर दबंगों द्वारा जबरिया निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के तहत विशेष अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा की व्यवस्था कर रही है। वहीं दूसरी ओर कुचेरा बाजार में महिला के बैनामा सुदा भूमि व मकान पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। पीड़ित गुडिया तिवारी पत्नी मनोज तिवारी निवासी कुचेरा बाजार पूरे डीह ने एसडीएम, जिलाधिकारी, एसएसपी सहित मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि कि उनके ससुर राम कृपाल गाटा संख्या 748 रकबा 0.2800 हेक्टेयर में सह खातेदार है। उनके द्वारा बेटे 25 अगस्त 2021 को उक्त भूमि पर बने अपने अंश का भूमि मकान का रजिस्टर्ड बैनामा उनके पक्ष में कर दिया गया था। बैनामा सुदा मकान की चौहद्दी भी दस्तावेज में दर्ज है। लेकिन कुचेरा बाजार निवासी दबंग दिलीप कौशल व प्रदीप कौशल द्वारा दबंगई के बल जबरिया निर्माण किया जा रहा है। पीड़ित गुडिया तिवारी का आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद भी दिलीप




कौशल और प्रदीप कौशल द्वारा उनके बैनामा सुदा मकान में भूमि को दबंगई के बल पर कब्जा कर रहे हैं, मना करने पर गली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं जब मैं शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों के पास व थाने पर जाती हूं तो वहां से मुझे भगा देते हैं।

# सवधानः सॉस के नाम पर धीमा जहर तो नहीं खा रहे आप!

**● बच्चों से लेकर बड़ों तक की सेहत है दांव पर, जिम्मेदार मौन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** चाउमीन की ठकेल से लेकर बच्चों के लंच बॉक्स में आप को सॉस मिल ही जाएगा। कान्हा की नगरी में बहुतायत में जो सॉस बिक रहा है वह आपकी सेहत खराब कर सकता है। लोग इस बात को लेकर अब चिंतित हैं कि कहीं वह सॉस के नाम पर धीमा जहर तो नहीं खा रहे हैं। अपने पाल्यों की सेहत की चिंता भी लोगों को सताने लगी है। खुद खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही ने ही लोगों की शंकाओं की पुष्टि कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने चंद सॉस के कारखानों तथा सॉस विक्रेताओं पर छापा मार कार्यवाही की तो हकीकत सामने आ गई। विभाग ने चंद घंटों की कार्यवाही में ही 3000 किलोग्राम मिलावटी सॉस नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सौस बनाने के विभिन्न कारखानों तथा विक्रेताओं के यहां छापा मार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा गौर केंद्र स्थित श्री



मिलावटी सॉस को नष्ट कराती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम।

कृष्णा इंटरप्राइजेज तथा भारत इंटरप्राइजेज पर कार्रवाई कर दो नमूना जांच के लिए संग्रहित किए गए। साथ ही निरीक्षण के दौरान दूषित मिलावटी सॉस को जिसकी मात्रा लगभग 2000 किलोग्राम थी को मौके पर नष्ट कराया। उसके बाद टीम मानसी फूड सॉस कारखाना पर पहुंची जहां निरीक्षण उपरांत नमूना संग्रहित करते हुए लगभग 800 किलोग्राम मिलावटी सौस को नष्ट कराया गया। टीम द्वारा भरतपुर गेट तथा मंडी चौराहे के आसपास सॉस विक्रय करने वाले विक्रेताओं के यहां छापा मार कार्वाई करते हुए लगभग 800 किलोग्राम मिलावटी घटिया किस्म की सॉस को जब्त पर मौके पर नष्ट कराया गया। सभी कारोबारी को निर्देशित किया गया है कि यदि उनके द्वारा घटिया किस्म की खाद्य सामग्री का विनिर्माण कर विक्रय किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। कार्रवाई



**सभी खाद्य कारोबारियो से अपील है कि घटिया किस्म एवं मिलावटी सौस तथा अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय ना करें यदि उनके द्वारा विक्रय किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्वाई अमल में लाते हुए उनके खाद्य लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।**

**-डॉ. गौरी शंकर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा**

के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस एस निरंजन एवं दलवीर सिंह उपस्थित रहे।

**मोनो सोडियम ग्लूकोमेट से बढाया जा रहा स्वाद**

मंडी परिसर में स्थित किराने की दुकानों की तलाशी के दौरान स्वाद को स्टिम्युलेट करने वाले मोनो सोडियम ग्लूकोमेट अर्थात एमएसजी जो बच्चों के लिए नुकसानदेह है को जब्त कर जिसकी मात्रा 200 किलोग्राम थी मौके पर नष्ट कराया गया।

# कान्हा की नगरी में उत्साह से मनाया हाथी वध महोत्सव

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** कुबलिया पीड़ हाथी वध महोत्सव समिति ने हाथी वध महोत्सव मनाया। जिसमें कृष्ण-बलदेव शोभायात्रा स्वामी घाट से प्रारंभ होकर मंडी रामदास होती हुई हाथी वध स्थल पोतरा कुंड पहुंची। यहां पर कृष्ण बलदेव स्वरूपों ने हाथी के प्रतीक का संहार किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कृष्ण-बलदेव की जय जयकार की।वहीं समिति के मार्गदर्शक राज नारायण गौड़ व अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी ने बताया ने बताया द्वापर युग में मथुरा के राजा कंस ने युद्ध कौशल में प्रवीण कुबलियापीड़ हाथी को कृष्ण और बलराम के वध के लिए चुना था। इस परोक्ष युद्ध के लिए पहले कृष्ण और बलराम को मथुरा बुलवाया गया और फिर युद्ध हुआ। वहीं समिति के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया गर्ग संहिता में इस बात का उल्लेख है कि कंस ने कुबलियापीड़ हाथी जरासंध से बतौर उपहार हासिल किया था। इस हाथी की ये



खासियत थी कि ये अपने असीम बल से अपने शत्रु को कुचल कर मार देता था। कंस ने कृष्ण और बलराम के वध के लिए इस हाथी को चुना। वहीं श्याम शर्मा ने बताया कि कुबलियापीड़ा हाथी वध महोत्सव समिति द्वारा साढ़े पांच हजार साल पुरानी इस लीला को आज भी उत्साह के साथ जीवंत किया जाता है।वहीं समिति के महामंत्री अभिषेक शर्मा ने कहा भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की शोभायात्रा निकाली जाती है और प्रतीकात्मक हाथी का वध किया जाता है। वहीं श्री कृष्ण बलराम जी का बामन भगवान महोत्सव समिति व कालिंदी हैंडीक्राफ्ट द्वारा श्री कृष्णा बलराम की आरती कर प्रसाद वितरण किया। मुख्य संरक्षक राज नारायण गौड़, राजीव शर्मा, प्रवक्ता श्याम शर्मा, समिति के अध्यक्ष रमा कांत गोस्वामी, मेला संयोजक अजय सैनी, पंकज शर्मा, अभिषेक शर्मा,अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा,विपिन ओझा, दाऊ दयाल शर्मा, संजय पिपरौनिया, रामगोपाल शर्मा , सोहनलाल शर्मा, घनश्याम हरियाणा, धनंजय भारद्वाज, लवलेश वर्मा, अंकित शर्मा, विजय शर्मा पार्षद, पंकज चतुर्वेदी, संजय हरियाणा, मुकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, छाया गौतम, सचिन शर्मा, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रसखान समाधि पर छात्रों ने लगाई छाया चित्र प्रदर्शनी

**स्वतंत्र प्रभात**


**मथुरा।** सोमवार को महावन में स्थित रसखान समाधि पर विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई आगरा द्वारा छाया चित्र प्रदर्शनी के साथ के साथ साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जीएल एवं यूनिवर्सिटी मथुरा के प्रतिकुलपति डॉक्टर अनूप कुमार गुप्ता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में गुरू कार्ष्णि इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज तथा रमनलाल शोरावाला इंटर कॉलेज के कुल 100 प्रतिभागियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। रमनलाल इंटर कॉलेज की अंकिता ने प्रथम पुरस्कार तथा गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज की उमा कुशवाहा ने



द्वितीय, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज की सुहाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रमनलाल शोरावाला इंटर कॉलेज तथा गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। छात्र छात्राओं को स्मारक भ्रमण कराया गया। जीएलए यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति ने विश्व धरोहर सप्ताह के महत्व को समझाया तथा गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विश्व धरोहर सप्ताह पर विचार व्यक्त किये। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विनोद कुमार शुक्ला, अंजलि, अनिल सोनी तथा अंजना शिरोहि ने विश्व धरोहर सप्ताह के संरक्षण पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पुरातत्व विभाग के सुभाष चंद्र ने किया। राजीव रंजन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया स इस कार्यक्रम सुशील चतुर्वेदी, लक्ष्मी, आशु आदि उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी सप्ताह में अवलोकन के लिए प्रातः 11 से सायं चार बजे तक खुली रही।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कानपुर में छठ पर्व कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया



**कानपुर।** कानपुर नगर में छठ पर्व बड़ी ही कुशलता पूर्वक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। चूंकि यह पर्व नदी, तालाब या नहर के किनारे ही मनाया जाता है इसलिए कमिश्नरेट पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर नजर रखी। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घट सके इसका पूरा तरह से ध्यान रखा। छठ पर्व के दृष्टिगत प्रभारी निरी० नजीराबाद, प्रभारी निरी० किदवईनगर, थानाध्यक्ष गुजैनी, थानाध्यक्ष अर्मापुर ने मय पुलिस बल के साथ विभिन्न घाटों पर लगातार भ्रमणशील रहकर छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराया।

### छठ पूजा पर्व पर श्रद्धालु व्रतियों द्वारा दिया गया सूर्य देव को अर्ध्य



**महमूदाबाद-सीतापुर** स्थानीय श्री संकटा देवी मंदिर सहित तहसील के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्वांचल के आस्था पर्व छठ पूजा पर आज चौथे दिन उगते सूर्य देव को अर्ध्य दिया गया। इस अवसर पर व्रतियों ने परिवार की मंगल कामनाओं की मन्नत मांगी, आज सुबह से ही छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, इस अवसर पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति भावना श्रद्धालुओं में देखा गया, आज के दिन को ऊषा अर्ध्य या पारण भी कहा जाता हैं। सूर्य देव से आशीर्वाद लेने के उपरांत व्रत धारक/धारिकाये घर पर अदरख और पानी से 36 घण्टे का व्रत तोड़ेंगे। चार दिन तक चलने वाले महापर्व छठ पूजा का आज समापन हुआ। इस मौके पर महमूदाबाद के ग्राम भुलभूलियापुर व संकटा देवी मंदिर में क्षेत्र के कई नेता भी उपस्थित रहे। भाजपा नेता मोहन बारी, अम्बरीष गुप्ता, चौधरी गुरनाम सिंह, अतुल चित्रांश, अर्जुन सिंह चौहान, सन्तोष सिंह, जितेंद्र चौहान, सुबोध चौहान, संजय चौहान, सुनील रावत, विनोद चौहान, धर्म राज चौहान सहित तमाम अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

### जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज में याचिका समिति की बैठक सम्पन्न



**कानपुर।** आज कानपुर के जीश्एसश्वीश्एमश मेडिकल कॉलेज में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की उपस्थिति में याचिका समिति की बैठक सम्पन्न हुई। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज में सम्पन्न हुई इस बैठक में सभी महानुभावो की गरिमामयी उपस्थिति रही और सभी महानुभावों ने अपने अपने विचार साझा किए। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### जिला प्रबन्धन समिति की बैठक 23 को

**हरदोई,** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ऋृचा गुप्ता ने बताया है कि जिला प्रबन्धन समिति (डी0एम0टी0), दिव्यांग बन्धु कमेटी, लोकल लेवल कमेटी, यू0डी0आई0डी0 अनुश्रवण समिति एवं जिला दिव्यांगता समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे 23 नवम्बर 2023 को सायं 05 बजे कलेक्टेऊट सभागार मे आहूत की गयी है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उक्त बैठक हेतु नियत तिथि व समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### अरणि मंथन से प्रज्ज्वलित हुई महायज्ञ की अग्नि



**पाली,हरदोई।** तृतीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिवस पर अरणि मंथन से प्रज्ज्वलित हुई महायज्ञ की अग्नि। त्रिदंडी स्वामी श्री उदयनारायणाचार्य के सानिध्य में महायज्ञ चल रहा है। तृतीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में सोमवार को आदरणीय मंथन के द्वारा महायज्ञ की दिव्य अग्नि प्रज्वलित की गई आपको बता दें कि रविवार को पूरे नगर में विराट कलश यात्रा निकाली गई थी उसके उपरांत आज मंत्र उच्चारण के साथ महायज्ञ की अग्नि प्रज्वलित करके महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। आपको बता दें कि 20 नवंबर से लेकर 24 नवंबर तक यह की पूजन का कार्यक्रम चलेगा उसके साथ-साथ दिन में कथा व्यास खुशीराम के द्वारा भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा तथा रात्रि में प्रवचन करता लक्ष्मणाचार्य के माध्यम से प्रवचन होंगे।

## खैराबाद फाउंडेशन ने "एक शाम हिरमाँ खैराबादी के नाम" शीर्षक से एक मुशायरे का किया आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**



**खैराबाद (सीतापुर)** कल रात इंडिया टूर्स एंड ट्रेवल्स लखनऊ, गंगोत्री आयुर्वेदा लखनऊ और गहना पैलेस लखनऊ के सहयोग से और प्रसिद्ध सामाजिक और साहित्यिक संस्था खैराबाद फाउंडेशन द्वारा "एक शाम हरमन खैराबादी" नामक एक भव्य मुशायरे का आयोजन किया गया। ये मुशायरा कस्बे के मोहल्ला शेख सराय स्थित हजरत बड़े मखदूम साहब की दरगाह के पूर्वी हाल में आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रसिद्ध देशी-विदेशी कवियों और शायरों ने भाग लिया। और अपने बेहतरीन कलाम से दर्शकों की वाह वाही लूटी। प्रतिनिधि चेयरपर्सन अभिषेक गुप्ता ने मोमबती जलाकर मुशायरे की शुरुआत की और कवियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक कार्यक्रम हमें अपनी परंपराओं से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष सैयद जिया अल्वी ने सभी उपस्थित लोगों को संस्था के लक्ष्य और उद्देश्यों से अवगत कराया। इसके बाद खैराबाद कस्बे के जाने-माने लेखक फरीद बिलग्रामी द्वारा लिखित एक बेहतरीन लेख हिरमां खैराबादी के जीवन पर प्रस्तुत किया गया जिस का पाठ कस्बे के शायर महबूब खैराबादी ने किया।शहर की मशहूर शायरा हिरमां आतिफ ने भी हिरमां खैराबादी के व्यक्तित्व और उनकी साहित्यिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए लेख प्रस्तुत किया। उस के बाद फर्रुखाबाद से आए सैयद हिलाल मुजीबी रज्जाकी ने अपनी बेहद मनमोहक आवाज में हिरमां खैराबादी का कलाम सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी क्रम को जारी रखते हुए शहर के सुप्रसिद्ध सूफी गायक शबी अहमद ने अपने सूफी अंदाज में हिरमां खैराबादी द्वारा लिखित ठुमरी सुनाकर पूरी महफिल में चार चांद लगा दिए। इस दौरान तारा इकबाल, साजिदा सबा, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव अजल लखनवी, आयशा अयूब, मोनिका अरोड़ा माना देहरादून सुमन मिश्रा ,रेहाना आतिफ़ को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए खैराबाद फाउंडेशन द्वारा हिरमां खैराबादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद खैराबाद फाउंडेशन ने एक नई पहल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वृक्षारोपण की अपील को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधि चेयरपर्सन अभिषेक गुप्ता ने फूलों की जगह एक पौधा दिया और फाउंडेशन ने वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की. इन समारोहों के बाद महफ़िल मुशायरा का आरंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबरेली से आई विश्वविख्यात शायरा तारा इकबाल ने की और निजामत का फर्ज अदा किया मशहूर नाजिम मुशायरा आयशा अयूब ने। मुशायरा की अध्यक्ष तारा इकबाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि ऐसे साहित्यिक कार्यक्रम हमारे शहर की साहित्यिक पहचान को जिंदा रखे हुए हैं. साथ ही उन्होंने खैराबाद फाउंडेशन की इस मुहिम में ऐसी गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहर की साहित्यिक विरासत और उससे जुड़ी शख्सियतों का जिक्र किया जाता है. और जिससे कस्बे के लोगों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लोगों को खैराबाद कस्बे के गौरवशाली अतीत के बारे में पता चल रहा है और नई पीढ़ी को भी इससे बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। ऐसे साहित्यिक कार्यक्रम हमारे देश की गंगा-जिमनी संस्कृति का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही वे पूरे देश को एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं।उनके बाद अफजल यूसुफ ने अपनी गजल से गजल के दौर की शुरुआत की। फिर देर रात तक सिलसिला चलता रहा जिसमें राम प्रकाश बेखुद, मुहम्मद अली साहिल, संजय मिश्रा हमनवा, तारा इकबाल, इकबाल बासवानी, तनवीर इकबाल बिसवानी, साजिदा सबा, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ÷अज्ल÷, सुमन मिश्रा, फैज खमार बाराबंकी, मोनका अरोरा मन, आयशा अयूब, शाहबाज तालिब, यासीन इब्न उमर, नदीम सीतापुरी, मोईन अल्वी खैराबादी, महबूब खैराबादी, कमर खैराबादी, हाफिज मसूद महमूदाबादी, कारी आजम जहांगीराबादी, जियाउद्दीन जिया, गुहर खैराबादी, अजीज खैराबादी, रेहाना आतिफ, मजाज सुल्तानपुरी। राजेंद्र रंचक, विवेक मिश्र, राज खैराबादी, इकरार खैराबादी ने एक से बढ़कर एक शब्द प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. और खूब तारीफें बटोरीं।

## 23 नवंबर को होगी विशाल निशान यात्रा व भजन संध्या

**स्वतंत्र प्रभात**

**महमूदाबाद-सीतापुर** स्थानीय श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में आगामी 23 नवंबर 2023 को महमूदाबाद नगर में खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी तथा स्थानीय ठठेरी बाजार में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन मनाया जाएगा और बाजार चौराहे पर रात्रि में भजन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। विदित हो कि महमूदाबाद नगर में द्वितीय बार निशान यात्रा व खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति के महामंत्री विजय प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस बार महमूदाबाद के रामकुण्ड चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 11ः00 बजे से निशान यात्रा प्रारंभ होगी जो रामकुण्ड चौराहे से चलकर दुर्गा मंदिर होते हुए बस स्टॉप होते हुए चिकमंडी चौराहे होते हुए वापस ठठेरी बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर पहुंचेगी जहां पर श्याम प्रेमियों द्वारा मंदिर में निशान समर्पित किए जाएंगे। निशान समर्पण के उपरांत श्याम बाबा का बर्थडे केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा व प्रसाद वितरित होने के उपरांत स्थानीय बजाजा चौराहे पर ही विशाल भजन संध्या का आयोजन 7ः30 बजे से किया



जाएगा। उन्होंने श्याम प्रेमियों से अपील की है कि खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर आयोजित महोत्सव में श्रद्धा भक्ति व लगन से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये। भजन संध्या में गायक कलाकार जो कि उपस्थित रहेंगे।

## तीन लोगों 65 लाख की से ठगी करने वाले वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** आज पुलिस को एक वारंटी अभियुक्त जिसने कार दिलाने के नाम पर 5 लाख और विधिवा से शादी करने के नाम पर 25 लाख रुपए हड़पे थे पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि गुप्ता पुत्र शिवराम गुप्ता निवासी आवास विकास हंसपुरम जिसने चकेरी में मकान दिलाने के नाम पर एक ट्रांसपोर्टर से 35 लाख रुपए की ठगी की थी। इसके बाद नौबस्ता थाना क्षेत्र में एक पुरोहित से कार दिलाने के नाम पर ठगी की। विधवा से शादी करने के नाम पर 25 लाख रुपए हड़पे थे। उक्त अभियुक्त को पकड़ने के लिए उप निरीक्षक थाना नौबस्ता प्रदीप सिरोही मय हमराह का. सुरेन्द्र सिंह के साथ उसके हंसपुरम स्थिति निवास पर दबिश देने जा रहे थे तभी दूसरी पुलिया के पास अभियुक्त दिखाई दे गया। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया और



आगे की विधक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## मिशन महिला शक्ति के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई.** बालिकाओं को कैसे अपनी सुचिता सुरक्षा निर्धारित की जाए इसके लिए आज विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन हुआ। इछनापुर स्थित श्री लालता प्रसाद श्रीधर विद्यापीठ इण्टर कॉलेज में महिला सुरक्षा कार्यक्रम में बालिकाओं को कैसे अपनी सुरक्षा की जा सके इस हेतु महिला कल्याण विभाग से आयीं प्रियंका पांडेय जी ने बालिकाओं को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि जब कभी आप अकेले हो और कुछ न हो तो कैसे पेन, सेफ्टी पिन, कंघी या कड़े को ही हथियार बना लो और कस कर सामने से वार करें और जितना तेज आप चिल्ला सकती हैं अपने बचाव में चिल्लाएं। इसी कड़ी जिला पशु चिकित्सा अधिकारी के यहाँ से पधारे शेषमणि ने छात्रों को बताया कि जितनी सुरक्षा महिलाओं का काम है उससे अधिक जिम्मेदारी बालकों और पुरुषों की भी है कि वह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। वही सुरसा पशु चिकित्साधिकारी डॉ शालिनी पांडेय ने बालिकाओं को कैसे 1090 का प्रयोग किया जाए और बालिकाओं का हो रहे शोषण से बचाया जा सके बेहतर ढंग से बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल अवस्थी, वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष श्रवण दीक्षित, कुलदीप शर्मा, मनोज ने बच्चों की सुरक्षा सुचिता के बारे बच्चों से रूबरू हुए। इस अवसर पर विद्यालय



प्रबंधक विशंभर नाथ मिश्र ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य नृपेन्द्र नाथ मिश्र ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय परिवार से बैकुंठ नारायण, देवेंद्र नाथ पांडेय, पुत्तीलाल वर्मा, आकाश चंद्र, अविनाश चंद्र, रामकुमार, बृजेश, कन्हैया, विपिन, आशा में रेनू त्रिवेदी, ओमशांति आदि लोग उपस्थित रही।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र बना अपराधियों का काल, एडिशनल एसपी के निर्देश पर पिहानी पुलिस ने क्लीसरी आंखक्से क्रिमिनल्स पर कसा शिकंजा

**स्वतंत्र प्रभात**

**पिहानी हरदोई** एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह ,कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ अतिरिक्त कोतवाल एख्तियार हुसैन, कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी सोमवार शाम कस्बे के प्रमुख मार्गो पर पैदल गस्त कर,कटरा बाजार के प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक समेत आधा दर्जन दुकानदारों से कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया।पिहानी पुलिस का ऑपरेशन त्रिनेत्र अपराधियों के लिए काल बन गया है। एडिशनल एसपी के निर्देश पर कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ व पिहानी पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार नई पहल कर रहेहै। गुंडे-माफियाओं के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई भी हो रही है। एडिशनल एसपी के निर्देश पर पिहानी पुलिस ने अभी तक 223 कैमरे पिहानी कस्बे में लगवाए हैं। इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से आपराधिक घटनाओं का खुलासा हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, पिहानी में भीड़-भाड़ वाली या संवेदनशील जगहों पर जैसे



सड़क किनारे, बाजार, चौराहों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 3 दिसम्बर को निशुल्क सामूहिक विवाह

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह की जोर शोर से तैयारियों के क्रम में पूर्व में पंजिकृत युगलों का साक्षात्कार गांधी भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी ने बताया कि आज के साक्षात्कार में 30 जोड़ों ने भाग लिया उनके आवेदन पत्रों की जांच विधिवत की गई 15 युगलों के आवेदन पत्र पूर्णतः पूर्ण पाए जाने पर 12 युगलों को विवाह हेतु टोकन जारी किए गए तथा 3 युगलों को निकाह हेतु टोकन जारी किए गये। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष निकाह सहित कुल 21 जोड़ो की शादियां सम्पन्न होंगी। जिन युगलों के आवेदन पत्र अपूर्ण पाए गये उन लोगो को आवेदन पत्र की कमियों को पूर्ण करने हेतु 26 नबम्बर समय दिया गया ।इस अवसर पर उपस्थित ट्रस्टी व सहयोगी गणों ने समारोह को भव्य और और सफल बनाने की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गयी। इस अवसर पर ट्रस्टी अविनाश चन्द्र गुप्ता अतुल कपूर, करुणा शंकर द्विवेदी तथा



सहयोगी गण आलोकिता श्रीवास्तव, रुपाली मित्तल, अनिल मिश्रा, श्रवण कुमार राही, अशोक श्रीवास्तव, उमाकांत, प्रेम, राकेश आदि शामिल रहे।

## छठ पर्व आपसी भाई चारा को बढ़ाने और जाती पाती के बंधन से मुक्त करने वाला पर्व एस के चौबे

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली** पटेल नगर विधान सभा अंतर्गत छठ पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्र के हर घाटों का दर्शन करने के दरम्यान क्षेत्र के समाज सेवक एस के चौबे ने बताया कि छठ पर्व आस्था का महान पर्व है दुनियां जहां उगते सूरज को अर्घ्य देती है वही यह एक ऐसा पर्व है जो पहले डूबते सूरज को अर्ध देती है उसके बाद सुबह उगते सूरज को अर्ध देकर व्रत की पूर्णाहुति होती है। छठ पर्व समाज को अपने पूजन विधि के माध्यम बहुत बड़ा संदेश भी देती है कि जिस प्रकार से व्रती पहले तीन दिन तक पवित्र तन मन से शुद्ध होने के बाद डूबते सूरज को अर्ध देती है ठीक उसी प्रकार से अगर समाज में कोई व्यक्ति किसी परेशानी में हो या समाज में कोई गंभीर समस्या अपना घर बनाती जा रही हो तो समाज को शुद्ध तन मन से उसके प्रति समर्पित भावना से एकत्र होकर निदान के लिए प्रयास किया जाय तो निश्चित ही वह समस्या ठीक उसी प्रकार दूर हो जायेगी जिस प्रकार से छठी मैय्या अपने भक्तों के कष्ट दूर करती है।

और दूसरी सबसे बड़ा संदेश मिलता है कि मां छठी के घाट पर जिस प्रकार सभी व्रती बिना किसी जाती पाती या धर्म को जाने समझे मात्र एक भक्त रहकर मां की पूजा अर्चना करती है और भगवान आदित्यनाथ को एक ही घाट से अर्ध देते है ठीक उसी प्रकार से समाज को जाती पाती के बंधन से ऊपर उठकर पूरे



भारत वर्ष को मां का एक घाट समझ कर प्रेम भाव से रहे जिससे हमारे पूरे समाज का कल्याण हो सकता है। छठ मैया के घाट पर लगी है भारी भीड़ देखो कैसे मां तोड़ रही आज जाती पाती की रीढ़ छठी मैया सभी भक्तों की मुरादें पूरी करें साथ में समझे फेल रही विकृतियों से समाज की रक्षा करें।

## जय हिंद जय भारत मंच ने सिल्ट सफाई के नाम पर बघौली माइनर में हो रही खानापूर्ति को लेकर विधायक को कराया अवगत

**स्वतंत्र प्रभात**

**कछौना, हरदोई।** जय हिंद जय भारत मंच ने बघौली माइनर की समुचित सफाई व पटरी मरम्मत व वाटर लेबल झील के पास ऊंचा करने की मारने की मांग क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा से की है। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र माइनर की सभी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया।

बताते चलें विकास खण्ड कछौना में किसानों की फसल सिंचाई हेतु हथौड़ा रजबहा से बघौली माइनर निकला है। यह माइनर राष्ट्रीय जल प्रबंधन योजना के तहत शारदा नहर खंड हरदोई के अंतर्गत आता है। बघौली माइनर की दूरी 2.81 किलोमीटर है। इसमें बघौली माइनर के सामने हथौड़ा रजबहा में झील वाटर लेबल ऊंचा करने की निशांत आवश्यकता है, जो टूट चुकी है। जिसके कारण बघौली माइनर में समुचित तरीके से पानी नहीं आता है। खरीफ की फसल के समय बघौली माइनर में पानी नहीं आता है। इस बघौली माइनर से ग्राम बरवा, सरसण्ड, सुक्खी खेड़ा, गनेशपुर, मतुआ, बनियन खेड़ा, त्यौरी, मोहाई आदि गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई का मुख्य साधन है। सिल्ट सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति होती है। मानकों के अनुसार सिल्ट की सफाई नहीं होती है। दोनों तरफ पटरी मरम्मत कार्य आवश्यक है। कई जगह किसानों ने पटरी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जगह-जगह कटान होने के कारण व पटरी सही न होने के कारण ओवर-फ्लो से किसानों की फसल डूब जाती है। जिससे उनकी गाड़ी कमाई का नुकसान होता है। इस बघौली माइनर का टेल पूरी तरह से बंद हो चुका है, जो लगभग 500 मी0 समतल हो चुका है। स्थानीय किसानों ने अवैध कब्जा कर समतल कर दिया है। जिसके कारण भी ओवर-फ्लो होता है। कुलाबे व गुलाबा पूरी तरह से बंद पड़े हैं। नालियां कई वर्षों से निर्मित नहीं की गई है। जिससे स्थानिक किसान सिंचाई के लिए पटरी काट कर सिंचाई करते हैं। माइनर से सुझाव व शिकायत के लिए गठित समितियां सक्रिय नहीं है। वह कागजों पर ही संचालित है। बघौली माइनर की उपरोक्त जन समस्याओं के विषय में जय हिंद जय भारत मंच व किसान स्नेह कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह, विजय कुमार, सत्यपाल आदि सैकड़ो किसानों ने क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा से उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की, जिसपर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि शीघ्र उक्त सभी समस्याओं का निराकरण किया जाए, जिससे किसान देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सके।

## मृतक बीमा एजेंट के घर पहुंच कर सांसद ने शोक संवेदना की व्यक्त

**स्वतंत्र प्रभात**

**अमृतपुर /फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर दत्त में बीजेपी सांसद के द्वारा भ्रमण किया गया साथ में समर्थक भी रहे और उन्होंने बीमा एजेंट कि डेंगू से मौत हो गई थी तो उनके यहां पहुंचे और भाइयों से संपर्क किया जानकारी ली उन्होंने बताया कि अचानक बीमार होने से उनकी कानपुर रीजेंसी में मौत हो गई थी तो उसी को देखते हुए भाजपा सांसद मुकेश राजपूत पहुंचे और उन्होंने परिवार वालों को सौतन बधाई सांसद प्रतिनिधि आदि राम राजपूत अनूप मिश्रा सौरभ अग्निहोत्री मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह युवा मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह आदि लोग मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने 2024 में आने वाले चुनाव की भी चर्चाएं की और कई एक ऐसी बिंदुओं पर वार्ता की जो कि ग्रामीण जनता को लाभ पहुंचाएं अल्हादपुर भटौली के ग्रामीण शिवरतन ने बिजली की मांग की है और उनके यहां तक लाइन नहीं है और बताया है कि हम लोगों के घर बाढ़ से कट गए थे कनेक्शन चल रहा है बल बराबर आ रहे हैं लेकिन बिजली नहीं मिल रही है तो उसी



को देखते हुए शिवरतन के द्वारा भाजपा सांसद मुकेश राजपूत से ग्वार लगे तो उन्होंने कहा है कि जल्दी आपके यहां बिजली के खंबे और लाइट पहुंची गयी अगर लाइनमैन नहीं सुनता है तो उसे पर होगी कार्यवाही।

## दशक गुजर गए मोहल्ले की सड़क नही बन सकी पक्की

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर नगर।** जोन टू वार्ड नम्बर सैंतालीस आदर्श विहार में हाइवे से मात्र कुछ कदम अन्दर बसेरा बिल्डर्स से अशोक साहू के घर तक लगभग सौ मीटर लम्बी सड़क पक्की नही बन सकी। तीस वर्षो से इस कच्ची और ऊबड़ खाबड़ सड़क पर थोड़ा सा भी पानी भर जाने पर लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। दशकों पहले बने दोनो ओर अधिकांश मकान सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हैं दुखदाई कच्ची ऊबड़ खाबड़ सड़क पर बुजुर्ग और बच्चे कई बार गिर कर चुटहिल भी हुए हैं। मोहल्ले के निवासी उजयारे लाल द्विवेदी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों व नगर निगम के अधिकारियों को कई बार प्रार्थनापत्र दिए परन्तु आज तक सड़क पक्की नही बनी। उन्होंने निराशाजनक स्थिति में कहा कि वोट लेने के लिए नेता दरवाजा नही छोड़ते हैं जीत जाने के बाद मुड़ कर देखते भी नही हैं जिसका मोहल्ले के निवासियों को भी बहुत दुःख है। पिछले सप्ताह द्विवेदी ने सांसद को पुनः प्रार्थनापत्र दे कर सड़क पक्की बनवाए जाने की गुहार लगाई है।



गौरतलब है एक वर्ष पूर्व नगर निगम ने सड़क की नापजोख भी की थी परन्तु सड़क ठंडे बस्ते में डाल दी गई।

## उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन ने जिला कारागार को दान दिये पांच कम्प्यूटर

**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़,।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के हितार्थ प्रॉजेक्ट उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन के सौजन्य से 05 कम्प्यूटर यूनिट दानस्वरूप उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर का अभिनन्दन पुष्प गुच्छ भेंट कर वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रोजेक्ट उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन के पदाधिकारियों क्रमशःआमिर सिद्दीकी, नदीम अंजुम,आदिल जवाहर,डॉ.मशकूर उस्मानी, अहमर फरीदी,अबु बकर,अज़हर व डॉ शेख जसीउद्दीन द्वारा मुख्य अतिथि शलभ माथुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह यादव के द्वारा अपने सम्बोधन में कारागार में वर्तमान में बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। उनके द्वारा अपने सम्बोधन में अपराध की मूल समस्याओं में से एक प्रमुख कारण अशिक्षा जनित बेरोज़गारी बताई गई। उन्होंने बताया कि उनका विशेष प्रयास है कि वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत कारागार में निरुद्ध 18 वर्ष से 45 वर्ष के सभी ऐसे बंदियों को जिला कारागार अलीगढ़ में प्रख्यात शिवनाडर संस्थान और इंडिया विजन फाउण्डेशन के सहयोग से चलाए जा रहे ई-लिट्रेसी कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी और इसके उपयोग करने के तौर तरीके की जानकारी में प्रशिक्षित करना है ताकि कारागार से रिहा होने के पश्चात वो एक आत्मनिर्भर और स्वावलंबी जीवन ब्यतीत कर सकें और आपराधिक प्रवृत्ति से हमेशा हमेशा के लिए दूर रहें। उनके द्वारा उम्मीद फाउण्डेशन द्वारा कारागार संस्था के हित में पूर्व में किए गए कार्यो का विवरण मुख्य अतिथि महोदय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर के द्वारा अपने सम्बोधन में क्रिमिनल जस्टिस



सिस्टम में जेलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बंदियों से अपील की गई कि वो अपने जीवन के इस कठिन समय को कारागार प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने में लगायें और सदैव आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। उनके द्वारा कारागार प्रशासन द्वारा संचालित विविध सुधारात्मक कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए निरुद्ध बंदियों के उज्जवल भविष्य और समाजोपयोगी जीवन की कामना करते हुए उम्मीद फाउण्डेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्प्यूटर जेल प्रशासन को हस्तगत किये गये। इस पुनीत कार्य हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन के उपस्थित सभी पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस तरह के समाजोपयोगी कार्य सतत् रुप से करते रहने की प्रेरणा दी गई।

## पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने को 21 से शुरू होगा एनएसवी पखवारा

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई,** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी पखवारा (एनएसवी पखवारा) का आयोजन दो चरणों में 21 नवम्बर से चार दिसम्बर के मध्य किया जाएगा। इस दौरान प्रजनन स्वास्थ्य को देखते हुए पुरुष नसबंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यह अभियान ÷स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा÷ थीम पर दो चरणों में चलेगा। प्रथम चरण में मोबिलाइजेशन फेज 21 नवंबर से 27 नवंबर तक द्वितीय चरण में सेवा प्रदायगी फेज 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुषों की भागीदारी से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने बताया कि प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रजनन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पुरुष नसबंदी बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक मामूली शल्य प्रक्रिया है और महिला नसबंदी की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है। पुरुष नसबंदी के लिए न्यूनतम संसाधनों एवं बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि एनएसवी विधि के द्वारा किए जाने वाली पुरुष नसबंदी में न तो चीरा लगता है, न टांका लगता है और न ही पुरुष की पौरुष क्षमता में कमी या कमजोरी होती है। यह सरल ऑपरेशन मात्र 10 मिनट में हो जाता है। ऑपरेशन के एक घंटे बाद आदमी घर जा सकता है और 72 घंटे बाद व्यक्ति अपना रोजमर्रा का कामकाज आम दिनों की तरह कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के लिए पुरुषों को ही आगे आना चाहिए, क्योंकि पुरुषों की शारीरिक संरचना महिलाओं की अपेक्षा अधिक सरल होती है।

**पखवारे में होंगी यह गतिविधियां –**

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल पंकज ने बताया कि मोबाइलजेशन फेज में एएनएम और आशा द्वारा पुरुष गर्भनिरोधक साधनों के प्रयोग के लिए इच्छुक दंपत्तियों की पहचान होगी। पुरुष नसबंदी के स्वीकारकर्ताओं की पहचान करते हुए उनके कार्यकाल और सहकर्मियों के मध्य पारस्परिक सहयोग एवं समझ का उपयोग करते हुए परिवार नियोजन में पुरुषों की भागेदारी के संबंध में जागरूकता संबंधी गतिविधियां होंगी । अभियान के दौरान पोस्टर, बैनर, पेटिंग के माध्यम से जागरूक किया जाएगा

**मिलती है प्रोत्साहन राशि –**

नोडल अधिकारी ने बताया कि पुरुष नसबंदी करवाने वाले व्यक्ति की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए। व्यक्ति शादीशुदा होना चाहिए और एक बच्चा होना जरूरी है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि भी अधिक रखी गई है। नसबंदी करवाने पर पुरुष लाभार्थी को 3,000 रुपया मिलता है वहीं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 400 रुपया मिलता है। वहीं महिला लाभार्थी को 2,000 रुपया और प्रेरक को 300 रुपया की प्रोत्साहन राशि मिलती है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## दो नामजद समेत चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**अंबेडकर नगर।** न्यायालय के आदेश पर कोई पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है ।मामला अहिरौली थाना क्षेत्र का है जहां पर प्रियंका सिंह आयु लगभग 30 वर्ष पत्नी बृजभूषण सिंह निवासी रैमलपुर आजाद नगर की निवासिनी है इन्होंने बताया है कि पहले तो अहिरौली थाने में प्रार्थना पत्र दिया वहां पर सुनवाई नहीं हुई तब हमें अदालत की शरण लेनी पड़ी इसके पहले बीते तीन अक्टूबर को शाम कारीब 5ः00 बजे विपक्षी लोगों ने गाली गलौज जान से मारने की धमकी दी थी। न्यायालय के आदेश पर रेनू सिंह पत्नी जसवंत सिंह बलवंत सिंह पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र सिंह चार अज्ञात के खिलाफ अहिरौली थाने में 147 323 352 427 394 504 506 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस विषय पर जब थाना अध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## पालिका ने जब्त किया सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान

**मथुरा।** नगर पालिका कोसीकलां की प्रशासन की टीम ने सड़क एवं फुटपाथ पर सामान रखकर यातायात में अवरोध पैदा करने वालों पर कार्रवाई की है। इस दौरान उन्होंने अवरोध बने सामान को जब्त कर लिया। जिससे दुकानदारों में खलबली मच गई। नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए शहर के पुराना जीटी रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सड़क पर बोर्ड व अन्य सामान रखकर अतिक्रमण करने पर दुकानदारों का सामान जब्त कर उन्हें चेतावनी दी कि भविष्य में अगर पुनः इसी तरह कब्जा किया तो उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पालिका की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। । टीम में सूरजपाल, राजेश, राजू, दीपक, चेतराम, मोहन आदि मौजूद रहे।

## शहर के शमशान घाटों में 41 लाख से होंगे विकास कार्य

### बनाई जाएगी कमेटी, मंत्रणा के बाद होगा विकास

**मथुरा।** कोसीकलां नगर पालिका प्रशासन हाईवे किनारे स्थित शमशान की जीर्णोद्धार कराएगा। करीब 41 लाख की लागत से दोनों शमशान घाटों में विकास कार्य कराए जाएंगे। पालिका इसके लिए कमेटी बनाकर विकास कार्य कराने की मंशा बनाए हुए हैं। जिसकी निगरानी में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से हो सके। दरअसल हाईवे किनारे स्थित शमशान घाटों में विकास कार्य कराए जाने हैं। शालीमार तिराहा स्थित शमशान घाट की हालात तो बेहद दयनीय है। नगर पालिका प्रशासन इसका करीब 21 लाख की लागत से जीर्णोद्धार कराएगी। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने बताया कि श्मशान घाट के जीर्णोद्धार के लिए चारों वार्डों के सभासद सहित 11 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। जिनसे विचार विमर्श के बाद शमशान घाट में विकास कार्य होंगे। इसी प्रकार पटपड कुंड के निकट स्थित शमशान घाट में करीब 20 लाख की लागत से टीन शेड बनाया जाना है। दोनों ही स्थानों पर विकास कार्यों को जल्द शुरू कराया जाएगा।


## व्यवस्था: भवन स्वामी को किरायेदारों का कराना होगा सत्यापन

### पुलिस वार्ड सभासदों एवं लोगों को कर रही जागरूक

**मथुरा।** कोसीकलां में अपने मकानों में किराएदार रखने से पहले आपको उसका सत्यापन कराना होगा। इसके लिए पुलिस ने अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत भवन स्वामी एवं वार्ड सभासदों को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। ताकि समय से पूर्व किरायेदारों के दस्तावेज एवं फार्म पुलिस के पास उपलब्ध हो सके। अभी तक लोग मनमाफिक तरीके से मकानों में किराएदार रख लेते हैं। लेकिन अब मकान मालिकों को उन्हें मकान उपलब्ध कराने से पूर्व सत्यापन कराना होगा। व्यवस्था के मुताबिक भवन स्वामी को किराएदार के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज की फोटोकॉपी लेकर फार्म के साथ थाने में जमा करानी होगी। इस कार्य में कोई लापरवाही न हो इसके लिए मकान मालिकों एवं वार्ड के सभासदों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें दस्तावेजों एवं नियमों की जानकारी दी जा रही है। ताकि वे किराएदार से उन दस्तावेजों को लेकर उसकी जानकारी थाने में उपलब्ध करा सके।

# गौमाता हमे इसलोक मे स्वालम्बन के साथ जीवन देती है, रत्नाकर मिश्र।

स्वतंत्र प्रभात




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गो माता हमे परलोक में वैतरणी पार करवाती है। उक्त उद्गार एस डी एम रत्नाकर मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि कहे। धर्मादा समिति गौशाला के 15 वें गोपाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ आर्यसमाज द्वारा हवन-यज्ञ से प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि कोतवाली प्रभारी इन्द्रजीत सिंह, समस्त महाजन के उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रवीन दुबे, भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि ,समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, भूमि विकास बैंक उ0प्र0 के पूर्व चेयरमैन सुरजन लाल वर्मा ने गुण खिलाकर गौ पूजन व आरती के बाद सभी अतिथियों ने अपने आशीर्वचन के बाद गौशाला मे वर्षभर सहयोग करने वाले विशेष सहयोगी जनों को सम्मानित किया गया, तथा गोपाष्टमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण अवस्थी ने तथा अध्यक्षता रामसेवक शुक्ला ने की । सप्तदिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजक विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगरपालिका गोला ने सभी आगुंतकों एवं अतिथि जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन धन्य हो जाता है।हमारी गौशाला समाज के सहयोग से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक राज राजेश्वर,सी पी श्रीवास्तव, मनोज सक्सेना, श्याम राजपूत, श्याम सिंह कुशवाहा, पंकज यादव, विकास मिश्रा, रविन्द्र कटियार ,शत्रोहन मिश्रा,विमलेश वर्मा, राजेश राठौर, अनुज खरे, संजय तिवारी, डा राहुल बाजपेई,डा. सुरेश कुमार,अनुराग गुप्ता, श्रवण महेश्वरी,सुनील मिश्रा, सुनील शर्मा, धीरज बाजपेयी, काके सहगल, सभासद कफील, इजरान, रज्जन खान, दानिस राइन, नानक चन्द्र वर्मा, राजेश अवस्थी,अशोक सक्सेना,समीक्षा गुप्ता, गीता विश्वकर्मा, रेखा मिश्रा, सीमा सक्सेना, स्मिता तिवारी,दीपिका सैनी,पिंकी गुप्ता सहित अनेक संगठनों के कार्यकर्ता, समाजसेवी, गौ भक्त उपस्थिति रहे।

# दो दिवसी विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया।

स्वतंत्र प्रभात

**पिपरिया धनी खीरी।** रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहरिया में गोला मोहम्मदी रोड पर स्थित गुरु रामदास एकेडमी विद्यालय? के माध्यम से एक दिवसीय? खेल कूद प्रतियोगिता वॉलीबॉल का शुभारंभ का किया गया।जिसमें दोनों टीमों के बीच टॉस खेला गया।मोहम्मदी बनाम उमरपुर के बीच खेला गया जिसमें पांच अंकों से जीत हासिल की वही सेमीफाइनल मैच में भीरा बनाम मोहम्मदी के बीच जिसका पीछा करते हुए भीरा ने 9 से जीत हासिल की और फाइनल मैच में पहुंची अमेठी को बनाम अमन मनी क्लब भीरा ने 07 अंकों से जीत हासिल की।जिसके मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र गिरी उर्फ मोंटी भैया ने विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा उर्फ कन्हैया मल्होत्रा ने विजेता टीम को ?21000 नगद पुरस्कार देकर व उपविजेता 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर दोनों टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

मैन ऑफ द मैच मूसा रहें।इस कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सरबजीत सिंह ने किया,इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष दरलाज सिंह,प्रबंधक स्वर्ण सिंह भुल्लर भैया ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक रूप में ऊर्जा मिलती हैं।वही खेल खेलने से एक दूसरे में भाईचारे की भावनाएं बनती हैं।वही गुरु रामदास एकेडमी दसवीं क्लास के बालक गुलशन कश्यप ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।संरक्षक सतनाम सिंह,कोषाध्यक्ष अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,उप संरक्षक कमलजीत सिंह, प्रधानाचार्य ललित मोहन मिश्रा,एवं समस्त प्रबंध कमेटी व,पूर्व प्रधान कुलविंदर सिंह, सोनी सिंह, रियाज अहमद खान एडवोकेट, श्रवण सिंह, अमरजीत सिंह, सरदार जी पैलेस प्रबंधक पलविंदर सिंह,राजेश यादव, रेफरी सूबेदार, रेफरी कुलवंत सिंह, रेफरी गुरूविंदर सिंह व सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौके पर मौजूद रहें।

# जगह-जगह खुले मौत के सौदागरों के दवाखानों पर मेहरबान सीएमओ खीरी

● मुख्यमंत्री पोर्टल पर तथा सीएमओ खीरी को लिखित शिकायत के बावजूद आज तक नहीं की गई कोई कार्यवाही

मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का फर्जी निस्तारण कर झोलाछापों की ताल पर थिरक रहे विभागीय जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक जहां स्वास्थ्य की बेहतरी एवं लोगों को आसान और गुणवत्ता परक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कमर कसे दिखाई पड़ रहे हैं। और इसी के मददेनजर शासन द्वारा झोलाछाप एवं गैर पंजीकृत अस्पतालों सहित डिग्री विहीन तथाकथित डॉक्टरों के विरुद्ध छापामार कार्यवाही किए जाने के आदेश भी दिए थे। उक्त आदेश के क्रम में जिले के कई क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापमार कार्रवाई करके फर्जी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिको को सीज भी किया गया ।पर सी एचसी बेहजम के अधीक्षक डॉक्टर अनिल वर्मा पर शायद शासन के आदेशों का कोई असर न पड़ता हो। इनके अधीनस्थ कस्बा नीमगांव में लगभग आधा दर्जन फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिके व तीन बगैर लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित हैं। इन पर आज तक साहब द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ।शायद अधीक्षक बेहजम सी एच सी की नजर में यह सब डिग्री धारक डॉक्टर हो और उनके ऊपर शासन के आदेश प्रभावी न हो इसलिए कार्यवाही नहीं की जा रही हो। लोगों का कहना है कि कुछ झोलाछाप डॉक्टर अधीक्षक साहब के सजातीय हैं ।इसलिए कार्यवाही नहीं की जा रही है। अब देखना है कि सीएचसी अधीक्षक बेहजम व मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी द्वारा कार्यवाही की जाएगी या फिर यूं ही संरक्षण दिए जाने के आरोपों से घिरे रहेंगे।और शासन के आदेशों का माहौल उड़ते देखते रहेंगे।

# ग्रामप्रधान प्रतिनिधि अवधेश कुमार पप्पू की देख रेख में क्षेत्र की महिलाओं ने मनाया छठ पर्व

स्वतंत्र प्रभात

**मितौली खीरी** विकासखंड मितौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत खंजन नगर के लोहिया कठिना नदी घाट,नवघटा घाट,गोहिया घाट,गणनेंशपुर ग्रट के तालाब पर प्रधान नीलम देवी प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार की देखरेख में मनाया गया इस छठ मैया के पर्व पर महिलाओं द्वारा संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं और यह पर्व दीपावली के छठे दिन होता है जहां यह व्रत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है जिसमें व्रत रखने वाले महिला दिनभर उपवास रखती हैं और संध्या काल में स्नान ध्यान कर छठी मैया की पूजा करती हैं और नहाए खाए दिन भोजन ग्रहण करने के बाद व्रती कररना पूजा तक व्रती उपवास रखती है इसीलिए छठ पर्व के भी नाम से जाना जाता है छठ पर्व 2 दिन का होता है जो शाम 5ः00 बजे सूर्य को अर्ध देकर सुबह की पहली किरण देखकर महिलाये अपना व्रत तोड़ती हैं यह पूर्वांचल के लोगों में विशेष आस्था का पर्व माना जाता है इस पर्व पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और यह लगभग 22 देश में मनाया जाता है छठ पूजा के दिन देवता और छठी मैया की पूजा विधि विधान से की जाती है लेकिन क्या आप जानते हैं इस पर्व को कब से मनाना शुरू किया गया भगवान सूर्य की आराधना कब से की जाने लगी इसका इतिहास बहुत ही पुराना बताया जाता है पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक छठ पूजा को सतयुग से जोड़ कर देखा जाता है ऐसे कई कथाएं मिलती हैं जिसमें भगवान राम पांडवों के अलावा दानवीर कर्ण की कहानी का जिक्र मिलता है

छठ मैया के पर्व पर ग्राम प्रधान रामप्रीत यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवधेश कुमार पप्पू द्वारा घाटों पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसलिए स्वयं शाम सुबह मौजूद रहे। वही मितौली थाना प्रभारी आलोक कुमार धीमान अपने मय फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से घाटों पर पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

इस अवसर पर पंकज कुमार गौतम,सुधीर भार्गव,सांसद जी के भतीजे सज्जन लाल,रजनीश गौतम, गोरखपुर प्रसाद, शिवकुमार, राजेंद्र कुमार शर्मा,महेंद्र कुमार शर्मा, प्रहलाद, रामवृक्ष चौहान, रामचंद्र, खूबलाल साहित्य सम्मानित लोग हैं महिलाएं मौजूद।

# तहसील सदर रजिस्टार ऑफिस से पत्रावली गायब जिम्मेदार मौन

● चभाल सहकारी कृषि समिति लिमिटेड बसेगापुर की विक्रय की गई भूमियों के बैनामों की पत्रावली गायब कर किया गया साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास।

जिम्मेदारों की सतर्कता की खुली पोल

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** तहसील प्रशासन और भू माफिया के बीच चल रही साथ घाट के आगे योगी जी के सारे दावे और वादे हवा हवाई ही साबित हो रहे हैं जनपद में व्याप्त भ्रष्टाचार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है ।कि यहां पर भूमाफियाओं के साथ मिलकर तहसील सदर के रजिस्टार ऑफिस के कर्मियों द्वारा भारी रिश्वत राशि लेकर पहले ही गायब कर दी जाती हैं। बताते चलें की तहसील लखीमपुर सदर के रजिस्ट्रार ऑफिस में चौहान सहकारी कृषि समिति लिमिटेड बसैगापुर की विक्रय की गई जमीनों के बैनामो की नकल लेने को ऑफिस के मुंशी व संजय मुंशी से अलग-अलग मुआयना कराया गया तो पता चला की नकल मिलना नामुमकिन है रिकॉर्ड के पन्ने फड़वा दिए गए हैं। इससे क्या समझा जाए कि उन पन्नों के बिना कितने लोग जरूरत पड़ने पर दर-दर भटकेंगे ।भू माफिया कितनी आसानी से सबूत मिटाने में माहिर हैं ।और जिम्मेदार भी कितने सतर्क हैं जो रिकॉर्ड के पन्ने फट गए हैं और फडवाएं गए हैं उसकी जानकारीके बारे मे अफसर को कुछ भी पता नहीं है।

### आखिर किसने फाडेऔर क्यों फड़वा दिए गए पन्ने?

आखिर किसने रजिस्टर के पन्ने फाडे और क्यों पन्ने फाड़वा दिए गए ।इन यक्ष प्रश्नों का उत्तर किसी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहा है आखिर ऐसी क्या मजबूरी रही की पन्नी फाड़ डालने पड़े कहीं अपनी गर्दन फस्ती देखा तो साथियों को मिटाने के प्रयास में नहीं फाड़े गए पैन और प्रशासन सब कुछ मौन बना बैठा देखता रहा ।आखिर किसने और कब किसके आदेश से फाडे गए पत्रावलियों से पन्ने ।इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं। इसमें कार्यालय के कर्मियों व रजिस्ट्रार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। देखना यह है कि प्रशासन क्या कार्यवाही करेगी या फिर भू माफिया को अभयदान दे दिया जाएगा।

# विद्या निकेतन में शीतकालीन शारीरिक योगा कार्यक्रम प्रारम्भ।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 20 /11/2023 को स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ -खीरी में शीतकालीन शारीरिक कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय में कक्षा 4 से 12 तक के छात्र / छात्राओं को शारीरिक व्यायाम कराया गया । जिसमे कक्षा 8 से 12 तक के छात्रो ने खेल के मैदान में कौशल किशोर मिश्रा एवं धर्मेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में शारीरिक व्यायाम किया। एवं दूसरे खेल के मैदान में कक्षा 4 से 12 तक की छात्राओं ने महेन्द्र नाथ पाठक के निर्देशन में शारीरिक किया। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन शीतकाल में किया जाता है। जिससे छात्रों में स्फूर्ति और ऊर्जा का संचार होता है एवं साथ ही कई प्रकार की बीमारियों से भी छात्र / छात्राओं को दूर रखता है । कार्यक्रम में सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

स्वतंत्र प्रभात



**मितौली खीरी।** विकास खंड मितौली के सामने आदर्स इंटर कालेज के सामने मेला मैदान में 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण विराट गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा एवं भव्य कलश यात्रा को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्य सभा सांसद जुगुल किसोर ने झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह पूर्व प्रधान मास्टर दिनेश कुमार भार्गव, मितौली ग्राम प्रधान नीरज कश्यप, प्राचार्या राजकुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें हजारों की संख्या में माताओं बहनों ने सिर पर कलश रखकर कस्बे का भ्रमण करते हुए मितौली के पंच मुखी हनुमान मंदिर के निकट सारदा कैनाल से वैदिक मंत्रों चार के साथ कलसों में जल भरा गया। गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा भक्ति गीतों और मां गायत्री के जयकारों से पूरा कस्बा गुंजायमान रहा। कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची जहां मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की गई। शांतिकुंज से आए हुए परम विद्वान आचार्य टोली नायक योगेश पटेल, सहायक विकास भाई, गायक महादेव शाहू , अमरपाल ने कलश यात्रा में शामिल हुई सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों का अभिनंदन किया। युग ऋषि वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व ऋषि तंत्र के मार्गदर्शन में मानव मात्र को सद्बुद्धि प्रदान कर सन्मार्ग में प्रेरित करने के उद्देश्य से उपरोक्त कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे । इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मितौली के समस्त सक्रिय कार्यकर्ता एवं परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम 20 नवम्बर 2023 दिन सोमवार से 23 नवम्बर गुरुवार तक किये जायेंगे।

# 25-25 हजार रुपए के अर्थ दंड की वसूली का आदेश जारी

●आयोग ने पूर्व में 21 नवंबर 2022 को जारी किया था अर्थ दंड

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** शाहिद मुनीर सिद्दीकी द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध न कराए जाने पर राज्य सूचना आयोग के समक्ष की गई अपील पर राज्य सूचना आयोग ने जनपद अंबेडकर नगर में 2 नवंबर 2018 से दिनांक 12 मार्च 2021 तक तैनात रहे सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों से 25-25 हजार रुपए के अर्थ दंड की वसूली का आदेश जारी किया। यह अर्थ दंड पूर्व में आयोग ने 21 नवंबर 2022 को जारी किया था परंतु अभी तक वसूली न होने पर आयोग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए 18 अक्तूबर 2023 को प्रमुख सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ और निदेशक पंचायती राज निदेशालय लखनऊ के साथ जिला अधिकारी अंबेडकरनगर को भी वसूली के आदेश की प्रति प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि वसूली आदेश का अनुपालन में अर्थ दंड की धनराशि की कटौती कर लेखा शीर्षक में जमा करा कर अनुपालन आख्या आयोग को प्रेषित करें। सिद्दीकी का कहना है की जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय कभी सूचना देता ही नही। वर्तमान में भी लगभग 40 जनसूचना आवेदन पत्र लंबित है। इसकी भी आयोग में अपील कर के अर्थदंड एवं विभागीय कार्यवाही की मांग की जाएगी।

# पद्मश्री चिन्ना जीयर स्वामी ने महायज्ञ का दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

●पद्मश्री चिन्ना जीयर स्वामी का भक्तो ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** श्रीधाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित कुंभ मेला क्षेत्र में 19 नवंबर से 27 नवंबर तक विराट महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 108 वां 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जगद्गुरु रामानुजाचार्य पद्मश्री चिन्ना जीयर स्वामी, संस्थापक रामानुजम हैदरावाद की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। भरत दासाचार्य महाराज ने बताया कि प्रातः श्री यमुना जी का पूजन कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें छत्तीसगढ़ से आये कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। सायंकाल समय में पद्मश्री चिन्ना जीयर स्वामी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां दक्षिण शैली के वाद्य यंत्रों को बजाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। उनके महान कार्यों के लिए साल 2023 में भारत सरकार ने उनको पद्म भूषण सम्मान दिया है। उन्हें श्री त्रिदण्डी श्रीमन्नारायण रामानुज चिन्ना जीयर स्वामी के रूप में भी जाना जाता है। वे भारतीय धार्मिक गुरू और योगी तपस्वी हैं। उन्हें वैष्णववादी आध्यात्मिक प्रवचनों के लिए जाना जाता है। श्री गोदा हरदेव दिव्य देश के त्रिदंडी स्वामी देव नारायणाचार्य महाराज ने बताया कि भरत दास महाराज के द्वारा जो संकल्प लिया गया था। अब वह पूरा होने का समय आ गया है। श्रीधाम वृंदावन की पवित्र भूमि पर 108 वां श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन आज से प्रारंभ होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राघवाचार्य जी महाराज, आचार्य जुगल किशोर ,सतीश मित्तल, जगदीश काबरा, बाबूलाल मोहना, दीनानाथ शर्मा, पवन मित्तल, संजय चंद्रा, हीरालाल दमानी, गुलाबचंद पारीक एवं रवि गोलयान आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस की गोली से गौतस्करों घायल, दो भागे

### भागे हुए तस्करों की तलाश में जुटी पुलिस

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस और स्वाट टीम की गौकशी की घटनाओं में संलिप्त अन्तर्राजीय शातिर अपराधी से हुई मुठभेड़ के दौराने एक तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम सहित दूसरी गंभीर धाराओं में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त के दो साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। भागे हुए तस्करों की गिरफ्तारी में पुलिस टीम जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह के मुताबिक पुलिस की रविवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे हनीफ पुत्र इस्माइल निवासी नई थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा के साथ मुठभेड़ हुई। हनीफ के खिलाफ वर्ष 2020 में गो तस्करी का मामला दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस को इसकी तलाश थी। हनीफ एक शातिर किस्म का अपराधी है। नगरिया से जलालपुर जाने वाले रोड़ पर पुलिस मुठभेड में पुलिस की गोली लगने से हनीफ घायल हो गया। गोली गो तस्कर के पैर में लगी इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया और घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ अपने अन्य दो साथियों के साथ गोकशी के लिये गौ वंश की चोरी करने के उद्देश्य से पिछले दो दिनों से रात्रि में घूम रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ के दो साथी सेंट्रो कार से कोसी की तरफ भाग गये जिन्हें तलाश किया जा रहा है।

## राया अग्निकांड बड़ी प्रशासनिक लापरवाही: सुरेश सैनी

### आम आदमी पार्टी ने की पीड़ित परिवारों को उचित मदद की मांग

**मथुरा।** सोमवार को जमुना बाग रोड पर तिरंगा शाखा का आयोजन किया गया। देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज को सलाम करते हुए सभी ने राष्ट्रीय गान गया तथा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने सभी के साथ संविधान की प्रस्तावना को दोहराते हुए कहा कि दीपावली के अवसर पर राया में पटाखे की दुकानों में लगी आग बड़ी प्रशासनिक लापरवाही का कारण है। इस घटना में सभी मृतकों को 2 मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभी के पारिवारिक जनों को 50 लाख रुपया प्रति परिवार मुआवजे की मांग की गई इसी के साथ साथ झुलसे हुए सभी को उचित मुआवजे की मांग की गई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि निगम प्रशासन बड़ी बेरहमी से गृह कर जलकर की वसूली कर रहा है। मथुरा की आम जनता इससे बेहद परेशान है यहां तक कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी बड़े पैमाने पर टैक्स लगाया गया है इससे व्यापारी वर्ग में भारी है असंतोष व्याप्त है शीघ्र ही इस पर रणनीति बनाकर के निगम प्रशासन के साथ मुलाकात कर समाधान निकालने का कार्य किया जाएगा। कुछ गृह स्वामियों के पास तो विगत के मुकाबले 10 गुना तक के टैक्स के नोटिस भेजे गए हैं जो कि कबले बर्दाश्त नहीं है। शाखा में आम आदमी पार्टी यूथ विंग राज कमेटी के पूर्व सदस्य आदेश शर्मा नगर निगम उपाध्यक्ष देवेंद्र सैनी कालीचरण यादव लक्ष्मण सैनी राजेश तिवारी कलुआ माहोर उपस्थित थे।

## कान्हा की नगरी में जगह जगह हुआ गो पूजन

### ठाकुर राधा दामोदर लाल भेष धारण कर दिए भक्तों को दर्शन

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली में स्थित सप्त देवालयों में विशेष ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में गोपाष्टमी के पावन मौके पर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज एवं ठाकुर राधा दामोदर लाल के अंग सेवी दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज के द्वारा गौ पूजन कर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बोलते हुए दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि आज गोपाष्टमी के पावन मौके पर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में भव्य फूल बंगला और ठाकुर राधा दामोदर लाल ने ग्वाल भेष धारण कर अपने भक्तों को दर्शन दिए हैं। साथ ही मंदिर परिसर में स्थित गौशाला में गौ पूजन कर गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि यह पूजन विधि विधान के साथ किया जाता है। वही आज ठाकुर राधा दामोदर लाल ने ग्वाल भेष में अपने भक्तों को दर्शन दिए हैं। इस मौके पर ठाकुर राधा दामोदर लाल के समक्ष 56 भोग लगाया गया है। हर वर्ष इसी प्रकार से यह उत्सव मनाया जाता है। साथ ही मध्यकालीन बेला में मंदिर परिसर में साधु संत एवं वैष्णव जनों के लिए प्रसादी सेवा का भी आयोजन किया गया है। वही वृंदावन की पंचायती गौशाला, मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित श्रीपाद बाबा गौशाला एवं नगर निगम की गौशाला में भी गौ पूजन किया गया। मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित वात्सल्य ग्राम की कामधेनु गौशाला में गौ पूजन एवं वात्सल्य ग्राम में निवास करने वाली बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

## चोरी में तीन नेपालियों सहित चार को भेजा जेल

### गिरफ्तार अभियुक्तों में तीन नेपाल, एक बिहार का रहने वाला है

**मथुरा।** पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन नेपालियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में तीन नेपाल और एक बिहार का रहने वाला है। चोरों को चोरी के माल के साथ चारों को जीआईसी स्कूल के गेट से के करीब कृष्णापुरी मध्य रात्रि में गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से पीली धातु की चौन की बरामदगी हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली रवि त्यागी के मुताबिक विजय राय पुत्र मोहरी राय निवासी सबैठवा थाना पुखरिया जिला परसा नेपाल, प्रदीप राय पुत्र स्वं. चोकट राय निवासी सबैलवा थाना पुखरिया जिला परसा नेपाल, बुलेट राय पुत्र तुलसी राय निवासी नागवा थाना नागवा जिला परसा नेपाल तथा गोरखनाथ पुत्र जगन्नाथ नट निवासी कठिया मुठिया पुखरिया थाना कंगली जिला पश्चिमी चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया गया है।

### हाइवे पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक पकडा

थाना हाईवे पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके ऊपर चोरी जैसे कई मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त बंद घरों में घुसकर सोने चांदी के जेवर, घरेलू सामान आदि चोरी कर लेता है। सोमवार को चेकिंग के दौरान भरतपुर पुल के नीचे आगरा रेलवे लाइन से पास से अभियुक्त अनिकेत कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी ग्राम बिर्जापुर थाना हाईवे जनपद मथुरा को एक मंगल सूत्र, दो जोड़ी बिछिया, एक बच्चे का सोने का ओम, एक चांदी की हाय सफेद व पीली धातु, एक मोबाइल, चार घडी, एक सेल्फी स्टिक, एक स्पीकर, एक हेयर ड्रायर, एक थम्ब स्कैनर आदि के साथ बिरामद किये है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में समर ने लहराया परचम

**भदोही।** डीघ अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरेकानूनगोयान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय कलातुलसी के कक्षा 3 के छात्र समर पाण्डेय पुत्र कृपा शंकर पाण्डेय ने कुर्सी दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया, वहीं 100 मीटर की दौड़ में पूरे ब्लॉक के सभी विद्यालयो के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान भी हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए समर पाण्डेय को मुख्य अतिथि फराह रहीस बीईओ डीघ ब्लॉक ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बतादें कि कृपा शंकर पाण्डेय कलकत्ता में रहकर ऑटो चलाते हैं और मां संगीता गृहिणी हैं। समर पाण्डेय शारीरिक रूप से तो पूर्णतया स्वस्थ्य है लेकीन बोलने और सुनने में अक्षम है।अलग अलग तरह की दो प्रतियोगिताओ में हिस्सा लेते हुए समर पाण्डेय की इस उपलब्धि पर मनोज पाण्डेय प्राचार्य, महेन्द्र शुक्ल, आशीष, अशोक , विवेक, अमित कुमार,बबलेश पांडेय, सुद्धू, मुखिया मिश्रा, राकेश पांडेय, गुडडू नेता, मंटू, गोविन्द सेठ , भोला शुक्ला, कालू पांडेय,धीरेन्द्र मिश्र,सहित शिक्षकगण और ग्रामवासीयों ने खुशी जाहिर की।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विंध्याचल विभाग गतिविधि अन्तर्गत ग्राम विकास विभाग की बैठक हुए संपन्न



**चील्ह, मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विंध्याचल विभाग गतिविधि अन्तर्गत ग्राम विकास विभाग की बैठक रविवार को प्रांतीय संयोजक डा0 रमाकांत जी की अध्यक्षता में कोन खण्ड के तिलठी ग्राम में आयोजित किया गया। बैठक में प्रान्तीय सह संयोजक रजनीश जी, भदोही संयोजक कैलाश जी, मिर्जापुर संयोजक राजेन्द्र दूबे, चुनार संयोजक प्रवीण जी, चुनार के पूर्व जिला संयोजक रमाकांत सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संघ के गतिविधियों का गांवों के विकास में महत्व भूमिका के साथ ग्राम विकास के सातों आयामों पर कार्यकर्ताओं को प्रान्तीय संयोजक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## छठ के पूर्व संध्या पर भव्य जागरण का हुआ आयोजन



**चुनार ।** बहरामगंज युवा समिति द्वारा भव्य जागरण का कार्यक्रम छठ के पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह कोतवाल ने विधि विधान से पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपने अपने आवाजों का जादू विखेर कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, उपाध्यक्ष संदिप चौहान, सचिव सुरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष धीरज जायसवाल, संरक्षक चमन श्रीवास्तव जुड़े रहे।इस दौरान राजकुमार गुप्ता, लल्लू बिंद, रतन आदि सहित बडी़ संख्या मे श्रद्धालु व श्रोतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धीरज जायसवाल ने किया।

## छठ पर्व का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा सकुशल संपन्न हुआ महाछठ का पर्व



**विंध्याचल।** विंध्याचल थाना प्रभारी अरविंद कुमार मिश्र के नेतृत्व में नवरात्र मेला दीपावली,दशहरा तथा छठ का महापर्व भी सकुशल संपन्न कराया। इस दौरान विंध्याचल इंस्पेक्टर अरविंद कुमार मिश्र जी रात दिन जागकर पूरे थाना क्षेत्र में अपनी पैनी नजर बनाए रखे थे और जहां भी कोई शिकायत मिला तत्काल उक्त स्थल पर पहुंचकर पूरा स्वयं से पूरी जिम्मेदारी संभालते हुए शिकायत का निराकरण भी किया। छठ जैसे महापर्व पर भी घाटों पर भी अपनी सक्रियता बना कर रखे थे।इस दौरान सोहदे और अराजक तत्वों पर विशेष नजर बनाए हुए थे। जिससे महापर्व पर भी घाटों पर कोई शिकायत नहीं मिली और छठ जैसे महापर्व को सकुशल संपन्न कराने में सफल रहें।

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" पर आधारित सूचना, शिक्षा व संचार विषयक विशेष वैन आगमन पर पुष्प वर्षा करते हुए मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष व सीडीओ ने पंचप्रण की शपथ दिलाकर, दिखाई हरी झण्डी

- केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने के लिए समर्पित है "विकसित भारत संकल्प यात्रा"-अनिरूद्ध त्रिपाठी

**विकास खण्ड अभोली के ग्राम पंचायत गोकुलपट्टी व असईपुर में आयोजित हुआ ग्रामीण संवाद यात्रा**

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सुनाई अपनी सफलता की कहानी**

**धरती कहे पुकार के, मेरी कहानी मेरी जुबानी, ऑन-स्पॉट क्विज व सेवाओं के लिए ग्रामीणों में रही जिज्ञासा**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 20 नवम्बर, 2023:-** योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अन्तर्गत सूचना, शिक्षा और संचार आधारित विशेष वैन के जनपद आगमन पर मुख्य अतिथि मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष व मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा वैन पर पुष्प वर्षा करते हुए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनपद के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने एवं जनपदवासियों को उपलब्ध लाभों व विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प योजना विषयक विशेष वैन द्वारा जनपद के समस्त 546 ग्राम पंचायतों व सातों नगरीय निकायों में रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर पहुँचकर प्रचार-प्रसार करेंगी।

जनपद में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के रूट चार्ट/कार्यक्रम के क्रम में सर्वप्रथम खण्ड विकास अधिकारी अभोली इरफान मिर्जा के नेतृत्व में विकास खण्ड अभोली के ग्राम पंचायत गोकुल पट्टी एवं असईपुर में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति में ग्रामवासियों ने सूचना, शिक्षा व संचार विषयक विशेष वैन के आगमन पर स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा किया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया।

विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने ''मेरी कहानी,मेरी जुबानी''/सफलता की कहानी कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया। इसी क्रम में श्रीमती गुलाबी देवी ने पीएम आवास योजना, श्रीमती संजू देवी ने पीएम जनआरोग्य योजना/ आयुष्मान भारत, श्री बृजलाल ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय योजना, श्रीमती किरन ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, श्री इन्द्रजीत यादव द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से उनकी जीवन में आये साकारात्मक बदलाव व परिवर्तन को लोगों से साझा किया।

सतत् कृषि गतिविधियों के अन्तर्गत ड्रोन प्रदर्शन प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ विशेषज्ञयों द्वारा जानकारी देते हुए उन्हें जैविक खेती व मिलेट्स अनाज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित महिला स्वयं समूह की सदस्यों, स्कूल छात्र/छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए स्वच्छता गीत से लोगों को जागरूक किया गया। विकसित भारत पर आधारित ऑन-स्पॉट क्विज में स्थानीय बेसिक माध्यमिक, डिग्री कालेज के छात्र/छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व खिलाड़ियों व अन्य लोगों को अभिनन्दन करते हुए पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए भूमि रिकार्ड का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओ0डी0एफ0 प्लस स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति पर बल दिया गया। ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया) पीएम उज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया।

राजस्व विभाग के अन्तर्गत लाभार्थियों को घरौनी का वितरण/स्वामित्व योजना से संतृप्त किया गया। ग्राम विकास विभाग के अन्तर्गत पक्का गॉव, पक्का घर का उत्सव मनाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं समूह सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मनरेगा जाब-कार्ड धारकों सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी जुबानी में अपने लाभ/सफलता की कहानी सुनाकर लोगों को प्रेरित किया। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' विषयक प्रभात फेरी निकालते हुए ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम पर सरस्वती बन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। अमृत काल का भारत शिषर्क आधारित निबन्ध पेटिंग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए निपुण उत्सव मनाया गया।

अग्रणी जिला प्रबन्धक के द्वारा बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि/कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रगतिशील कृषकों को स्थानीय ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करने हेतु पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न/मिलट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गतन निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने शासनादेश का अनुपालन करते हुए पॉच प्रकार के स्टॉल-पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि स्टॉल, स्वयं सहायता समूह स्टॉल, बैकिंग क्षेत्र के स्टॉल को सम्बन्धित जिलास्तरीय अधिकारियों को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। नेहरू युवा केन्द्र के युवक मंगलदल एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा ग्रामीण संवाद रथ यात्रा को सकुशल व शान्तिपूर्वक संचालित करने में सहयोग प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से



पहुंचे, जनसामान्य को जागरूक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना, नागरिकों से सीखना-लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों, अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना। स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाएं जैसे प्रमुख योजनाओं का संतृप्तिकरण।

मुख्य विकास अधिकारी/ग्रामीण क्षेत्रों के नोडल अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जनपद भदोही में 20 नवम्बर, से जनपद के समस्त 06 विकास खण्ड के अन्तर्गत कुल 546 ग्राम पंचायतों व सातों नगरीय निकायों में सूचना, शिक्षा और संचार विषयक विशेष वैन द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक प्रचार-प्रसार ऑडियो, विजुअल एड, ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज 20 नवम्बर से आगामी 26 जनवरी तक केन्द्र सरकार से प्राप्त 05 विशेष वैन के माध्यम से प्रत्येक विकास खण्ड में एक दिन में 02 ग्राम पंचायतों में दो शिफ्टों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, दोपहर 02 बजे से 4.30 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड के कलस्टर वाईज नामित नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव एवं डे आफिसर/पर्यवेक्षणीय अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शिथिलता व लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। पूर्व निर्धारित तिथि व समय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, सचिव, ग्रामीण समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों की उपस्थिति में विशेष एलईडी वैन द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारंभिक फिल्म प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, योजनाओं के सफल लाभार्थी अपने अनुभव साझा कर रहे है।

नगरीय क्षेत्रों के नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने बताया कि जनपद के सभी सातों नगरीय निकायों में वैन संचालन के लिए निर्धारित तिथि व समय पर रूट की कार्ययोजना बना ली गयी है। शासनादेश के अनुपालन में शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मलित लगभग 17 योजनाओं जैसे-पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्ज्वला, पीएम मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन अभियान आदि से अवशेष व्यक्तियों को संतृप्त किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त-राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार चक, उप कृषि निदेशक डॉ0 अश्वनी कुमार सिंह, उपायुक्त मनरेगा राजाराम, उपायुक्त स्वतः रोजगार श्यामजी, डीपीआरओ राकेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, खण्ड विकास अभोली ईरफान मिर्जा, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रबोधिनी एकादशी पर श्री मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव, विशाल देवी जागरण

- भव्य श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण का किया जाएगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी धाम प्रांगण में प्रतिवर्ष के भारत इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से और हर्ष उल्लास के साथ गुरुवार को प्रबोधिनी एकादशी को मनाया जायेगा।

**चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है**

पुराने के अध्ययन से यह ज्ञात है की मां विंध्यवासिनी देवी ही आदि शक्ति मूल प्रकृति की सर्वोच्यसत्ता है।

**आराध्या परमाशक्ति- सर्वैदपि सुरसुरै, नातः परतरम किश्चिदधिंक भुवनत्रये**

आगामी प्रबोधिनी एकादशी गुरुवार पर मां विंध्यवासिनी के प्रांगण में अखंड दीप मालाओं का प्रज् वाला मां योग माया विंध्यवासिनी जो दूसरों स्वरूप में विद्यमान है भक्तों द्वारा एक सच्ची भावांजलि है वास्तव में यह आयोजन इस वैदिक आवाहन को एक मूर्ति रूप देने का प्रयास है।

इस पावन पर्व का महत्व इसलिए अधिक बढ़ जाता है क्योंकि आज के दिन से पूरा भगवान नारायण विष्णु निद्रा का त्याग कर सांसारिक क्रियो का संचालन प्रारंभ करते हैं आज के इस पावन पर्व पर विंध्यवासिनी प्रांगण में दीपदान महालक्ष्मी स्वरूप मां



विंध्यवासिनी एवं भगवान नारायण दोनों को प्रसन्न कर अक्षय पुण्य के भक्तभागी बनता है। मात्र दीप दान से ही नवरात्र फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान मुख्य आयोजक श्री मां विंध्यवासिनी के प्रधान पुजारी (श्रींगारिया) पंडित शेखर शरण उपाध्याय,कार्यक्रम के अध्यक्ष सुशील सिंह,प्रभु सिंह धनबाद,संयोजक राजन पाठक, रघुवर उपाध्याय, राघवेंद्र उपाध्याय, तेजन गिरी,विनय उपाध्याय,पंकज अग्रहरी, उदयादित्य पांडेय आदि लोग कार्यक्रम में रहेंगे।

## टीबी अभियान में देश में मीरजापुर 15 वे रैक पर पहुंचा

- कास्य पदक सम्मानित हो चुके है सीएमओ

**2270 मरीजो को गोद लिया गया**

**23 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक जिले में चलेगा अभियान**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद में लगातार टीबी रोगियों के खोजने का अभियान लगातार चलाया जाता रहा है। इसी का नतीजा है कि अपना जनपद देश में 15 वें रैंक मिला है।अभी हाल में संस्थाओं ने खुद 2270 मरीजों को गोद लिया है। इसके साथ ही जिले में 23 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक टीबी का अभियान चलाया जायेगा। इस आशय की जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले को देश में 15 रैंक मिला है इसके लिए टीबी विभाग के सभी कर्मवारी बधाई के पात्र है। इसके लिए विभाग ने 956 टीम का गठन किया गया है। जो अपनेण्अपने क्षेत्रों में घरण्घर जाकर टीबी रोग के प्रति जागरूकता लगातार फैला रही है।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर छोटे लाल वर्मा ने बताया कि शासन स्तर पर दिये गये निर्देशों के अनुसार ही टीबी रोगियों को खोजने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिले के आबादी का 47 प्रतिशत लोगों का घरण्घर जाकर स्क्रीनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यदि कोई मरीज मिलता है तो विभाग की ओर से उसका निःशुल्क उपचार किया जाता रहा है। संस्थाओं के द्वारा मरीज को गोद लेने के बाद उनकी सारी जिम्मेदारी व आवश्यकताओं को अगले छह माह तक अनवरत पूर्ण किया जा रहा है। अभी और संस्था के द्वारा परिवार को गोद लिया जायेगा।

सतीश शंकर यादव ने बताया कि विभाग के सभी कर्मचारी कोविड के नियमों का पालन करते हुए टीबी के मरीजों का चिन्हाकंन कर रहे है। यदि किसी को 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी आती हो और खांसते समय खून आता होए सीने में दर्द तथा बुखार एवं वजन कम होने की शिकायत हो तो वे अपने बलगम की जांच अवश्य कराएं। सरकारी अस्पतालों में यह जांच निशुल्क कराई जाती है। उन्होंने बताया कि 2022-23 में 2356 टी0वी0 मरीजो को चिन्हित किया जा चुका है। जिनको 500 दर से लगभग 98 लाख रूपये बांटे जा चुके है। प्रत्येक विकास खण्ड केन्द्रों पर एकण्एक टी0बी0 जांच यूनिट है ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों की जॉच वहीं पर किया जा सके। इस बार टीवी खोजी अभियान में आरबीएसके की टीम आ जाने से और मजबूती मिली है।

## कोयला लदी खड़ी ट्रक मे पीछे से जोरदार टक्कर मे चावल लदी डीसीएम चालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अदलहाट, मीरजापुर।** वाराणसी मिर्जापुर मार्ग पर ग्राम छोटामिर्जापुर स्थित पेट्रोल पम्प के सामने सोमवार की भोर मे कोयला लदी खड़ी ट्रक मे पीछे से भीड़ी डीसीएम के चालक की मौत हो गयी।नरायनपुर पुलिस दोनो वाहन को कब्जे मे लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के विषय मे चौकी इन्चार्ज नरायनपुर राकेश राय ने बताया कि वाराणसी को जाने वाली कोयला लदी ट्रक छोटामिर्जापुर के सामने खड़ी थी।सोनभद्र से वाराणसी को जा रही चावल लदी डीसीएम अज्ञात कारण से खड़ी ट्रक मे पीछे से भीड़ गयी।टक्कर इतना जबरदस्त था कि डीसीएम के परखच्चे उड़ गये। डीसीएम चालक सोनू कुमार जायसवाल 27वर्ष पुत्र जयकुमार जायसवाल ग्राम सरंगा घोरावल थाना कर्मा सोनभद्र निवासी की मौके पर ही मौत हो गयी। डीसीएम सोनभद्र से चावल लादकर वाराणसी स्थित राजातालाब को जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही नरायनपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनो वाहनो को कब्जे मे लेकर शव को चुनार स्थित मोर्चरी हाउस मे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के पास मिले मोबाईल से परिजनो के साथ डीसीएम व ट्रक मालिक को पुलिस चौकी नरायनपुर मे बुला लिया। मृतक तीन भाईयों मे सबसे छोटा था।अभी उसकी शादी नही हो पायी थी।पिता जयकुमार जायसवाल खेती किसानी का कार्य करते है।घटना की जानकारी होते ही परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**मिशन शक्ति** अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं के साथ बेहतर/निरंतर संवाद हेतु शक्ति दीदी व्हाट्सएप ग्रुप के



माध्यम से जुड़ रही हैं। समस्या कोई भी हो कभी भी, कहीं भी ग्रामीण महिलाएं शक्ति दीदी से निसंकोच बात कर सकती हैं। खाकी रंग में कार्यरत शक्ति दीदी चौपाल के दौरान महिलाओं के विभिन्न समस्याओं जैसे- विधवा पेंशन या कोई शोहदा किसी को परेशान कर रहा हो या एफ आई आर की कॉपी मिलने में दिक्कत हो यह सब चीजों का समाधान तुरंत प्रार्थना पत्र के साथ करा सकती हैं एवं f.i.r. की प्रति थाने से प्राप्त कर व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर सकती हैं। आज दिनांक-20.11.2023 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजित ग्राम चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज़-4.0 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे-1090,112,1076,1098,108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## गाय का गोबर जादुई है, सेल फोन विकिरण से बचाता है: अरविंद

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर, शेरवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला चुनार के द्वारा खंड जमालपुर के बिसौरा कलां में आयोजित किया गया है। इस उत्सव के मुख्य वक्ता अरविंद कुमार प्रांत संयोजक गौ सेवा एवं अध्यक्षता सुरेश शर्मा ने किया। उत्सव में द्वय वक्तओ ने क्रमश शुभम एवम राम बालक अपने गौ आधारित विचार वक्त किया। प्रांत संयोजक अरविंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाय हमारी माता है। इसका मल-मूत्र अमृत है और मनुष्य को किसी भी रोग से बचाने की शक्ति रखता है। अगर गाय का गोबर कैंसर का इलाज कर सकता है। गाय का गोबर जादुई है, सेल फोन विकिरण से बचाता है। उन्होंने बताया किवह खुद को हानिकारक विकिरणों से बचाने के लिए अपने फोन पर गाय का गोबर लगाते हैं। उत्सव में खण्ड कार्यवाह जमालपुर आलोक, नवल किशोर कृष्णा नंद , विकास, मनीष,



अश्वनी, जितेंद्र पांडेय, हर्षित, रविन्द्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन देखने को मिला। संघ के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के द्वारा गौ पूजा एवं हवन किया गया। उत्सव का समापन मंत्र के बाद किया गया।

## छठ पूजा के अवसर पर गंगा तट पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार।** आस्था की चार दिवसीय पर्व डाला छठ पूजा के अवसर पर सोमवार की भोर नगर के बालू घाट, बहरामगंज, टम्मलगंज घाट पर नगर व आसपास की सैकड़ों महिलाएं पुत्र प्राप्ति और लंबी उम्र की कामना लिए पवित्र पतित पावनी माँ गंगा के तट पहुँच कर उगते हुए सूर्य को अर्ध देने के लिए गंगा के जल में दीप लेकर खडी रही।उषा की लालिमा दिखते ही दुध से अर्घ्य देने वालो की होड़ लग गई ब्रतियो मे भी उषा की पहली किरण को देख अर्घ्य देकर धन्य हुई। इस दौरान महिलाओं को वस्त्र बदलने के लिए पंडाल की ब्यवस्था एवं, सहायता सेवा केन्द्र पर्याप्त प्रकाश के लिए विजली ब्यवस्था व सफाई की ब्यवस्था नगर पालिका परिषद द्वारा की गई सुरक्षा ब्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ब्यवस्था चाक चौ बन्द रही। पावन पर्व के अवसर पर पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी राजपति बैश, जलकल अभियंता



सौरभ सिंह,प्रधान लिपिक शैलेश, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इलाहाबाद हाईकोर्ट जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता को बनाया गया कार्यवाहक चीफ जस्टिस



**इलाहाबाद** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मूर्ति का दायित्व सोंपा गया है। वह 22 नवंबर को अपना नया दायित्व संभालेंगे। उन्हें यह दायित्व मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर के सेवानिवृत होने की वजह से सौंपा गया है। भारत सरकार के विशेष सचिव राजेंद्र कश्यप की ओर से इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### युवक की हत्या, शराब ठेके के पास मिला शव




**प्रयागराज** शहर गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र के थरवई में एक युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से कुछ दूर पर स्थित शराब के ठेके के पास मिला। सुबह उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव की पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार थरवई निवासी कुंदन उर्फ नासिक (26) पुत्र आशिक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसके दो बड़े भाई शेर और पसेरे की भी कई साल पहले शहर में हत्या कर दी गई थी। छोटा भाई राजा बाबू जेल में बंद है। कुंदन रविवार की रात घर से किसी काम से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटा। सुबह उसकी लाश शराब के दुकान के पास मिली। बताया जाता है कि वह शराब का भी लती था। उसकी पत्नी मायके में रह रही है। कुंदन अपनी मां के साथ गांव में रहता था।

### विद्यालय की जमीन में अवैध कब्जे के आरोप में प्रधान अध्यापक निलंबित

**प्रयागराज।** लाखों रुपए वेतन के बाद भी अध्यापकों का पेट नहीं भरा जा रहा है तो कभी जमीन अवैध में संलिप्त कहीं समय से विद्यालय न जाना कहीं ड्राइवर से बच्चों को शिक्षा दिलाना कहीं बच्चों से गाड़ी साफ करना कहीं पर दारू पीकर बच्चों को शिक्षा देना कहीं पर मैडमों से गुफ्तगू करना यह आम बात हो गई है। फिर हाल ताजा मामला कड़ा विकास खण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोहब्बतपुर जीता की जमीन में गांव का एक दबंग अवैध निर्माण कर रहा था अवैध निर्माण में प्रधान अध्यापक की संलिप्ता उजागर होने पर बीएसए ने अध्यापक को निलंबित कर दिया है और चायल तहसील क्षेत्र के रैयादेह माफी विद्यालय के एक सहायक अध्यापिका ने बच्चों को अपने ड्राइवर से शिक्षा दिला रही है लेकिन अभी तक बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सहायक अध्यापिका को निलंबित नहीं किया।

### पुलिस अधीक्षक ने पैदल गस्त करके सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएगा



**हरदोई** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदीनशील स्थानों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों, दुकानदारों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से शांति/सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक यातायात व महिला थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।

### डीआईजी करेगें होमगाईस जवानों की बसों को रवाना

**अलीगढ़,।** पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर द्वारा आज प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस से राजस्थान राज्य के विधान सभा निर्वाचन 2023 को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद अलीगढ़ के 160 होमगाईस जवानों की बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। डिविजनल कमाण्डेन्ट होमगाईस संदीप कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि मण्डल के अधीनस्थ जनपद अलीगढ़ से 160, हाथरस से 120, एटा से 200 एवं कासगंज से 320 होमगाईस जवान राजस्थान राज्य के विधान सभा निर्वाचन 2023 हेतु उपलब्ध कराये जाने हैं।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने की छठी मैया की पूजा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** संगम समेत गंगा और यमुना के घाटों पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। दोपहर बाद से ही संगम पर व्रती महिलाएं पहुंचने लगी थीं। पूरा घाट खचाखच भरा था। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। घाटों पर विधि विधान से महिलाओं ने पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य की आराधना की। दिन पूजन सामग्री की खरीदारी की गई। इसके चलते शहर में फल और सब्जियों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। मान्यता है कि डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, शारीरिक रूप से होने वाली हर प्रकार की समस्याएं दूर होती हैं। इसके बाद अगले दिन उगते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। उगते सूर्य को अर्घ्य देने से स्वास्थ्य बेहतर होता है। सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण होगा। रविवार को व्रत रहने वाली महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना की।



यमुना नदी के सुजावनदेव घाट पर दोपहर से ही लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। सूर्य अस्त से पूर्व ही यमुना नदी में घुसकर महिलाएं छठी मैया के गीत गा रही थीं। जैसे से सूर्य अस्त होने को हुए। छठी मैया के जैकारे से पूरा यमुना घाट गूंज उठा। इस अवसर पर व्रती महिलाओं के साथ उनके परिवारजन और अन्य लोग भी उपस्थित रहे। यमुना घाट पर पुलिस की भी चाक- चौबंद व्यवस्था की गई थी।

छठ महापर्व पर इफको फूलपुर कालोनी स्थित जलाशय पर जुटी व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इफको कालोनी की व्रती महिलाएं, पुरूष और बच्चों की भीड़ रही।

नहाय खाय से शुरू होने वाली डाला छठ शुक्रवार से शुरू हुआ। इफको फूलपुर की घियानगर कालोनी में भी इस पर्व का बड़ा महत्व है। प्रत्येक वर्ष की तरह यहां व्रती महिलाओं ने रविवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर आशीष मांगा। सोमवार को प्रातः व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारण करेंगी। यहां व्रत रखने वाली महिलाओं के मुताबिक नहाय खाय के दिन व्रत रखने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं तथा नई फसल के चावल का भात, चना दाल और खासकर लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती है। प्रसाद भोजन बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उनका कहना है कि यह व्रत रखने से भारी पुण्य मिलता है। रविवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया भी सपत्नीक मौजूद रहे।

## जिला धिकारी ने ग्राम निधि खाते का संचालन के लिए कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बहसों ब्लॉक के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर ग्राम पंचायत में हुई वित्तीय अनियमितता को देखते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज ने ग्राम निधि खाते का संचालन करने के लिए 3 सदस्यों की कमेटी गठित कर दी और वहां के प्रधान से अधिकार छीन लिया। जिलाधिकारी ने कहा है कि जब तक जांच कमेटी अपनी अंतिम रिपोर्ट नहीं दे देती तब तक ग्राम सभा के विकास कार्य के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाती है।

जिसमें धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्यामलाल गंगा प्रसाद यादव पुत्र रामखेलावन तथा रीना शर्मा पत्नी शीतला प्रसाद सदस्य नामित किए गए हैं ।जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को यह निर्देशित करते हुए कहा है कि जांच कमेटी कीअंतिम रिपोर्ट आने तक ग्राम निधि खाते का संचालन तीन सदस्यीय कमेटी करेगी। यहां बता दें कि ग्राम प्रधान के विरुद्ध गांव के ही वशिष्ठ नारायण तिवारी ने आवेदन पत्र देते हुए प्रधान के ऊपर अनेक वित्तीय गढ़वडी करने का आरोप लगाया था । और जांच की मांग की गई थी। जिसमें एक जांच कमेटी नियुक्त हुई थी और प्रथम दृष्टि में उसने वित्तीय अनियमित पाते हुए रिपोर्ट भेजी थी ।प्रधान की तरफ से इसमें अधिकारियों से मुलाकात कर यह कहा गया कि यह जांच निष्पक्ष नहीं है। पुनर जांच कराई जाए इस पर एक जांच कमेटी गठित कर दी गई है जो विस्तृत रूप से जांच करते हुए अंतिम रिपोर्ट देगी लेकिन पहले की रिपोर्ट में दिखाए गए अनियमितता के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा धनराशि जमा कर देने पर वित्तीय गड़बड़ी की पुष्टि हो गई जिसके कारण से जिलाधिकारी को अंतिम रिपोर्ट जांच की आने तक उनके अधिकार को खत्म कर दिया और 3 सदस्यों की कमेटी नियुक्त कर दी जिससे विकास कार्य गांव का न रूक सके।

## प्रयागराज के अनिल कुमार और शिप्रा कुमारी ने अपने-अपने वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन के 38वें संस्करण का ताज सेना के धावक जसवंत सिंह बघेल और सीआईएसएफ की रीनू के सिर पर सजा। प्रयागराज के अनिल कुमार और शिप्रा कुमारी ने अपने-अपने वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पुरुष वर्ग में दूसरे स्थान पर आर्मी के बुगाथा श्रीनू ने और महिला वर्ग में दिल्ली की नूतन ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस बार मैराथन के दोनों ही वर्गों को नया चैंपियन मिला। पुरुष वर्ग में पहले 14 स्थान पर रहने वाले धावकों में से आठ धावक सेना के रहे। महिला वर्ग में स्थानीय धावकों ने अच्छा प्रदर्शन किया और पहले 14 स्थानों में पांच धावकों ने अपनी जगह बनाई। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर रविवार को उनके पैतृक आवास आनंद भवन से सुबह साढ़े छह बजे खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का आगाज किया। इसके बाद धावकों ने 42.195 किलोमीटर की इस मैराथन में बाजी मारने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी।



दौड़ में शुरूआत से ही आर्मी के धावकों ने बढ़त बना ली, जो कि अंत तक बनी रही। आर्मी के अनिल कुमार, प्रदीप चौधरी, जसवंत सिंह बघेल, कुलदीप सिंह और हरेंद्र सिंह आगे-पीछे होते रहे। वापसी मार्ग में जसवंत सिंह बघेल और अनिल कुमार में कड़ी टक्कर हुई। अंत के तीन किलोमीटर पहले बुगाथा श्रीनू ने वापसी करते हुए बढ़त बनाई लेकिन चंद्रशेखर आजाद पार्क में अंदर घुसने के बाद ही वह जसवंत सिंह बघेल से फिर पिछड़ गए। विजयी लाइन पर महज पांच सेकेंड पहले जसवंत सिंह ने प्रवेश किया, उसके बाद बुगाथा श्रीनू ने लाइन क्रास कर उपविजेता बने। वहीं, अनिल ने स्टेडियम में तीसरे स्थान पर प्रवेश किया और इसी स्थान पर रहकर दौड़ को पूरा किया। महिला वर्ग में रीनू ने शुरुआत में ही एक अच्छी बढ़त बना ली और पूरी दौड़ 2ः58ः16 घंटे में पूरी कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त कर लिया। वहीं, दूसरे नंबर पर रहने वाली नूतन को खूब परेशानियों का सामना करना पड़ा। रास्ते में चार बार गिरने के बावजूद उन्होंने अपनी पूरी दौड़ 3ः40ः04 घंटे में पूरी कर ली और प्रयागराज की धावक शिप्रा सिंह से महज 49 सेकेंड के अंतर से जीत हासिल कर ली। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खेल निदेशक आरपी सिंह भी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



**इंदिरा मैराथन में भाग लेने वाले किए गए पुरस्कृत**

**प्रयागराज।** कुल धावक - 399पुरुष - 347 महिला।

विजेताओं की सूची।

1. जसवंत सिंह - आर्मी पुणे दो लाख रुपया;2. बुगाथा श्रीनू - आर्मी पुणे एक लाख रुपया, 3अनिल कुमार - आर्मी पुणे 75 हजार रुपया, 4. प्रदीप सिंह चौधरी - आर्मी - दस हजार रुपया ,5. कुलदीप सिंह - आर्मी -- दस हजार रुपया, 6. हरेंद्र चौहान - गाजीपुर - - दस हजार रुपया, 7. दुर्गा बहादुर बुद्व - आर्मी - दस हजार रुपया, 8. अमित रमेश पाटिल - आर्मी दस हजार रुपया, 9. सचिन पाल - मुजफ्फरनगर दस हजार रुपया, 10. रिंकू सिंह - देहरादून दस हजार रुपया, 11. मनीष कुमार - छत्तीसगढ़ दस हजार रुपया, 12. सत्यवीर - बरेली दस हजार रुपया, 13. मो. शाहिद - वाराणसी दस हजार रुपया,14. मनीष कुमार सिंह - आर्मी - दस हजार रुपया

महिला वर्ग

1. रीनू - सीआईएसएफ भोपाल - दो लाख रुपया, 2. नूतन - नूतन - दिल्ली -एक लाख रुपया, 3. शिप्रा कुमारी - शिप्रा कुमारी - 75 हजार रुपया, 4. नेहा यादव - बलिया दस हजार रुपया, 5. प्रीति - मुरादाबाद - दस हजार रुपया, 6. ज्योति राजभर - बलिया - दस हजार रुपया, 7. गायत्री - मध्य प्रदेश हजार रुपया, 8. साधना - भदोही दस हजार रुपया, 9. प्रीति कश्यप - मुजफ्फरनगर - दस हजार रुपया, 10. गीतू पाल - प्रयागराज -- दस हजार रुपया, 11. एसएल सुमित्रा नंदन - प्रयागराज - दस हजार रुपया, 12. रंजना पाल - प्रयागराज - दस हजार रुपया, 13. मेजर डॉ फरह - प्रयागराज - - दस हजार रुपया, 14. ललिता रावत - ललिता रावत - उत्तराखंड दस हजार रुपया।

## बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी बच्चों को मानसिक रूप से रोगी बना रहीं हैं। योग गुरु

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** फूलपुर स्थित गोमती इंटर कॉलेज में बच्चों को योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य धर्मचंद्र जी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, पेट आदि की खराबी का मूल कारण बढ़ता तनाव है। बच्चों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी बच्चों को मानसिक रूप से रोगी बना रहीं हैं। नियमित रूप से योग अभ्यास करने से बच्चों में बढ़ते तनाव को काम किया जा सकता है तथा इससे उनकी एकाग्रता में भी वृद्धि होती है। योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। योग का अर्थ है जोड़ना। यदि हमारा मन पढ़ाई करते समय भटकता है तो हम योग नहीं कर रहे क्योंकि ऐसी स्थिति में शरीर व मन का मिलान नहीं हो रहा है तो पढ़ी हुई बात याद नहीं होगी। फिर जीवन में असफलता का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जीवन में की किसी भी दिशा में सफल होना है स्वस्थ रहना है तो हमें योग ध्यान करना पड़ेगा । योगाभ्यास के माध्यम से जहां हमारा शरीर स्वस्थ होता है, वही मन प्रसन्न रहता है तथा भावनाओं में संतुलन आता है। हमारे जीवन में एक संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण होता है ।फिर चाहे हमें भौतिक सफलता हो या आध्यात्मिक उन्नति करना हो हर दिशा में हम सफल होने लगते हैं।

योगाचार्य जी ने सभी बच्चों को संपूर्ण शरीर के स्वस्थ होने के लिए योग सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया। साथ ही ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, उत्कटासन, कुर्सी आसन , वृक्षासन, गरुणासन आदि आसनों का



अभ्यास कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र बहादुर सिंह पटेल ने सभी बच्चों को योगाचार्य जी द्वारा बताए गए योगाभ्यास को नियमित रूप से करने की सलाह दी। मौके पर श्री नंदलाल चौरसिया, प्रदीप कुमार, अमित द्विवेदी, महेंद्र कुमार यादव, प्रदीप कुमार शुक्ला, देवी प्रसाद यादव, संजय कुमार साहू आदि अध्यापकगढ़ मौजूद रहे।

## पुलिस ने वाहन चेकिंग कर चार वाहन का किया ?6000 का ई- चालान

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा !** पुलिस ने वाहन चेकिंग कर चार वाहन का किया ?6000 का ई चालान जनपद गोंडा के थाना परसपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी पसका क्या चौकी पर भारी सोम प्रताप सिंह ने सोमवार शाम को चौकी क्षेत्र के पसका पुल पर किया वाहन चेकिंग बिना हेलमेट तथा लापरवाही पूर्वक बाइक चालकों का क्या चालान पुलिस अधीक्षक गोंडा अंकित मित्तल के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था अमन चैन बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें बिना हेलमेट व लापरवाही पूर्वक बाइक बाइक चलाने वाले चार बाइक चालकों का ?6000 का ई-चालान किया गया।

इस दौरान चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने सभी बाइक चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया और बताया कि बाइक चलाते समय मोबाइल से बात ना करें और ना ही मोबाइल का लीड कान में लगा कर बात करें ऐसा करने से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

इसीलिए यातायात नियमों के अनुसार ही बाइक चलाएं और खुद सुरक्षित रहें तथा परिवार के लोग भी सुरक्षित रहे वहीं चार पहिया वाहन चालकों को भी जागरुक करते हुए बताया गया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें और यातायात नियमों का पालन करें।

# जन्म दिन पर याद किया गया इंदिरा गांधी को

**- आयरन लेडी ने पाकिस्तान का भूगोल बदल दिया।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आज देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही स्वर्गीय इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर आनंद भवन परिसर में कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़कर श्रद्धांजलि देते दी। अंग्रेजो के खिलाफ उन्होंने साहसिक लड़ाई लड़ी और बंदरी सेना का गठन इलाहाबाद आनंद भवन से ही किया। देश की आजादी के आंदोलन में वह कई बार जेल भी गई और देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री रहे स्वर्ग लाल बहादुर शास्त्री जी की कैबिनेट में वह मंत्री रही उनके निधन के बाद वह देश की प्रधानमंत्री बनी फिर उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा 1966 में उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करके अमीर लोगों के हाथ से पैसे को छीन कर राष्ट्र के विकास की तरफ मोड़ दिया और आम आदमी बैंक में पैसा जमा करने लगा।



पाकिस्तान द्वारा कब्जा करने की नीयत पर उन्होंने पानी फेरते हुए पूरे विश्व का भूगोल ही बदल दिया और बांग्लादेश का निर्माण करके पूरे विश्व में वह आयरन लेडी के रूप में मशहूर हो गई।

वह कभी अमेरिका के सामने झुकी नहीं बल्कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अमेरिका के सामने सीना तानकर हमेशा चुनौती इंदिरा गांधी ने दिया 1971 में गरीबी हटाओ आंदोलन और 1974 में पोखरण में एटम बम का ब्लास्ट करके उन्होंने पूरे विश्व में भारत को शक्तिशाली देश की कतार में खड़ा करने में उसका प्रमुख योगदान रहा है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय तिवारी सुरेश चंद्र यादव मुकुंद तिवारी प्रदीप मिश्रा अंशुमन उज्जवल शुक्ला हरकेश तिवारी पुजैल हाशमी किशोर वार्ष्णेय डॉक्टर सत्यद्य पांडे विजय यादव इरशादुल्लाह मनोज पासी राकेश पटेल दत्तात्रेय त्रिपाठी नागेश मिश्रा विनय दुबे लाल बाबू साहू अजय श्रीवास्तव।

## निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर

**- आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा!** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुआं में डायट प्रचार श्री अतुल तिवारी जी के द्वारा आज उपस्थित सभी ए0आर0पी0 को संबोधित करके समापन किया गया , प्रशिक्षण में जनपद गोंडा के सभी 16 विकासखंड एवं नगर क्षेत्र के ए आर पी व केआरपी ने प्रशिक्षण की बारीकियों को समझा, प्रशिक्षण डॉ वीर बहादुर सिंह व डॉ सौमित्र सिंह के देखरेख में जिला स्तर के एस आर जी टीम श्री के0बी0 लाल सर, श्री कमलेश पांडे सर, व विनीता कुशवाहा जी ने प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए संदर्भ दाताओं की समस्त जिज्ञासाओं को बहुत ही सरलता से सुलझाया, विक्रमशिला की प्रदेश स्तरीय टीम नौशाद मिर्जा ,राजेश गुप्ता ,शिवम पांडे, प्रदीप वर्मा, विवेक सिंह, प्रशांत सिंह की उपस्थिति में प्रशिक्षण के आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शीका पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला, कक्षा चार व पांच के लिए प्रथम संस्था से पवन रावत, शिवेंद्र वर्मा ओमप्रकाश जी ने विस्तृत रूप से 24 सप्ताह के कार्य योजना पर चर्चा किया, शीघ्र ही ब्लॉक स्तर के समस्त अध्यापकों का प्रशिक्षण ब्लॉक पर एआरपी के द्वारा आयोजित की जाएगी, प्रशिक्षण में राहुल देव वर्मा, संजीव कुमार मिश्र, सौरभ गुप्ता, पुष्कर तिवारी, अनिल मिश्रा ,मोहम्मद अनीस, अनुराग सिंह ,जावेद कमर ,हकीकुल्लाह, रामविलास वर्मा, आदि ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया, इसी के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण साकुशल संपन्न हुई।

## ईश्वर को पाने का सबसे उत्तम और सरल उपाय है प्रेम- आचार्य विनोद

**- "प्रेम ही परमात्मप्राप्ति का सहज मार्ग है" आचार्य विनोद**

स्वतंत्र प्रभात

**इटियाथोक,गोंडा।** ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे उत्तम और सरल उपाय प्रेम ही है।प्रेम भक्ति का प्राण भी होता है।प्रेम के बिना व्यक्ति चाहे कितना ही जप, तप, दान कर ले, परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकता है।संसार का कोई भी साधन प्रेम के बिना जीव को ईश्वर का साक्षात नहीं करा सकता है।यह ज्ञानोमयी उपदेश इटियाथोक बाजार में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की संगत को संबोधित करते हुए कथा व्यास आचार्य विनोद जी महाराज ने दिए।कहा,कि एकाग्रता सिद्ध करने का सबसे अच्छा उपाय यह है, कि अपने मन को संसार की ऐसी बातों से दूर रखा जाए जिनसे बेकार की उलझनें और समस्याएं पैदा हों।उसे केवल ऐसी बातों और विचारों तक ही सीमित रखा जाए, जिनसे अपने निश्चित लक्ष्य का सीधा संबंध हो।प्रायः लोगों का स्वभाव होता है,कि वे घर,परिवार, मुहल्ले, समाज, देश, आदि की उन बातों में अपने को व्यस्त बनाए रखते हैं ! जिनसे उनके मुख्य प्रयोजन का कोई सरोकार नहीं होता ! इस स्वभाव का जन्म निरर्थक उत्सुकता द्वारा ही होता है। प्रेम की उपलब्धि परमात्मा की उपलब्धि मानी गई है ! प्रेम परमात्मा का भावनात्मक स्वरूप है ! जिसे अपने अंतर में सहज ही अनुभव किया जा सकता है। प्रेम प्राप्ति परमात्मा प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। परमात्मा को पाने के अन्य सभी साधन कठिन, दुःसाध्य तथा दुरूह हैं ! एक



मात्र प्रेम ही ऐसा साधन है, जिसमें कठोरता अथवा दुःसाध्यता के स्थान पर सरसता, सरलता और सुख का समावेश होता है, अपने-आपको सुधारने का प्रयत्न करना, अपने दृष्टिकोण में गहराई तक समाई हुई भ्रांतियों का निराकरण करना मानव जीवन का सबसे बड़ा पुरुषार्थ है।सब में विशेषता भरने वाला "ईश्वर" है,तो हमारा लगाव "ईश्वर" से होना चाहिए।

## जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**- नगर निकाय सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगायें रोक - डीएम**

**- बिना अनुमति के ना संचालित हो ईंट भट्ठे-जिलाधिकारी**

बृजभूषण तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें उन्होंने इस वर्ष कराये गये वृक्षारोपण स्थल के जियो टैगिंग की समीक्षा की। उन्होंने लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, महिला एवं बाल विकास, गृह, चिकित्सा शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द अपनी शत प्रतिशत जियो टैगिंग करायें। साथ ही कहा जो पौधे मृत हो गए हैं उनके स्थान पर दूसरा पौधा लगाया जाये। बैठक के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के क्षेत्रीय अधिकारी से कहा कि जनपद में प्रदूषण नियंत्रण के लिए बिना अनुमति के किसी भी ईंट भठ्ठे को संचालित ना होने दिया जाए। उन्हें तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। स्थानीय निकाय से जनित नागरिक ठोस अपशिष्ट के अंतिम निस्तारण, अस्पतालों से उत्पन्न होने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का



निस्तारण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ सहित सभी संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

## सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार राजस्व वसूली के वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति करें:डीएम

**- मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अच्छी प्रगति पर अधिकारियों को बधाई देते हुए रैंकिंग बढाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों माह अक्टूबर 2023 की प्रगति के संबंध में बैठक का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने अक्टूबर माह की सीएम डैशबोर्ड पर अच्छी प्रगति पाई जाने पर सभी अधिकारियों बधाई देते हुए कहा कि इसमें सभी अधिकारियों की मेहनत से सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद की अक्टूबर माह की रैंकिंग 13 आई है जो अच्छा प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने सीएम डैशबोर्ड पर अच्छा काम है, उसमें और सुधार कराएं, क्योंकि सुधार की सदैव गुंजाइश रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देश हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम डैशबोर्ड चेक किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डैशबौर्ड में प्राप्त रैंकिंग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनकी रैकिंग कम है वे अगले माह प्रयास कर अच्छी श्रेणी लाई जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आधार कार्ड सीडिंग में प्रगति के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराएं। अमृत योजना के तहत भी कार्य में प्रगति लाते हुये लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये गये। विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान एडीए द्वारा मानचित्रों के आनलाइन स्वीकृति के प्रकरणों को लम्बित रखने पर उन्होंने कहा कि इससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय में स्वीकृत या अस्वीकृत करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी बैठकों को गंभीरता से लेते हुए स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने रूसा हास्पीटल और पामट्री के सामने जल निकासी के कार्यो में नगर निगम के प्रति कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए जल्द से जल्द समस्या निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मासान्त एवं वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार करना सुनिश्चित करें। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुये शत-प्रतिशत



वूसली सुनिश्चित करायें। वाणिज्यकर, खनन, नगर निकाय, परिवहन की वसूली की बिन्दुवार समीक्षा के साथ लक्ष्य के सापेक्ष वसूली पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जीएसटी के सापेक्ष संग्रह वसूली में लक्ष्य प्रगति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सहायक आयुक्त जीएसटी को प्रवर्तन कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धारा-80 के तहत लम्बित मामलों का अभियान चलाकर सभी उपजिलाधिकारी निस्तारण सुनिश्चित करायें। कुरा बंटवारा के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि गांवों में जाकर निस्तारण सुनिश्चित करायें। बैठक में स्वामित्व, पैमाइश, अवैध भूमि अतिक्रमण को खाली कराना, आवासीय एवं कृषि आवंटन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त मीनू राणा समेत सभी जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने दिव्यांग जवाहर को पहनाया चश्मा



**अलीगढ़,।** जवाहर सिंह उस समय हैरत में पड़ गया जब जिले के कलैक्टर इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने हाथों से उन्हें चश्मा पहनाया। उसने तपाक से जेब से एक कागज का टुकड़ा निकाला और पढ़कर चश्मे की गुणवत्ता को परखा। गद्गद हो जवाहर ने जिले को मुखिया को दुआएं भी दीं। यह पूरा वाकया शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस इगलास से शुरू होकर आज कलैक्ट्रेट में समाप्त हुआ। हुआ यूं कि नगला बघिया का दिव्यांग जवाहर अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी के सम्मुख पहुँचा तो डीएम ने देखा कि उसके चश्मे की दोनों डण्डी चुकी हैं और वह धागा बांधकर अपना काम चला रहा है। उन्होंने तत्काल ही सीएमओ को निर्देशित किया कि वह जवाहर की ऑखों की जांच कर उसका चश्मा बनवाएं। सोमवार को सीएमओ जवाहर को लेकर कलैक्ट्रेट पहुँचे जहां जिलाधिकारी ने अपने हाथों से जवाहर को चश्मा पहनाया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नेम निष्ठा श्रद्धा व समर्पण का लोक महापर्व छठ पूरे हर्षोल्लास के साथ हुआ समापन



**पाकुड़िया/पाकुड़िया/झारखण्ड-** कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से किया जाने वाला 4 दिवसीय महापर्व सूर्य षष्ठी (छठ) का उल्लासपूर्ण समापन 20 नवम्वर को उदीयमान भगवान आदित्य को अर्घ्य अर्पण के साथ हुआ। छठ पूजा पाकुड़िया प्रखण्ड के तृपितिया नदी की पावन तट, गनपूरा के बड़ी नदी ब्रहम्णी एवम पुष्करों की तट पर व्रतियों ने प्रथम दिन भगवान सूर्य नारायण को अस्ताचल गामी तथा 20 नवम्वर को उगते भास्कर को अर्घ्य अर्पण करने के साथ हुआ।छठ महापर्व का राधानगर, श्रीधरपाड़ा, तेगुड़िया, रामघाटी, चौकीसाल, पारूलिया, मोंगलाबांध, राजवाहा, लागडूम, तालवा, लखीपोखर आदि गाँवों में हुआ। आस्था कृतज्ञता की भावना में निहित आध्यात्मिकता है। सूर्य की सप्तरंगी किरणें सभी जीव धारियों के लिए अत्यावश्क है, इसके बिना जीवन की कल्पना निरर्थक है। जल में खड़े होकर दिवाकर को अर्घ्य अर्पण करने को पूर्णतः वैज्ञानिक कहा गया है।सूर्य षष्ठी का महापर्व दिनकर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने को दर्शाता रहा है।

## पूर्व विधायक मनोज यादव पहुंचे बरहीडीह प्राचीन छठ घाट, भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य

**बरही** लोक आस्था का महापर्व छठ के मौके पर रविवार को बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरहीडीह प्राचीन छठ घाट पर पहुंच कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने छठ मैया की पूजा अर्चना के बाद भगवान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर पूजा किया। इस दौरान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने छठ घाटों पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उमड़ पड़े। महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर छ्ठ व्रत का समापन किया। पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज यादव ने विधानसभा के सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और छठ मैया से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि सहित लोक मंगल की कामना किया। मौक़े पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, सद्भावना मंच के राज सिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया शमसेर आलम, भाजपा नेता राजकुमार केशरी, मेवालाल केशरी, पप्पू चंद्रवंशी, सुबोध केशरी, आकाश कुमार उर्फ़ गोलू ,विक्की सिंह, टिंकू आलम, अमित सिंह, पूजा कमिटी के पदाधिकारी एंव सदस्य गण सहित हज़ारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## छठ महापर्व पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल मेडिकल टीम ने छठ व्रतियों को दिया स्वास्थ्य सेवा

बरही लोक आस्था का महापर्व उगते भगवान भास्कर को सुबह का अर्घ देकर छठ पूजा का समापन शान्ति और सौहार्द वातावरण के साथ सम्पन्न हो गया। छठ पूजा के पावन अवसर पर बरही के मुख्य छठ घाटो पर अनुमंडलीय अस्पताल बरही के सौजन्य से उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं बरही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रिजवान अली के देख रेख में मेडिकल टीम के द्वारा छठ व्रतियों को स्वास्थ्य सेवा दिया गया। साथ ही विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली ने छठ व्रतियों को शुभकामना देते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र वासियों की खुशहाली एवं तरक्की के लिए छठ माता से कामना किया। मौके पर मुख्य रूप से आरजेडी नेत्री पुनम यादव, बरही पुर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी भगवान केशरी, जगदीश सिंह, विनय सिन्हा, सेवानिवृत शिक्षक राजेन्द्र रूखरीयार, शयाम सिन्हा, गुलजार अंसारी, मेडिकल टीम से डॉ अमन कुमार, सीएचओ कौशर प्रवीण, एएनएम गुलशन प्रविण, आरेजहां, कुलदीप कुमार, अब्दुललाह् अंसारी, मो शमसाद आदि उपस्थित होकर सहयोग किया।

## जनजातीय गौरव दिवस एनसीआर कालेज में मनाया



**टूण्डला-** मंडल कार्यालय प्रयागराज के निर्देश पर 23 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत एनसीआर कालेज टूंडला में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीआर कालेज टूंडला में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओ ने कहा कि बिरसा मुंडा लोकनायक के साथ-साथ आदिवासीयों एवं जनजातियों के सच्चे उन्नायक थे। उन्होंने आदिवासी जनजातियों के उत्थान के लिये अपने छोटे से जीवन में अभूतपूर्व कार्य किया है। कालेज में ''धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा'' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान सायन, द्वितीय स्थान आनंद राज तथा तृतीय स्थान दिनेश कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एनके शर्मा ने किया। इस दौरान कालेज स्टॉफ मौजूद रहा।

# अब्दुल कय्यूम अंसारी उर्दू मिडिल स्कूल ईरबा में 21 नवम्बर को होगा जलसा इस्लाह-ए- मुशायरा

**● - हज़रत मौलाना कारी अहमद अली फलाही साहब करेंगे खुसूसी खिताब**

**● - जलसा को कामयाब करने को लेकर ईरबा के नवजवान कमेटी ने की बैठक**

**स्वतंत्र प्रभात**

**हुसैनाबाद/ पलामू/ झारखंड** रांची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह दी छोटानागपुर रीजनल हैंडलूम कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड चेयरमैन अनवार अहमद अंसारी की ओर से जलसा-इस्लाह-ए- मुआशरह का आयोजन अब्दुल कय्यूम अंसारी उर्दू मिडिल स्कूल ईरबा, राँची ग्राउंड परिसर में 21 नवम्बर 2023 को किया जाएगा।जलसा-इस्लाह-ए-मुआशरह को कामयाब करने के लिए दी छोटानागपुर रीजनल हैंडलूम कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड ईरबा में नौजवान कमेटी के बीच बैठक सोमवार को आयोजित किया गया। जलसा-इस्लाह-ए-मुआशरह को कामयाबी करने को लेकर नौजवानों के बीच बैठक का आयोजन किया गया।जलसा-इस्लाह-ए-मुआशरह में भीड़ को देखते हुए वालंटियर्स का टीम गठित किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह दी छोटानागपुर रीजनल हैंडलूम कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड चेयरमैन अनवार अहमद अंसारी ने बताया कि जलसा-इस्लाह-ए-मुआशरह में खुसूसी खिताब 21 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार समय 7=30 रात से हजरत मौलाना कारी अहमद अली फलाही साहब करेंगे। उक्त जलसा - इस्लाह - ए - मुआशरह कार्यक्रम में स्थानीय व बाहरी शायर व उलेमा भाग लेंगे। मुख्य रूप से बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह दी छोटानागपुर रीजनल हैंडलूम कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड चेयरमैन अनवार अहमद अंसारी, ईरबा मरकजी अंजुमन कमेटी सेक्रेटरी अरशद अंसारी, कांग्रेसी नेता इमामुल अंसारी, कांग्रेसी नेता असफाक अंसारी, शिक्षा विभाग विधायक प्रतिनिधि तौहीद तरन्नुम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य करमा समीउल्लाह अंसारी, पूर्व ईरबा मरकजी अंजुमन कमेटी सदर जाहिद अंसारी, वसीम अंसारी रीजनल, हाजी हसीब अंसारी, हाजी रशीद अंसारी, रफीक अंसारी, फहीम अख्तर अंसारी, अकरम अंसारी, एडवोकेट शकील परवेज, सुहैल अंसारी, मुजतबा बबलू, जमील अंसारी, सरताज अंसारी, सरफराज शाहिदी, अफरोज फुटबॉलर, अबरार ऑटोमोबाइल्स, कमरानुल हक उर्फ बाबर, पप्पू, तबारक अंसारी, नौशाद अंसारी, नैयर, रुहुल अमीन, शम्स, गुलफाम अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।



# बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होगा आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने जारी किया दिशा निर्देश वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं से संबंधित नोडल पदाधिकारियों की सूची जारी किया। कार्यक्रम के जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बरही पूर्वी पंचायत में 24 नवम्बर को बरही टाउन हॉल में, कोनरा पंचायत के लिए 28 नवंबर को एनएचएआई मैदान कोनरा में, बेंदगी पंचायत में 29 नवंबर को पंचायत भवन में, करसो पंचायत के कोरियाडीह मैदान में 30 नवम्बर को, केदारूत पंचायत भवन में एक दिसम्बर, गोरियाकरमा पंचायत भवन में 2 दिसंबर, वहीं रसोइया धमना पंचायत भवन में 4 दिसंबर,बरही पश्चमी पंचायत के लिए 5 दिसंबर को टाउन हॉल बरही में, खोडाहर पंचायत भवन में 6 दिसम्बर, बसरिया पंचमाधव पंचायत भवन में 7 दिसम्बर, दुलमाहा पंचायत भवन में 9 दिसम्बर, कोल्हुवाकला पंचायत भवन में 11 दिसंबर को आयोजन किया जाएगा । वहीं भंडारों पंचायत में 12 दिसंबर को, 13 दिसम्बर को डपोक पंचायत के मध्य विद्यालय मैदान डपोक में, 15 दिसम्बर को बिजैया पंचायत के उच्च विद्यालय बिजैया मैदान का चयन किया गया है। वहीं मलकोको पंचायत भवन में 16 दिसंबर, 18 दिसंबर को रानीचुआं पंचायत के झंडा मैदान महुगढा में, 21 दिसंबर को बरसोत पंचायत भवन में , 22 दिसम्बर को करियातपुर पंचायत भवन में तथा 23 दिसम्बर को धनवार पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पंचायतों में कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सम्बधित विभाग के लिए नोडल पदाधिकारी को भी बनाया गया है वहीं सभी सम्बंधित विभाग के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उक्त शिविर में अपने अपने स्टाल के पीछे पोस्टर बैनर की व्यवस्था कर लगाने तथा फोटोग्राफर लेना सुनिश्चित करेंगे तथा ग्रामीणों के द्वारा दिए जाने वाले आवेदनों को जांच कर प्राप्त करेंगे। वहीं सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को भी निर्देश दिया गया है कि ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन को आनलाइन कर निष्पादन करेंगे। तथा सभी पंचायत सचिव एवं सम्बधित पंचायत के मुखिया को निर्देश दिया गया है कि आयोजित शिविर में पेयजल एवं विभागवार स्टाल, सभी स्टाल में चार चार कुर्सी एवं टेबल तथा ग्रामीणों के लिए दर्री तथा साउंड सिस्टम का भी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वहीं प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभूकों के बीच योजनाओं से संबंधित लाभों एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। वहीं सभी संबंधित पंचायत सचिव, मुखिया, रोजगार सेवक उक्त कार्यक्रम के बारे में एक दिन पहले व्यापक रूप से क्षेत्र में प्रचार प्रसार एवं उक्त शिविर में भाग लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे। स्टाल में राज्य सरकार के योजनाओं तथा उपल्बधियों से सम्बंधित दृश्य भी दिखाई जाएगी।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही** आस्था के महा पर्व चार दिवसीय छठ पूजा का उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। व्रती महिलाओं ने सूर्य की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य दिया और अपना 36 घंटे का व्रत पूरा किया। घाटों पर सुबह से ही व्रतियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह ठंड में छठव्रतधारियों का उत्साह देखते ही बना। व्रत रखने वालों ने अपने परिवार के साथ पवित्र जल में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार को उगते हुए सूर्य को छठव्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। बरहीडीह प्राचीन छठ नदी घाट सहित बरही के कई नदियों, तालाबों व जलाशयों में छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। बरही नदी छठ घाट पर पंडित रामलखन शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। आस्था, श्रद्धा व अटूट विश्वास के महापर्व पर छठव्रती महिलाओं के साथ परिवार के सदस्य तथा बड़े -बुजुर्ग व बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस छठ महापर्व पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कैयूम, जिप सदस्या प्रीति कुमारी जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता सहित कई पंचायतों के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने अपने क्षेत्र के घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार वालों व क्षेत्र वासियों के लिए सुख समृद्धि का कामना किया। इस दौरान बरहीडीह, रसोइया धमना, हरिला, बेंदगी, बरसोत, कोल्हुआकला, भंडारो, डपोक, विजैया, बेहराबाद, लसकरी, बराकर नदी, गौरियाकरमा, खोराहार, करियातपुर, दुलमहा सहित बरही प्रखंड के सभी क्षेत्रों में छठ पूजा धूमधाम से मनाई गई।

# आठ वर्षीय खुशी में छठ महापर्व कों लेकर विशेष आस्था, उठाई डलिया

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही** प्रखंड बसरिया पंचायत के अंतर्गत पंचमाधव निवासी कृष्णा पंडित की आठ वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी में आस्था का महापर्व छठ पूजा में विशेष आस्था देखने को मिला। खुशी अपनी नानी के साथ नहाए खाय से लेकर पारण तक हर पूजा अनुष्ठान में साथ-साथ कार्य करते नजर आई। साथ ही अपने घर से 2 किलोमीटर दूर छठ घाट पर अपने माथे पर लिया डालिया लेकर गयी। खुशी कुमारी में पूजा को लेकर आस्था देख हर कोई हैरतअंगेज है। खुशी कुमारी के पिता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की खुशी पूजा कों लेकर अपनी जीद पर अड़ी रही जिसके पश्चात घर वाले भी मना नहीं कर पाए। वहीं स्थानीय पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्ची की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत में ऐसे बच्चियों में छठ जैसे महापर्व में आस्था होना गर्व की बात है। हर कोई इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। जानकारी के पश्चात करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, समाजसेवी पूरन राम, नागेश्वर रजक, मंटू पंडित, अजय प्रजापति,तुलसी राम, मनोज कुमार दुबे, धीरेन्द्र कुमार यादव, कामेश्वर दास, राजू रजक, वीरेंद्र यादव, शिक्षक राजेश केसरी, सोनू केशरी, विनोद कुमार, बम बम राम, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य व्यक्तिओं ने बच्ची की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## करियातपुर में आस्था का महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण संपन्न, सैकड़ों छठ व्रतियों ने लगाई आस्था की डुबकी

**● - इस वर्ष भी छठ घाट में दिखा अद्भुत नजारा, लोगों ने आकर्षक सजावट को किया मोबाइल कैमरे में कैद**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में आस्था का महापर्व छठ पूजा अशोक पांडे के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा संपन्न हुआ। पूजा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भास्कर सूर्य भगवान को दुग्ध अर्घ्य किया। यह पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ी पर्व माना जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे। साथ ही यह व्रत संतान के सुखद भविष्य के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। बता दे कि करियातपुर में छठ नदी पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र रहा। लोग यहां की सजावट को देखने के लिए दुर दुर से आते रहें और भगवान सुर्य देव को दर्शन कर तस्वीरें लेते गये। यहां की कुछ अद्भुत नजरें जैसे पानी के बीचो बीच बाँस का पुल, पानी के बीचो बिच चारों ओर झरना , पानी के बीचो बीच गहराई में भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर दूध गिरना, ड्रोन कैमरा से निगरानी करना ,फुलों से सजाना एंव पिक्सल साउंड एंड लाइटिंग से पुरा छठ घाट के चारों ओर जगमग -जगमग करना आदि जैसे अनेक तरीके का सजावट जो सबका मन मोहने का कार्य किया गया। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बिरजू शर्मा ने सभी श्रद्धालु भक्तों के बिच अपिल किया कि करियातपुर में इस वर्ष भी छठ नदी पर हवन पूजन एवं गंगा माहआरती का आयोजन किया जाएगा जो 26 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा दिन सोमवार को सुबह-सुबह हवन पूजन एवं संध्या 7=00 बजे महा आरती का कार्यक्रम किया जाएगा।

वहीं शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बिरजू शर्मा, राहुल प्रजापति, उपेन्द्र भगत, छोटी प्रजापति,अजय भगत,टिंकु भगत, जमुना केसरी, संतोष केसरी अरविंद केसरी, पवन केसरी चाउमिन सेंटर, मुन्ना सोनी, मुन्ना शर्मा, सुरज शर्मा, चंदन शर्मा, सुरज पंडित, सुमित शर्मा एंव जन कल्याण समिति के संस्थापक संतोष कुमार प्रजापति, अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, सचिव प्रकाश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार कुशवाहा, विनोद कुमार केसरी ,चंदन कुमार केसरी, प्रदीप केसरी एवं रंजीत सोनी का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही साथ पूजा के समय करियातपुर मुखिया मनोज कुमार रविदास, सेवानिवृत शिक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केसरी, रामदास, अर्जुन केसरी जनकदेव सोनी समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं भक्त शामिल रहे।


# ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित टीम रेल सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे ने इंदिरा मैराथन प्रयागराज में लगाई दौड़

**टूण्डला-** महानिरीक्षक/रेलवे सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे, अमिय नन्दन सिन्हा के दिशा निर्देशन में रेल सुरक्षा बल की एक 24 सदस्यीय टीम ने प्रयागराज में आयोजित 38वीं इंदिरा गांधी मैराथन-2023 में प्रतिभाग किया। रेल सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों से चयनित टीम में 01 असिस्टेंट कमाण्डेन्ट, 03 निरीक्षक, 05 उपनिरीक्षक व 15 अन्य स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें 03 महिला बल सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस दौड़ के पीछे का उद्देश्य रेलवे सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारतीय रेल में यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व यात्रारत महिला के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करने की प्रतिबद्धतता को जन जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रसारित करना था। रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा ट्रेनों में अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा हेतु मेरी सहेली टीम का गठन किया गया है, जो अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं के पास जाकर उनकी समस्याओं को जानकर हर सम्भव सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा सभी रेल यात्रियों को रेलवे द्वारा एक हेल्पलाइन नम्बर 139 भी उपलब्ध कराया गया है, यदि यात्रा के दौरान उन्हे किसी भी तरह की परेषानी आती है तो वे इस हेल्पलाइन नम्बर पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसपर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। रेल सुरक्षा बल सदैव यात्रियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# असम के विभिन्न क्षेत्रों के साथ धौला सैखवा घाट पर आस्था और विश्वास का पावन पर्व छठ पूजा पालन

**● - भक्तों के आकर्षण के केंद्रबिंदु रहे पानी मे स्थापित छठी मईया के प्रतिमा और विषाल आकार का सूर्यदेवता के मण्डप।**







**संजय नाथ**

**स्वतंत्र प्रभात**

**असम धेमाजी** जिले सेसनातन हिन्दू धर्म मे बिभिन्न देव देवी के पूजा बड़ी भक्ति भाव से पालन किया जाता है। भक्तों का आस्था और बिस्वास का पावन पर्व छठ पूजा असम में बढ़ी धूमधाम से पालन करते हुए दिखाई देते है। असम के प्रमुख नद ब्रह्मपुत्र के तट सहित बिभिन्न उपनदी के तट पर भक्तों ने बड़ी धूमधाम से छठ पूजा पालन की। तिनसुकिया जिले की धौला सैखवा घाट, माकुम, दुमदुमा, तलाव, डिब्रुगढ़ जिले की बगिबिल, फुलबारी घाट, धेमाजी जिले की सिलापथार हायर सेकंडरी रोड के छठ पूजा घाट, राधा कृष्ण मंदिर , एव संतोषी माता मंदिर के आंगन के घाट में बड़ी संख्या में लोगों ने पर्व को पालन करते हुए दिखाई दी।

धौला सैखवा घाट पर इसबार सैखवा छठ व्रतोत्सव व्यवस्था समिति के 42वां बर्षीय छठ पूजा के लिए नदी घाट को सुंदर रूप से सजाया गया। धौला बाजार से घाट तक लाइट के प्रबंध बड़ी सुंदर झलक रही थी। घाट के

पानी मे स्थापित छठी मईया के प्रतिमा और विषाल आकार का सूर्यदेवता के मण्डप ने हर बर्ग के लोगों को आर्कषण के केन्द्रविन्दु रहे।

सैखवा छठ व्रतोत्सव व्यवस्था समिति के 42वां बर्षीय छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष चंदन मल्लह, कार्यकारी अध्यक्ष संदीप जेसव,उप सभापति रणवीर साहनी, ने मीडिया को दिए जानकारी अनुसार शानिवार दुपहर से व्रतीयो के साथ लोग घाट में आना शुरू हुए, डूबते हुए सूर्य देवता को अर्घ प्रधान कर,नदी में स्थापित छठ मइया को दुप-दीप जलाकर आराधना कर घर जाकर नियम पालन कि और आज सूरज उगने से पहले लोगों ने सूर्य देवता को अर्घ देने घाट पहंचे पंडित द्वारा सम्पन्न की गोई पूजा एवं यग्य के बाद व्रती प्रशाद वितरण कर खुद प्रशाद ग्रहण किया है । दूसरे ओर रात को घाट में अनुस्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने असम के बिभिन्न जाती-समुदाय के छात्रा संघटनों के पदादिखारियो को आमंत्रित कर भाईचारा के संपर्क बेहतर बनाने की प्रयास में एक मंच दिया गया।कार्यक्रम में मध्य रात से सुबह तक सात से दस हज़ार लोगों उत्सव का पूजा के साथ आनंद लेते हुए दिखाई दी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**संजय नाथ**

**स्वतंत्र प्रभात**

**फिरोजाबाद-** युवक एवं युवतियों में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित करने एवं देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये एमएसएमई-विकास कार्यालय भारत सरकार आगरा ने सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एमएसएमई-विकास कार्यालय आगरा के उपनिदेशक ब्रजेश यादव आईईडीएस ने अपने सम्बोधन में आई0टी0आई के प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा आज उद्यमिता का युग है और हमारे देश में संसाधनों और कच्चे माल की कोई कमी नहीं है मात्र हम लोगों को उसको उत्पादों में बदलने की आवश्यकता है इसके लिये हमारे युवाओं में हुनर स्कील की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों में मनोबल बढाने और उनको नये उद्योग स्थापित करने की जानकारी देने हेतु आयोजित किया जा रहा है सूक्ष्म लघु एवं मद्ययम उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है युवाओं को उत्पाद का चयन कर उनको विनिर्माण करने हेतु सरकार की ओर से काफी योजनायें चलाई जा रही है और हमारा एमएसएमई मंत्रालय उत्पादन से लेकर निर्यात तक भावी उद्यमीयों की मदद कर रहा है।

हेमलता यादव, प्रधानाचार्य आई0टी0आई ने अपने स्वागत संबोधन में छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कार्यक्रम पहली बार हमारे संस्थान में आयोजित किया जा रहा है, निःसदेह छात्र एवं छात्राऐं इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर अपने स्वरोजगार स्थापित करेंगे इसके लिये भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारी पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। सुरेश कुमार एल0डी0एम0 जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक फिरोजाबाद शुभम अग्रवाल राजेन्द्र मीणा अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक एसएमई, फिरोजाबाद ने ऋृण लेने के तौर तरीके, ब्याज दर, प्रोजेक्ट बनाने के दौरान किन किन पर घ्यान देना है इत्यादि से अवगत कराया। शत्रुधन दिवाकर, प्रबन्धक, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र फिरोजाबाद ने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से अवगत कराया।

ओम प्रकाश चक अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उ0प्र0 सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। योगेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0), आगरा मण्डल आगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं छात्र छात्रओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। आई0टी0आई0 के सत्यप्रकाश, कार्यदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में लगभग 140 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के समस्त कार्मिको ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# ब्राण्ड एम्बेसडर सिरसागंज ने आइडियल पब्लिक स्कूल में पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिरसागंज-** नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने आइडियल पब्लिक स्कूल, सिरसागंज की प्रथम यूनिट में बच्चों को स्वच्छ्ता का पाठ पढ़ाते हुए स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई। अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। प्रति वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने बच्चों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारियों डेंगू, मलेरिया, हैजा, चिकनगुनिया



आदि की जानकारी प्रदान करने के साथ उन्हें जंक फूड न खाने के लिए प्रेरित किया।आइडियल पब्लिक स्कूल, सिरसागंज के निदेशक डॉ देश दीपक गुप्ता ने अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को स्वच्छ्ता के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर कंचन, खुशी शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# कांशीराम शहरी आवास योजना में पात्र व्यक्ति करे आवेदन

**स्वतंत्र प्रभात**

**टूण्डला-** उप जिलाधिकरी टूण्डला शिवध्यान पाण्डेय ने सर्वसामान्य को पुनः सूचित किया है कि ग्राम बन्ना मौजा मौहम्मदाबाद, तहसील टूण्डला में स्थित मान्यवर श्री कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत आवंटन हेतु अवशेष 65 आवास का आवंटन किया जाना है। ग्राम बन्ना, मौजा मौहम्मदाबाद, तहसील टूण्डला, जनपद फिरोजाबाद में स्थित मान्यवर श्री कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत अवशेष 65 आवास के आवंटन हेतु दिनांक 10.11.2023 तक आवेदन-पत्र वितरण व जमा कराये हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन कर प्रसार-प्रचार किया गया। परन्तु काफी प्रसार-प्रचार करने के वावजूद भी मान्यवर श्री कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना आवण्टन हेतु मात्र 05 ही आवेदन ही प्राप्त हुए है, जिसके कारण पुनः प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रसार-प्रचार किया जाना आवश्यक है। ताकि अवशेष आवास आवण्टन की कार्यवाही पूर्ण हो सकें।

उन्होने बताया है कि मान्यवर श्री कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत अवशेष 65 आवास के आवंटन हेतु दिनांक 07.12.2023 तक आवेदन-पत्र वितरण व जमा कराये जाने हेतु पुनः प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन शहरी गरीब परिवार के पात्र व्यक्ति, जो उक्त आवासों में आवंटन कराना चाहते है, वह तहसील कार्यालय टूण्डला स्थित कक्ष संख्या-10 से 07.12.2023 तक आवेदन-पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते है। दिनांक 07.12.2023 के बाद आवेदन-पत्र वितरण व जमा किये जाने के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक आवेदन-पत्र प्राप्त के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।

# एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**स्वतंत्र प्रभात**



**फिरोजाबाद-** युवक एवं युवतियों में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित करने एवं देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये एमएसएमई-विकास कार्यालय भारत सरकार आगरा द्वारा सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें एमएसएमई-विकास कार्यालय आगरा के उपनिदेशक ब्रजेश यादव आईईडीएस ने अपने सम्बोधन में आई0टी0आई के प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज उद्यमिता का युग है और हमारे देश में संसाधनों और कच्चे माल की कोई कमी नहीं है मात्र हम लोगों को उसको उत्पादों में बदलने की आवश्यकता है इसके लिये हमारे युवाओं में हुनर स्किल की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों में मनोबल बढाने और उनको नये उद्योग स्थापित करने की जानकारी देने हेतु आयोजित किया जा रहा है सूक्ष्म लघु एवं मद्ययम उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है युवाओं को उत्पाद का चयन कर उनको विनिर्माण करने हेतु सरकार की ओर से काफी योजनायें चलाई जा रही है और हमारा एमएसएमई मंत्रालय उत्पादन से लेकर निर्यात तक भावी उद्यमीयों की मदद कर रहा है। हेमलता यादव, प्रधानाचार्य आई0टी0आई ने अपने स्वागत संबोधन में छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि कार्यक्रम पहली बार हमारे संस्थान में आयोजित किया जा रहा है, निःसदेह छात्र एवं छात्राऐं इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर अपने स्वरोजगार स्थापित करेंगे इसके लिये भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारी पूरा सहयोग प्रदान करेंगे।

एल0डी0एम0 जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक सुरेश कुमार, शुभम अग्रवाल राजेन्द्र मीणा अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक एसएमई, फिरोजाबाद ने ऋृण लेने के तौर तरीके ब्याज दर प्रोजेक्ट बनाने के दौरान किन किन पर घ्यान देना है इत्यादि से अवगत कराया।

शत्रुधन दिवाकर प्रबन्धक,जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र फिरोजाबाद ने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से अवगत कराया।ओम प्रकाश चक अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उ0प्र0 सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। योगेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक प्रशि0/शिक्षु0 आगरा मण्डल आगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं छात्र छात्रओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। आई0टी0आई0 के सत्यप्रकाश, कार्यदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में लगभग 140 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के समस्त कार्मिको ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।


# तेलंगाना में होगा BRS, कांग्रेस व भाजपा का त्रिकोणात्मक मुकाबला ?

3 करोड़ से अधिक मतदाताओं के साथ, तेलंगाना सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), जो लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है, कांग्रेस जो कर्नाटक में अपनी सफलता की उम्मीद कर रही है, और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच एक भयंकर लड़ाई देखने के लिए तैयार है। विरोधी दल जो सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाने की उम्मीद करता है। जबकि 10 साल पुराने तेलुगु राज्य के शासन के लिए बहुत कुछ दांव पर है, नतीजे यह भी तय करेंगे कि राज्य अगले साल लोकसभा चुनावों में कैसे मतदान कर सकता है। तेलंगाना में 119 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान 30 नवंबर को होने वाला है, जब अन्य चार राज्यों में चुनाव खत्म हो चुके होंगे जिससे दोनों राष्ट्रीय दलों को हिंदी पट्टी पर नियंत्रण के लिए अपने अभियान में बढ़त मिल सकती है। परिणाम, जो 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे, देश के दक्षिणी राज्यों के चुनावी मूड को भी एक खिड़की प्रदान करेंगे, जिन्होंने बड़े पैमाने पर धर्म और सांप्रदायिकता के आसपास की नाटकीयताओं पर कल्याणकारी नीतियों और स्थानीय वादों का जवाब दिया है। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता वाली सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), जिसे पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति के नाम से जाना जाता था, ने 2014 और 2018 में लगातार दो चुनावी लड़ाइयाँ जीतीं। इसने 2014 में 119 में से 63 सीटें जीतकर साधारण बहुमत हासिल किया, लेकिन कामयाब रही। 2018 के चुनावों में अपनी उपस्थिति 88 सीटों तक बढ़ाने के लिए। पार्टी एक अलग राज्य के रूप में तेलंगाना की भावना पर दृढ़ता से सवार रही है, जनता को 1969 की याद दिलाती है जब आंदोलन के दौरान 300 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कारक ने काफी हद तक उस पार्टी के पक्ष में काम किया है जो लगभग एक दशक से सत्ता में है। पार्टी के करिश्माई प्रमुख, जिन्होंने 2001 में तेलंगाना राष्ट्र समिति की स्थापना की, तेलंगाना के गठन पर जोर देते रहे, जो कभी आंध्र प्रदेश राज्य का एक क्षेत्र था। 2014 में तेलंगाना के आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद, केसीआर ने विभिन्न कृषि और आर्थिक मापदंडों पर राज्य को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया।अपने पूरे शासन के दौरान, केसीआर ने विभिन्न जातियों और समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए लक्षित नीतियां पेश कीं - एकल महिलाओं के लिए पेंशन योजनाएं, रायथु बंधु योजना, जिसे किसान निवेश सहायता योजना के रूप में भी जाना जाता है, दलित बंधु योजना, किसानों को मुफ्त बिजली प्रदान की गई, कल्याण लक्ष्मी विवाहित महिलाओं और कई अन्य लोगों के लिए योजना। नवगठित राज्य में 2014 में टीडीपी के साथ गठबंधन में लड़ी गई 45 सीटों में से भाजपा केवल पांच सीटें ही जीत सकी थी। लेकिन दिसंबर 2018 के चुनावों में ताकत घटकर सिर्फ एक सीट रह गई। हालाँकि, पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में बड़ा स्कोर किया और चार सीटें जीतीं। अन्य कारकों के अलावा, राज्य में हिंदुत्व विचारधारा का सीमित प्रभाव, जैसा कि कर्नाटक में देखा गया था, इस क्षेत्र में पार्टी की लगातार हार के लिए जिम्मेदार है।

पार्टी वोटों को अपने पक्ष में करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के चेहरों पर भरोसा कर रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने महबूबनगर से अभियान की शुरुआत की और इसके बाद निज़ामाबाद में एक और बैठक की, जहां उन्होंने सत्ता में आने पर हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की - जो क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। उन्होंने बीआरएस नेतृत्व पर भी हमला बोला और यहां तक कहा कि केसीआर ने एनडीए में शामिल होने के लिए बोली लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया - जिससे दोनों के बीच गठबंधन की अफवाहें प्रभावी रूप से बंद हो गईं।भाजपा नेता दिल्ली शराब नीति घोटाले में केसीआर की बेटी के कविता के खिलाफ आरोपों को भी तूल दे रहे हैं। हालाँकि, हैदराबाद स्थित पीपुल्स पल्स द्वारा किए गए एक मूड सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा के पास कम से कम 90 विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत उम्मीदवार नहीं हैं। सर्वेक्षण में भविष्यवाणी की गई है कि विपक्षी दल - कांग्रेस और भाजपा - सत्तारूढ़ बीआरएस के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने की स्थिति में नहीं हैं, जो राव के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में वापसी का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

भाजपा का कहना है कि वह इस विश्वास के साथ तेलंगाना के चुनाव में उतरी है कि उसे ही एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद तेलंगाना अलग राज्य बना था। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सत्ता थी, जिसने अलग तेलंगाना की आवाज को बार-बार दबाया, कुचला। भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी थी, जिसने अलग तेलंगाना बनाने के लिए संघर्ष भी किया और पार्टी ने राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किया। दूसरी ओर BRS पार्टी पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है। तेलंगाना को परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति से बचाने के लिए भाजपा को जनता निश्चित रूप से आशीर्वाद देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है और जनकल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के आम जनता तक पहुंच रही है। भाजपा को आशीर्वाद मिलता है तो एक डबल इंजन की सरकार तेलंगाना के विकास को गति देगी और 'बंगारू तेलंगाना' (स्वर्णिम तेलंगाना) का जो सपना अधूरा रह गया था, उसे भाजपा पूर्ण करने का प्रयास करेगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री KCR ने पार्टी नेताओं की बैठक में कांग्रेस को




अपना प्रतिद्वंद्वी माना है। मगर, राजनीति में जो बात कही जाती है उसके मायने उसी रूप में सीधे नहीं होते। KCR ने जिस तरीके से देशव्यापी स्तर पर गैर-भाजपा सियासत को मजबूत करने की पूरी शिद्दत से कोशिश पिछले दिनों दिखाई है उससे यही पता चलता है कि वे भाजपा को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हैं। स्पष्ट है केसीआर कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी बोलते हैं और भाजपा को मानते हैं।

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रही थी कांग्रेस। उसे 28.43% वोट हासिल हुए थे और उसे 19 सीटें मिली थीं। भाजपा ने बीते विधानसभा चुनाव में 6.98% वोट हासिल किए थे और उसे एक सीट पर जीत भी मिली थी। मगर, भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कहानी ही पलट दी। करीब 20% वोट लाकर भाजपा ने जता दिया कि वो तेजी से उभरती हुई ऐसी ताकत है जो सरकार बनाने का दमखम जुटा रही है। इस चुनाव में यह भी देखने वाली बात होगी कि क्या भाजपा का वो दमखम 2023 में बरकरार रहने वाला है?

कर्नाटक के प्रभाव से निकलकर अगर भाजपा ने तेलंगाना में अपनी पैठ को और मजबूत करने का प्रयास दिखया तो तेलंगाना में त्रिकोणात्मक संघर्ष दिखेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। कांग्रेस को खुद KCR अपना प्रतिद्वंद्वी मान रहे हैं और आंकड़े भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं और कांग्रेस के नेता भी प्रदेश में अपनी सरकार का सपना देख रहे हैं। TRS के लिए ये स्थिति अनुकूल भी साबित हो सकती है अगर वे अपना वोट बैंक बहुत अधिक बिखरने ना दें। ऐसी स्थिति में BRS विरोधी वोटों के बंटने का सीधा फायदा कांग्रेस या भाजपा को मिलेगा। एक रोचक मुकाबले की उम्मीद तेलंगाना में की जा सकती है।

भाजपा के अनुसार भाजपा तेलंगाना में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ और तेलंगाना के सर्वांगीण विकास के लिए लड़ाई लड़ रही है। यह लड़ाई जारी हैं । राज्य के संसाधनों पर केवल कुछ सत्ताधारी परिवारों का कब्जा रहा है और तेलंगाना के लिए लड़ाई लड़ने वाले नायकों को इन परिवारों ने लगातार नजरअंदाज किया है। किसान अपने बढ़ते कर्ज और प्रदेश सरकार की कुनीतियों से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है, युवा आंदोलन कर रहे हैं, परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। कानून-व्यवस्था की बदतर स्थिति है। लोगों को अब भाजपा से ही उम्मीद है। भाजपा के अनुसार भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, किसी परिवार या व्यक्ति विशेष आधारित नहीं। चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं और जनता की आवाज के अनुसार ही मुख्यमंत्री के नाम पर भी विचार-विमर्श और फैसला होता है, यह एक परंपरा है। जहां तक OBC चेहरे की बात है, भाजपा ने सबसे अधिक OBC उम्मीदवार दिए हैं। तेलंगाना भाजपा में कई बड़े OBC नेता नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ-सबका विकास में विश्वास रखती है।कर्नाटक में एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जनसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं जो जनसेना पार्टी NDA का एक विश्वसनीय घटक दल है,

इतिहास गवाह है कि तीन परिवार- KCR परिवार, ओवैसी परिवार और गांधी-नेहरू परिवार मिल कर 10 साल से चुनाव लड़ रहे हैं और एक-दूसरे के साथ अदृश्य रूप से सरकार चला रहे हैं। कांग्रेस तुष्टीकरण और झूठ पर आधारित पार्टी है। तेलंगाना का हर मतदाता जानता है कि पिछले 10 सालों में तेलंगाना के लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया, लेकिन चुनाव के बाद जीते हुए कांग्रेसी विधायक BRS के साथ मिलकर सरकार में चले गए। यह किस प्रकार का समझौता है? या यह केवल नूरा कुश्ती फ्रेंडली फाइट है, कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए।टी राजा का निलंबन वापस लेने से भाजपा को इस चुनाव में फायदा ही होना है क्योकि टी राजा भाजपा के विधायक रहे हैं और तेलंगाना में पार्टी का बहुत महत्वपूर्ण चेहरा हैं।और अब भाजपा के केंद्रीय अनुशासन समिति ने उनके दिए गए जवाब के आधार पर उनका निलंबन वापस लिया है जिसका फायदा भी भाजपा को इस चुनाव में मिलेगा ।



**अशोक भाटिया,**
**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक एवं टिप्पणीकार**

# संपादकीय

## राज्यों के चुनावों में राष्ट्रीय नहीं स्थानीय मुद्दे भारी

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान संपन्न हो चुका है वाकी के तीन राज्यों राजस्थान, तेलंगाना, और मिजोरम में अंतिम चरण में है। लेकिन इन चुनावों में एक बात स्पष्ट देखी गई कि यहां राष्ट्रीय मुद्दों से अलग होकर स्थानीय मुद्दों को मतदाताओं ने सर्वोपरि रखा और उसी पर मतदान किया। भारतीय जनता पार्टी ने भरपूर कोशिश की कि यहां राष्ट्रीय मुद्दों को भुनाया जा सके लेकिन जनता ने उसे अस्वीकार कर स्थानीय मुद्दों को ही वरीयता दी। आज का मतदाता होशियार हो चुका है और वह लोकसभा, विधानसभा और नगर निकाय के चुनावों में अंतर को भली भांति जानने लगा है। कोई भी राजनीतिक दल उसको गुमराह नहीं कर सकता। दरअसल कोई भी दल एक बार या दो बार राज्य में सत्ता में रहते हुए सारी जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकता है। यह बात राजनीतिक दल भी भली भांति जानते हैं। और वह इसी भ्रम को तोड़ते हुए। प्रदेश के चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों को उठाने की कोशिश करते हैं ताकि स्थानीय मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाया जा सके। लेकिन इस बार सभी राजनीतिक पार्टियां ऐसा कर पाने में विफल रहीं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में हम तीन हिंदी भाषी राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावो की बात कर रहे हैं। जिसमें मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी यदि डेढ़ साल के कांग्रेस के कार्यकाल को हटा दिया जाए तो 18 वर्ष से सत्ता पर काबिज है। वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी को 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। लाजमी है कि इतने समय में कुछ सरकार से खुश होंगे तो कुछ असंतुष्ट भी होंगे और यही असंतुष्ट मतदाता ही सत्ता को पलटा देते हैं।

मध्यप्रदेश प्रदेश की बात करें तो यहां बीस वर्षों में पिछले 2018 में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ पाई थी और डेढ़ वर्ष बाद एक नाटकीय घटनाक्रम में कांग्रेस की सरकार गिर गई और भारतीय जनता पार्टी ने फिर से सत्ता सम्हाल ली हालांकि भारतीय जनता पार्टी को राज्य की जनता ने जनादेश नहीं दिया था लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस से नाराज़ हो जाने से वह अपने समर्थक 22 विधायकों को लेकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और कांग्रेस की सरकार गिर गई। बाद में हुए उप चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने वो सीटें जीत कर सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की। लेकिन मतदाता भारतीय जनता पार्टी से संतुष्ट नहीं था और उसने 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से दूर रखा था। हालांकि बहुमत कांग्रेस को भी नहीं मिला था लेकिन वह बहुमत के ज्यादा करीब थी और उसने सपा बसपा और अन्य के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। इसलिए मध्यप्रदेश की जनता न तो कांग्रेस से खुश थी और न ही भारतीय जनता पार्टी से। और इसीलिए। भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों को उठाने की भरपूर कोशिश की लेकिन मतदाता ने उन मुद्दों को नकार दिया। मतदाता राज्य के



विधानसभा चुनाव और देश के लोकसभा चुनावों के अंतर को भली भांति जानता है। और इसका सीधा असर दिल्ली के चुनावों को देखकर पता चलता है जहां विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ विधानसभा में पहुंचाया वहीं उसके बाद हुऐ लोकसभा चुनाव में सारी की सारी 7 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डाल दीं। मतलब स्पष्ट है कि वह केन्द्र में तो भारतीय जनता पार्टी को देखना चाहता है लेकिन राज्य में वह आम आदमी पार्टी की सरकार को देखना पसंद कर रहा है।

भारतीय जनता पार्टी केन्द्र और राज्य दोनों में ही एक ही एजेंडे पर काम करना चाहती है और वह राम मंदिर, हिंदुत्व, सनातन के मुद्दे को सर्वोपरि रखना चाहती है। यह सत्य है कि इन मुद्दों पर उसे कई राज्यों में सफलता प्राप्त होती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में तो ये मुद्दे उसके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। लेकिन मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता का विचार अलग दिखाई दिया है। जब तीनों राज्यों की जनता से विधानसभा चुनावों को लेकर बातचीत की गई तो यही देखने को मिला कि वो अपने विधायकों और सरकार से खफा है। ज्यादा तर जनता की यही राय थी कि विधायक एक बार जीतने के बाद दुबारा क्षेत्र में नहीं आते हैं। और उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं जिसके लिए उन्होंने विधायकों को चुना है। अगर मध्यप्रदेश में जनता भारतीय जनता पार्टी सरकार से खफा दिखाई दी तो वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार से खफा दिखी। राजस्थान में गहलोत सरकार की नीतियों को तो जनता ने प्रभावित किया लेकिन कांग्रेस के विधायकों से जनता की नाराज़गी साफ दिखाई दी। यदि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार जाती है तो उसका सीधा संबंध कांग्रेस के के विधायकों की निरंकुशता से होगा और यदि सरकार बचती है तो यह गहलोत सरकार की नीतियों की जीत होगी। वहीं मध्यप्रदेश में जनता ने कई बार से शिवराज सिंह चौहान की सरकार को देखा है। और ऐसा प्रतीत होता है कि शिवराज सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरती दिखाई दे रही है। और इसीलिए इस बार के विधानसभा चुनावों में भाजपा हाईकमान ने मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनावों की बागडोर अपने हाथों में ले ली। चुनाव का पूरा प्रबंधन अमित शाह ने किया और जहां जहां पार्टी कमजोर दिखाई दी वहां अपने एक दर्जन से अधिक सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार दिया। अब देखना यह है कि भारतीय जनता पार्टी का यह क़दम कितना कारगर सिद्ध होता है।

भारतीय जनता पार्टी ने तीनों हिंदी भाषी राज्यों में राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस को पूरी तरह से घेरने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस स्थानीय मुद्दों पर ही कायम रही क्यों कि जहां बात राष्ट्रीय मुद्दों की आती है तो वहां कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से पीछे नज़र आती है। और स्थानीय मुद्दों पर उसे आसानी नजर आती है। राष्ट्रीय मुद्दों पर अभी भी कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी को नहीं घेर सकी है। यह बात सत्य है कि राज्यों के चुनावों में वह जरूर भारतीय जनता पार्टी से टक्कर लेती दिखती है। यहां पर यह समझना जरूरी होगा कि जिन राज्यों में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होता है वहां कांग्रेस मजबूत खड़ी दिखाई देती है। लेकिन जहां उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल , महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली और पंजाब की बात आती है तो यहां कांग्रेस को न ही पाने को कुछ है और ना ही खोने को क्यों कि इन राज्यों में कांग्रेस के पास ठीक से कार्यकर्ता तक नहीं हैं। यहां भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला सीधा क्षेत्रीय दलों से होता है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, जेडीयू, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी और महाराष्ट्र में एन सीपी और शिव सेना से होता है। यहां कांग्रेस दूर दूर तक नहीं दिखाई देती है। और वह पूरी तरह से क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है। और इसी को देखते हुए विपक्ष ने इंडिया गठबंधन को तैयार किया है जिससे कि इन राज्यों के सरकार विरोधी मतों को एक जुट किया जा सके। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से इन विधानसभा चुनावों में हिंदुत्व, राम मंदिर और सनातन के मुद्दों को उठाया है ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है कि जनता इन मुद्दों पर वोट करेगी। उसके मुद्दे स्थानीय हैं और उनकी स्थानीय समस्याओं को ही इन पार्टियों को समझना होगा।



**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# इस हार के लिए वीवीआईपी की मौजूदगी तो जिम्मेदार नहीं

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा। लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली टीम इंडिया का विजय रथ ऑस्ट्रेलिया ने तोड़ा और फाइनल अपने नाम किया।वर्ल्ड कप के फ़ाइनल मुक़ाबले में भारतीय टीम की हार के बाद क्रिकेट प्रशंसक काफ़ी निराश हैं। वे मानते हैं कि टीम का अति आत्मविश्वास हार का कारण बना। इस फाइनल मैच को देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह समेत बडी संख्या में फिल्मी हस्तियों जैसे अति वीवीआईपी स्टेडियम में मौजूद थे। ये भी हो सकता है कि इन वीवीआईपी की मौजूदगी के कारण भारतीय टीम पर अच्छा प्रदर्शन दिखाने के प्रेशर रहा हो।इसीके कारण भारतीय टीम चूक करने लगी।वह अच्छा प्रदर्शन न कर सकी हो। भारत की इस हार के बाद भारतवासियों समेत भारत के सभी खिलाड़ी निराश थे। कप्तान रोहित और मोहम्मद सिराज तो अपने आंसू भी नहीं रोक सके। मैच के बाद जब रोहित से टीम की हार पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा ÷नतीजा हमारे अनुकूल नहीं रहा। हम आज उतना अच्छा नहीं खेले। हमने सब कुछ करने की कोशिश की, लेकिन यह हमारी किस्मत में नहीं था। हम 20-30 रन और बनाते तो अच्छा होता। केएल और कोहली अच्छी साझेदारी कर रहे थे और हम 270-280 के स्कोर की ओर देख रहे थे, लेकिन हम लगातार विकेट खोते रहे। जब आपके पास बोर्ड पर 240 रन होते हैं, तो आप विकेट लेना चाहते हैं, लेकिन हमें खेल से बाहर करने का श्रेय हेड और लाबुशेन को जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि रात में बल्लेबाजी के लिए विकेट थोड़ा बेहतर हो गया था। मैं इसे कोई बहाना नहीं बनाना चाहता। हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए। शानदार साझेदारी करने के लिए उन दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को श्रेय जाता है।

प्रशंसक कहते हैं कि भारतीय टीम अति आत्मविश्वास के कारण हारी है। बीबीसी के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, "खिलाड़ियों की ऊर्जा कम लग रही थी। गेंदबाज़ी और फील्डिंग में कमी थी। जिस दिन ज़रूरत थी उस दिन टीम चूक गई। उनका मानना था भारत ने आज अपना केवल 40 प्रतिशत प्रदर्शन ही ठीक दिया। रोहित शर्मा का विकेट गिरना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। इस सवाल के जवाब में कि भारतीय टीम अच्छे फॉर्म में थी, फिर भी क्या हुआ, प्रशंसक कहते हैं, "टीम में आज अनुशासन की कमी थी।"वहीं एक प्रशंसक कहते हैं, "आज ऑस्ट्रेलिया का दिन था. भारतीय टीम की इतनी आलोचना करना ठीक नहीं है।" भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर टीम का हौसला बढ़ाया ।उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया का टैलेंट और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था।पीएम मोदी ने लिखा, ÷आपने बहुत अच्छे जज्बे के साथ खेला है और देश को गौरवान्वित किया है। हम आज आपके साथ खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। "ट्रैविस हेड और मानर्स लाबुशेन की दमदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराते हुए वनडे वर्ल्ड कप छठी बार जीत लिया है।ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इसके तीन बल्लेबाज़ केवल 47 रन पर आउट हो गए लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए।इससे पहले विराट कोहली और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने वर्ल्ड कप 2023 जीतने के लिए 241 रनों का लक्ष्य रखा।टॉस जीत कर पैट कमिंस ने जब भारत को पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया तो रोहित शर्मा बोले कि वे भी पहले बैटिंग ही करना चाह रहे थे। रोहित के नेतृत्व में टीम ने ज़ोरदार शुरुआत भी की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी।

खेल में हार- जीत चलती रहती है। क्रिकेट तो पूरा भाग्य का खेल माना जाता है। इसके बावजूद ये तो विचार करना ही है कि पूरे विश्व कप के दौरान शुरूआत से अब तक बढ़िया प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया, फाइनल में कोई करिश्मा क्यों नही कर सकी। इस मैच में उसके साथ ऐसा क्या हुआ, जो वह बढ़िया प्रदर्शन करने से चूक गई । इस मैच में न उसकी बॉलिंग अच्छी रही, फिल्डिंग । न सिर्फ गेंदबाजी बल्कि बल्लेबाजी में भी भारतीय खिलाड़ी फ्लॉप हुए। भारतीय गेंदबाजों ने जहां इस मैच से पहले तक पूरे विश्व कप में विपक्षी टीम को अपनी सीम और स्विंग से परेशान किया था, इस मैच में शुरुआती कुछ ओवरों में जरूर सीम और स्विंग देखने को मिली, लेकिन बाद में नहीं। 15 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पूरी तरह जम गए। भारत की टीम मानकर चल रही थी कि इस बार भी वह ही टास जितेगी। टास जीत कर दूसरी टीम को खेलने का अवसर देगी। लगता है कि टास के विपरित होते ही उसे झटका लगा।वह मानसिक तनाव महसूस करने लगी। ये भी सोचना होगा कि लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली टीम इंडिया के साथ फाइनल में क्या हुआ, जो वह अच्छा प्रदर्शन नही कर सकी।गेंदबाजी के बूते फइनल में पहुंची टीम इंडिया कोई करिश्मा क्यों नही दिखा पाई? इसके पीछे कहीं स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत वीवीआईपी की मौजूदगी तो इसका कारण नही । कहीं ऐसा तो नही कि वीवीआईपी की मौजूदगी के कारण टीम ने मनोवैज्ञानिक प्रेशर महसूस किया हो। ज्यादा सचेत रहकर खेलने की कोशिश की हो और इसी कोशिश में वह बिखरती चली गई हो। मैडिकल सांइस में एक टर्म है वीआईपी सिंड्रोम। इसमें कहा जाता है कि किसी वीआईवी के अस्पताल आते ही अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ मानसिक दबाव में आ जाते हैं।इसी कारण उनसे गलतियां होती चली जाती हैं। माना जाता है अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ? केनेडी और भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर हमले के समय भी चिकित्सक मानसिक दबाव में आ गए। माना जाता है कि इसी कारण उनसे गलतियां हुई और वे दोनों वीवीआईपी को नही बचा पाए।यह भी कहा जाता है कि बड़ी घटना के समय वीवीआईपी को मौके पर नही जाना चाहिए।बचाव कार्य में लगी टीम वीआईपी के दौरे में लग जाती है। बचाव में व्यय होने वाली उसकी एनर्जी वीवीआईपी की सुरक्षा आदि पर व्यय हो जाती है। अपने काम से बचाव टीम की एकाग्रता कम होती है। इस मैच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह के अलावा फिल्म हस्तियां शाहरूक खान, गौरी खान, आशा भोंसले,अनुष्का शर्मा और शालिया शेट्टी समेत कई दिग्गज हस्तिंया मौजूद थी।फाइनल में भारत की विजय देखने के लिए एक लाख से ज्यादा उत्सुक भारतीयों से स्टेडियम भरा था। ये भारतीय टीम के कलर की टीशर्ट पहने थे।इन सब लोगों की आशा और उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयास में टीम मानसिक प्रेशर में आ गई हो।मानसिक प्रेशर आदमी- आदमी पर अलग होता है।इस मैच में आस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम



रिचर्ड मार्लेस भी मौजूद थे,किंतु हो सकता है कि आस्ट्रेलिया की टीम ने उनकी मौजूदगी पर मानसिक दबाव न महसूस किया हो। भारतीय टीम प्रेशर में आ गई हो।कुछ भी हो इस बात से इंकार नही किया जा सकता कि स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत वीवीआईपी और टीम के कलर की टीशर्ट शर्ट पहले लाखों भारतीयों की मौजूदगी टीम पर मानसिक दबाव तो रहा ही होगा। इसलिए खेल की हार में कारणों के साथ मनोवैज्ञानिकों को मैच के दौरान भारतीय टीम के मानसिक स्तर ,उसपर मैच के दौरान के मानसिक दबाव की भी जांच होनी चाहिए। इन सबके बावजूद हमें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्षमता की प्रशंसा करनी होती कि वह ऐसे अवसर पर बुलावे पर पंहुच जाते हैं। चंद्रयान दो के चंद्रमा पर उतरने के समय भी वह इस कार्य में लगे सांइस्टिस्ट के साथ थे। पीएम मोदी काफी पहले बेंगलुरु स्थित इसरो के मुख्यालय पहुंच गए थे। पीएम चंद्रयान-2 की ऐतिहासिक कामयाबी का गवाह बनना चाहते थे लेकिन आख़िरी पल में संपर्क टूट गया।ऐसा होते ही प्रधानमंत्री की मौजूदगी में इसरो मुख्यालय में तनाव फैल गया. बाद में पीएम मोदी खुद ही सामने आए और वैज्ञानिकों से कहा कि विज्ञान में नाकामी जैसी कोई चीज़ नहीं होती , बल्कि हर क़दम एक नया प्रयोग होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोते इसरो प्रमुख के सिवन का ढाढस भी बंधाया था।चंद्रयान तीन के भी चंद्रमा पर उतरने के समय वह विदेश में होकर भी इसरो के केंद्र से जुड़े थे। ऐसा ही उन्होंने इस फाइनल में भारतीय टीम के साथ किया। ट्विट कर टीम के खेल की प्रशंसा की और यह भी कहा कि वह टीम के साथ हैं। एक बात और हम भारत आशावादी हैं। ईश्वरवादी हैं।देश की 178 करोड़ आबादी इस मैच में भारत को विजयी देखना चाहती थी।कई दिन पहले से भारत की जनता इसके लिए प्रार्थनाएं कर रही थी।दुआ मांग रही थी। अरदास कर रही थी।इतना सब होने के बाद भी यदि भारत हारा तो यह मानना चाहिए कि प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**अशोक मधुप**
**वरिष्ठ पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# दैनिक राशिफल 21/11/2023




1.मेष

आज आपके फालतू खर्च होगा। तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं। साझेदारी में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

2.वृष

आज राजकीय सहयोग मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

3.मिथुन

आज राजकीय सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद से बचें। नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है। परिवार की तरक्की होगी। आपको अपने कर्म पर विश्वास रखते हुए कार्य करना चाहिए।

4.कर्क

आज बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा। पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी।

5.सिंह

आज योजना फलीभूत होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी एवं लापरवाही से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ

6.कन्या

आज नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। श्रम अधिक करना होगा। आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है। व्यापार सामान्य चलेगा।

7. तुला

आज पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच?छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। आपकी बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान संभव है। सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

8.वृश्चिक

आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। मेहनत सफल रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। आलस्य से बचकर रहें।

9.धनु

आज आपको शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। रुका पैसा प्राप्त होने के योग हैं।

10.मकर

आज आपको चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। आर्थिक समस्या रह सकती है। नए कामों में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। खर्च का बोझ बढ़ेगा।

11.कुंभ

आज रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। खर्चों में कमी करना होगी। व्यापार में सही निर्णय नहीं लेने से हानि हो सकती है।

12.मीन

आज आपको पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। दिन प्रतिकूल रह सकता है। सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। अधिक लोभ-लालच न करें।

**आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार**

# मालदीव के राष्ट्रपति का 'दोहरा चरित्र', भारतीय सैनिकों को वापस जाने को कहा और अब कर रहे भारत के विमानों का इस्तेमाल

स्वतंत्र प्रभात

चीन समर्थित मालदीव के नए राष्ट्रपति ने भारतीय सैनिकों को वापस भेजने की औपचारिक घोषणा कर दी है, लेकिन मालदीव भारत के दिए हुए एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल अब भी कर रहा है.

मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु ने अपने पद की शपथ लेने के तुरंत बाद औपचारिक रूप से भारत से अपने सैनिक वापस बुलाने के लिए कहा था.

मालदीव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार (19 नवंबर) को कहा कि मालदीव में 77 भारतीय सैनिक मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि मालदीव की सरकार भारत के साथ पूर्व में हुए 100 से ज्यादा समझौतों की समीक्षा कर रही है. लेकिन इन बयानों से इतर मालदीव के अधिकारी भारत की ओर से दिए एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं.

मुइज्जु की ओर से भारतीय सैनिकों को भेजे जाने के औपचारिक ऐलान के एक दिन बाद ही माले के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया. इसके अलावा डोर्नियर एयरक्राफ्ट की मदद से एक 36 वर्षीय महिला को अतोल अस्पताल से माले के सेंट्रल एरिया कमांड भेजा गया.

### भारतीय विमानों के इस्तेमाल की हालिया घटनाएं

मालदीव के राष्ट्रीय सैन्य दल की जानकारी के मुताबिक, 15 नवंबर को भारत की डोर्नियर विमान की सहायता से एक 81 साल के बुजुर्ग को एल. गान रिजिनल अस्पताल से माले सिटी के एक अस्पताल में लाया गया. इसके अलावा 14 नवंबर को भी एक बुजुर्ग महिला को डोर्नियर विमान की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. 13 नवंबर को एक 24 साल के लड़के को गंभीर हालत में इसी विमान से अस्पताल ले जाया गया. इसी रोज एक महिला को भी विमान से अस्पताल भेजा गया. 6 नवंबर को 25 साल के लड़के को अब्दुल समद अस्पताल से माले शहर ले जाया गया.

### मालदीव में कितने भारतीय सैनिक?

मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरोजुल अब्दुल खलील ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारे देश में 77 भारतीय सेना मौजूद हैं. अब्दुल खलील के मुताबिक, डोर्नियर विमान के रखरखाव के लिए 25 भारतीय सैनिक हैं, जबकि दो हेलीकॉप्टर के लिए 50 भारतीय सैनिक हैं. तीनों विमानों के लिए 2 अतिरिक्त सैनिक मौजूद हैं जो टेक्निकल सपोर्ट देते हैं.



### भारतीय सैनिकों के खिलाफ क्यों है मालदीव?

भारत ने मालदीव की सरकार को एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर और टोही विमान दिए हैं. इसकी मदद के लिए कुछ भारतीय सैनिक भी मालदीव में रहते हैं. टोही विमान से मालदीव के समुद्री इलाके पर नजर रखी जाती है, इस निगरानी ऑपरेशन में भारत-मालदीव मिलकर काम करते हैं, लेकिन देश की जनता को ये खुफिया गतिविधि लगती है. इसका फायदा उठाते हुए मोहम्मद मुइज्जु ने चुनाव से पहले मालदीव की जनता को वादा किया था कि वह चुनाव जीतते ही %संप्रभुता की रक्षा' की खातिर भारतीय सैनिकों को वापस भेजे देंगे.

### शपथ के तत्काल बाद सैनिकों को लौटाने का संकल्प

बता दें कि द्वीपसमूह वाले देश मालदीव से विदेशी सैनिकों की वापसी नए राष्ट्रपति के प्रमुख वादों में से एक रही है। चुनाव के समय भी उन्होंने कहा था कि जीतने के बाद उनका प्रमुख एजेंडा दूसरे देशों के सैनिकों को मालदीव से वापस लौटाना है। उन्होंने शुक्रवार को शपथ लेने के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले भाषण में भी सैनिकों को लौटाने का संकल्प दोहराया था।

### विदेश नीति पर राष्ट्रपति का अहम बयान

गौरतलब है कि मुइज्जू को चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में एएफपी को बताया था कि उनका इरादा भारतीय सेना की जगह चीनी सैनिकों को तैनात करके क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ना नहीं। उन्होंने कहा था, ÷मालदीव भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में उलझने के लिए बहुत छोटा है। मुझे मालदीव की विदेश नीति को इसमें शामिल करने में कोई दिलचस्पी नहीं है,÷ उन्होंने कहा था।

# सऊदी अरब ने ले लिया ऐसा फैसला, दुनियाभर के करोड़ों मुस्लिमों के पैरों तले खिसकी जमीन

स्वतंत्र प्रभात



सबसे ताकतवर मुस्लिम देश सऊदी अरब ने एक ऐसा ऐलान किया है जिसने पूरी दुनिया में हलचल पैदा कर दी है। सऊदी अरब के ऐलान के बाद दुनिया को अकड़ दिखाने वाले सैकड़ों मुस्लिम देश ताश के पत्तों की तरह बिखर गए हैं। सऊदी अरब के इस फैसले का असर भारत पर भी पड़ेगा।

लेकिन इसके बावजूद भारत का एक बड़ा वर्ग सऊदी अरब के इस फैसले से बेहद खुश है। सऊदी अरब ने अपने देश में गाजा और फिलिस्तीन के लिए प्रार्थना करने वाले लोगों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। सऊदी अरब ने इस्लाम के दो सबसे पवित्र स्थलों मक्का और मदीना से कई लोगों को हिरासत में लिया है। ये लोग एक एजेंडे के तहत मक्का और मदीना में फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी करने आए थे।

फ़िलिस्तीन के लिए समर्थन की घोषणा के बावजूद, सऊदी अरब कथित तौर पर गाजा के लिए प्रार्थना करने वाले लोगों को हिरासत में ले रहा है। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि राज्य मक्का के पवित्र स्थल पर गाजा के लिए प्रार्थना करने वाले लोगों को हिरासत में ले रहा है।

मिडिल ईस्ट आई की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक ब्रिटिश अभिनेता और प्रस्तुतकर्ता इस्लाह अब्दुर-रहमान को सऊदी अधिकारियों ने तीर्थयात्रा के दौरान हिरासत में लिया था।

समाचार एजेंसी से बात करते हुए ब्रिटिश अभिनेता ने मक्का की अपनी यात्रा का जिक्र किया। मेरे सिर के चारों ओर एक सफेद केफियेह और मेरी कलाई के चारों ओर एक फिलिस्तीनी रंग की तस्बीह पहनने के कारण मुझे चार सैनिकों ने रोका।

अब्दुर-रहमान ने यह भी कहा कि फिर उन्हें एक ऑफ स्टी डिटेनबेन केंद्र में ले जाया गया जहां अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। अधिकारियों ने फिर उन्हें रिहा कर दिया। बता दें कि सऊदी अरब में गाजा के समर्थन पर रोक लगा दी गई है। खासतौर से मक्का और मदीना में ये रोक है।

यानी वो पवित्र स्थल जो इस्लाम की सबसे पवित्र जगह मानी जाती है वहां गाजा और फिलिस्तीन के लिए कोई नारेबाजी नहीं होगी। जहां एक तरफ भारत, तुर्की समेत सैकड़ों देशों में हमास और फिलिस्तीन के समर्थक अपनी ताकत दिखा रहे हैं। वहीं सबसे बड़े मुस्लिम देश में फिलिस्तीन के समर्थन में किसी भी तरह के प्रदर्शन पर सख्ती दिखाई जा रही है।

सोमवार को पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्री अनीक अहमद ने सीनेट पैनल को बताया कि धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने नई नीति में छोटी अवधि की हज यात्रा शुरू करने की योजना बनाई है. उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही कार्यवाहक संघीय कैबिनेट के सामने मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा.

पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, धार्मिक मामलों की स्थायी समिति की एक बैठक के दौरान, मंत्री ने कहा कि सऊदी अरब ने ने पाकिस्तान से हज के संचालन करने वाली कंपनियों की संख्या में जो भारी गिरावट की है, उसे लेकर सरकार ज्यादा कुछ नहीं कर सकती. बैठक के दौरान समिति के सदस्य मौलाना अब्दुल करीम ने कहा कि 905 कंपनियों का संचालन 46 कंपनियों में सिमटने से दिक्कत होगी.

## संक्षिप्त ख़बरें

### भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो के द्वारा जनता को किया कानून की जानकारी हेतु किया जागरूक



**भागलपुर** में छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं को। सेवा भावना से चाय और पानी की निश्शुल्क वितरण पंडाल में किया। अलग अलग घाटों पर बैनर के मध्यम से 112 को लेकर भी जागरुक किया। किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु बिहार सरकार द्वारा जारी डॉयल 112 को लेकर जनता में जागरुकता का माहौल बनया। भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो के डायरेक्टर श्री बर्जेश चंद्रवंशी द्वारा राज्य स्तर पर एवम अन्य पदाधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर कानून के प्रति जागरूक करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है,ताकि जनता अपने मौलिक अधिकार एवम अन्य अधिकार को जान सके जागरूक नागरिक बने। भगलपुर पदाधिकारी विष्णु कुमार ने कुतुबगंज घाट में बैनर के मध्यम से भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो से लोगो को अवगत कराया एवम लोगों को पुलिस प्रशासन से डरने की नही समर्थन देकर ज़िम्मेदार नागरिक बनने को अपील किया। भारत भ्रष्टाचार मुक्त हो इसके लिए लगातार ए.सी.आई. बी की टीम लगातार देश सेवा में कार्यरत हैं।

### बिहार में कानून व्यवस्था खत्म है, नीतीश कुमार चुपचाप सिर्फ तमाशा देख रहे- संतोष कुमार

भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की लखीसराय में प्रशासनिक अराजकता के कारण वहां पूरी तरह से गुंडाराज स्थापित हो गया है। छठ महापर्व को लेकर इतने सुरक्षा के बीच एक ही परिवार के 06 लोगो को दिन दहाड़े गोली मारकर अपराधी फरार हो जाता है और प्रशासन मूकदर्शक बनी रहती है। सत्ता संरक्षित अपराधी को बचाने का खेल चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश का प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, जबकि वह अपने ही राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभाल नहीं पा रहे हैं।जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा की बिहार में आतंक का राज है। लोग डर में जी रहे हैं। इसे आप 'जंगल राज' और 'गुंडा राज' नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे?' लखीसराय में हुई गोलीबारी की घटना का हवाला देते हुए कहा कि दिन के उजाले में गोलियां चल रही हैं!

### मात्र 200 के फीस पर बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रहे हैं एच एम क्लासेस

**भागलपुर (बिहार)** शहर में मात्र एक कोचिंग एच0एम क्लासेस मिर्जाहाट है। जी हां हम बात कर रहे हैं , अन्य कोचिंग संस्थान से कम फीस में बैंक, एसएससी, रेलवे का तैयारी करवाया जा रहा है। डायरेक्टर ललन कुमार कहते हैं आज के समय में शिक्षा हर घर पहुंचाना मेरा प्राथमिकता है। इसके कारण के आज के समय कई लड़कियां बैंकिंग सेक्टर के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मात्र 200 के फीस पर बेहतर पढ़ाई शिक्षा दिया जा रहा है। डायरेक्टर आगे कहते हैं कि हम अपने माता-पिता के नाम से ही हम एच एम क्लासेस खोले हैं। यही वजह है कि काफी संख्या में छात्र-छात्राएं सुनहरा भविष्य सवार रहे हैं।

# पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव के मांग पर,चंपा नदी घाट सौंदर्य करण के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने दिए 11 लाख

स्वतंत्र प्रभात



**नाथनगर भागलपुर ( बिहार)** करने की धरती नाथ नगर चंपा नदी घाट जहां से छठ का आरंभ हुआ। सिल्क नगरी भागलपुर चंपा नदी घाट पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब । लगभग 100000 से भी अधिक भीड़ लोगों का देखने का मिला। छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने चंपा नदी घाट पर अर्घ देने के लिए बड़ी जनसंख्या में व्रत करने वाले महिला पुरुष बूढ़े बच्चे का ताता लगा रहा। चंपा नदी घाट आस्था का एक केंद्र बना रहा इस महापर्व को शांति सद्भाव के साथ संपन्न कराने में पूजा शांति समिति का बड़ा ही योगदान रहा शहर में सभी महापर्वो पर पूजा शांति समिति का बड़ा ही योगदान रहता है शांति स्थापित करने में। पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव के नेतृत्व में बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को आमंत्रित कर बुलाया गया था। चंपा नदी घाट पर जैसे ही पूर्व केंद्र मंत्री का आगमन हुआ वैसे ही जिले भर के पुलिस प्रशासन भी अपने दल बल के साथ जिला प्रशासन सुब्रत कुमार सेन सहित एसपी आनंद कुमार डीएसपी अजय चौधरी एसडीओ धनंजय कुमार नगर निगम प्रभारी हसन , नाथनगर अंचलाधिकारी सृति झा महताब खान व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी का जथा भी पहुंचे।पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने पूर्व केंद्र मंत्री से मांग किया कि चंपा नदी घाट पर शीरी और सौंदर्यकरण हो क्योंकि यहां के जनता की आपसे अपेक्षा है। अत्यधिक जरूरत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पूजा शांति समिति के अध्यक्ष की इस बात को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इस मांग को जनता के बीच घोषणा कर दिये कि चंपा नदी घाठ में सीढ़ी और इसका सौंदर्यकरण के लिए 11 लाख का घोषणा में करता हूं और कहा कि हम विकास पुरुष पप्पू यादव की बात महेशा गंभीरता के साथ लेते हैं क्योंकि भागलपुर पुरे शहर में ऐसे कम ही समाज सेवी है जो की जनता के बीच रहकर हमेशा सुख-दुख बांटने का काम करते आ रहे हैं। भागलपुर का अगर सांसद हो तो पप्पू यादव के तरह इनके द्वारा बहुत से कार्य किए गए हैं जो समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर मिशाल स्थापित किये है हम विकास पुरुष के सभी कार्य की सराहनीय करते है।हम पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव ने 15 मांग किए हैं हमाने 11 लाख की घोषणा कर दी अगर इससे भी अधिक लागत अगर लगता है लागत तो वह भी पूरा किया जाएगा। हम पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव समेत सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हैं इसी तरह शहर में शांति सद्भाव के गंगा जमुनी तहजीब के साथ मिलकर शांति बहाल हमेशा शहर में बना रहे। पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने शाहनवाज हुसैन भव्य रूप से स्वागत भी किये पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव, संरक्षक भवेश यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, समाजसेवी नीतू देवी उपाध्यक्ष अशोक राय , अमरकांत मंडल, प्रमोद सिन्हा, शिव शंकर सिंन्हा , पप्पू दालानिया, संजय अग्रवाल, अनिल शाह, निजात अंसारी, जियाउल रहमान,सफीउल्ला अंसारी,जाविर अंसारी, रोहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।

## नगर निगम द्वारा किया गया मुफ्त चाय पानी का श्रद्धालुओं के बीच वितरण



**भागलपुर** नगर निगम द्वारा मोहद्दीनगर वार्ड 42 में छठ महापर्व को ले कर चाय और पानी की निश्शुल्क वितरण किया गया। मौके पर नगर निगम द्वारा चलाया गया इस अभियान में दीपक कुमार नगर निगम की ओर से सेवा प्रदान करते नज़र आए। नगर निगम की सफाई व्यवस्था छठ घाट पर दुरुस्त पाई गई। दीपक कुमार के द्वारा आस पास में सफाई आभियान चला कर समाज में आत्मनिर्भरता की ओर इशारा करके समाज को स्वस्थ रखने के लिए सफाई का विशेष महत्व बताया।

## सूर्य उपासना का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य के अर्ध के साथ संपन्न

पप्पू पडित

स्वतंत्र प्रभात



**पकड़ीदयाल-** उदयिमान सूर्य के अर्ध्य अर्पित करने के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय पावन पवित्र पर्व छठ सम्पन्न हो गया. प्रखण्ड के शेखपुरवा पंडितपुर,नवादा,छपरा बिहारी, बभनटोली,चैता, बड़कागांव, धनौजी,सुंदरपट्टी, ठीकहा, सिसहनी, अजगारवा,दुलमा, डुमरबाना, ईटवा, थ्रबिटिया, सिरहा,सहित प्रखण्ड के विभिन्न छठ घाटों पर व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदयिमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया. प्रखण्ड के सभी छठ घाटों पर पंडाल व लाईट की भव्य व्यवस्था किया गया था. छठ के गीतों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ था. इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोग भी तत्परता रहे। प्रखंड के सभी छठ घाट पे लोकआस्था की देवी छठी मैया और सूर्य उपासना का महापर्व छठ संपन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस महाअनुष्ठान के साथ समापन हो गया उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सर्वजन सुखाय की परिकल्पना लिए छठ पर्व पूरा हो गया। चार दिन पहले नहाए खाए के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी। दूसरे दिन खरना पूजा और उसके बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था। सुबह व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्ध्य दिया। घाटों पर छठ के मौके पर विहंगम नजारा देखने को मिला। आस्था का जनसैलाब हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिला।

## धूमधाम से मनाया गया लोक आस्था का महापर्व छठ

स्वतंत्र प्रभात



**खगड़िया** प्रदेश भर के साथ-साथ जिले के सभी छठ घाट पर विशेष चहल पहल देखी गई भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर अपनी मनोकामना किये वहीं लोकसभा सांसद चौधरी महबूब अली कैसर छठ घाट का निरीक्षण के साथ-साथ लोगों से मिलकर शुभकामनाएं देकर क्षेत्र के सुख समृद्धि हेतु कामना की है खगड़िया जिले के राजेन्द्र सरोवर, अघोरी घाट, सीढ़ी घाट, विद्याधर घाट, बलूयाही घाट, धोबी घाट, रहीमपुर घाट इत्यादि घाटों का भ्रमण किया इस मौके पर सभी पप्रशासनिक पदाधिकारी ए डी एम राशिद आलम, अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रहमत अली, डी एस पी मुख्यालय मुसीर आलम आपदा प्रभारी सहित रालोजपा जिलाध्यक्ष मो मासूम, राजद जिलाध्यक्ष मनोहर यादव, शिक्षक नेता मनीष सिंह, लोजपा (रामविलास) जिला अध्यक्ष शिवराज यादव, नगर सभापति अर्चना कुमारी, नगर उप सभापति प्रतिनिधि शहाबुद्दीन, सहित अन्य लोग रहे मौजूद।

## सूर्योदय के साथ सूर्यउपासना का महापर्व छठ बहुत ही धूमधाम से समपन्न।



राम बगल राम

**पुर्वी चम्पारण-** उदयिमान सूर्य के अर्ध्य अर्पित करने के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय पावन पवित्र पर्व छठ सम्पन्न हो गया द्य पुर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखंड अंतर्गत परसौनी कपूर के छठ घाट पर व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदयिमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया प्रखण्ड के सभी छठ घाटों पर पंडाल व लाईट की भव्य व्यवस्था किया गया थाद्य छठ के गीतों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ थाद्य इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोग भी तत्परता रहे। जिला के सभी छठ घाट पे लोकआस्था की देवी छठी मैया और सूर्य उपासना का महापर्व छठ संपन्न हुआ।

चार दिनों तक चले इस महाअनुष्ठान के साथ समापन हो गया उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सर्वजन सुखाय की परिकल्पना लिए छठ पर्व पूरा हो गया। चार दिन पहले नहाए खाए के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी। दूसरे दिन खरना पूजा और उसके बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था। सुबह व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्ध्य दिया। घाटों पर छठ के मौके पर विहंगम नजारा देखने को मिला। आस्था का जनसैलाब हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिला।

# दिवाला घोषित करने वाला कानून क्या है, सुप्रीम कोर्ट में आई एक याचिका से फिर चर्चाओं में क्यों?

स्वतंत्र प्रभात

जब कोई व्यक्ति या संस्थान बैंक से लिया अपना कर्ज चुकाने में असमर्थ हो जाता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है. हालांकि ये सुनने में जितना आसान लग रहा है उतना आसान नहीं है, इस प्रक्रिया को कानूनी कार्रवाई से होकर गुजरना पड़ता है.

इसके लिए उस संस्थान या व्यक्ति को पहले कोर्ट में अर्जी दाखिल करनी होती है. इसके बाद कोर्ट उस शख्स की दलीलों को सुनता है और यदि अदालत को उसकी दलीलें सही लगती हैं तो उसे दिवालिया घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है. इस पूरी कार्रवाई में लगभग 180 दिनों का समय लगता है.

दिवालिया घोषित होते ही उस शख्स की संपत्ति तो जब्त कर ही ली जाती है साथ में उसकी गारंटी लेने वाले व्यक्ति पर भी कार्रवाई होती है. भारत में दिवाला और दिवालिया संहिता कानून (IBC) 2016 में बना था जो हाल ही में आई एक याचिका से फिर चर्चाओं में आ गया है.

### सुप्रीम कोर्ट में आई याचिका पर बहस क्यों?

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में दिवाला और दिवालियापन संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों को चुनौती दी गई. जिसमें याचिकाकर्ता जो दिवाला घोषित किए गए व्यक्ति का गारंटर था उसे अपना मामला पेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी.

बता दें व्यक्तिगत गारटंर वो होता है जो किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा लिए गए लोन की गारंटी लेता है. ऐसे में जब लोन लेने वाले व्यक्ति पर दिवालिया की कार्रवाई होती है तो उसमें गारंटर पर भी कार्रवाई की जाती है. मामले में याचिकाकर्ता ने न्यायालय में ये तर्क दिया कि दिवाला और दिवालिया संहिता के चुनौती वाले हिस्से निष्पक्ष सिद्धांतों यानी न्याय प्रक्रिया का पालन नहीं करते हैं. तथा संविधान के अनुच्छेद 21, 19(1)(g) एवं 14 के तहत आजीविका, व्यापार और समानता के अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों को प्रभावित करते हैं.

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

न्यायालय ने इस केस की सुनवाई करते हुए ढ्ढक्चष्ट की संवैधानिकता को बरकरार रखा है, जिसमें व्यक्तिगत गारंटर के खिलाफ दिवालिया कार्रवाई की अनुमति भी शामिल थी.

मामले में न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि धारा 95 और 100 को सिर्फ इसलिए असंवैधानिक नहीं माना जा सकता क्योंकि वो व्यक्तिगत गारंटरों को लेनदारों की दिवालिया संबंधी याचिकाओं से पहले सुनवाई का मौका नहीं देते.

साथ ही न्यायालय ने मामले में उन दावों को भी खारिज किया जिनमें ये कहा गया था कि इन प्रावधानों में निष्पक्षता की कमी है या प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन हुआ है. न्यायालय ने कहा कि निष्पक्षता का मूल्यांकन अलग-अलग मामलों में अलग-अलग तरह से किया जाना चाहिए. न्यायालय ने इस बात पर भी सहमति जताई है कि ये कानून देनदारों की अपेक्षा उधार लिए गए रुपयों की रक्षा करते हैं.

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के IBC पर क्या हो सकते हैं प्रभाव?

दिवालिया संहिता कानून (IBC) की सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा की है. जिससे अब इसपर गारंटरों के संबंध में लेनदारों के विश्वास में वृद्धि हो सकती है. इसके अलावा ऋ़णदाता इस कानून के चलते दिवालिया घोषित किए गए व्यक्ति की गारंटरों पर भी कार्रवाई करने में अधिक सुरक्षित महसूस करेगा.

वहीं ये निर्णय उन लोगों को भी सतर्क करेगा जो लोन लेने के लिए किसी संस्था या व्यक्ति की बिना सोचे समझे गारंटी लेते हैं.


### 2016 में बना दिवालिया कानून

सरकार ने कई सालों से लोन लेकर भाग जाने वाले लोगों के लिए 2016 में गैर निष्पादित संपत्तियों से निपटने के लिए ढ्ढक्चष्ट कानून लागू किया था. यह एक नियामक निकाय है, जिसे दिवाला मामलों को पंजीकृत करने और उनका पर्यवेक्षण करने की शक्ति प्रदान है. दरअसल ये एक ऐसी समस्या बन चुकी थी जो देश की अर्थव्यवस्था में गिरावट ला रही थी.

बता दें दिवालियापन एक ऐसी स्थिति है जिसमें ऋ़ण लेने वाला व्यक्ति अपना ऋ़ण चुकाने में असमर्थ होने की स्थिति में होता है. इसमें कोई विशेष राशि तय नहीं होती यदि कोई व्यक्ति ऋ़ण लिए 500 रुपए भी चुकाने में असमर्थ है तो वो दिवालिया हो सकता है.

### क्या है दिवालियापन की प्रक्रिया?

यदि आप मुंबई, कोलकाता या चेन्नई में रहते हैं, तो आप प्रेसीडेंसी टाउन इन्सॉल्वेंसी अधिनियम, 1909 के अन्तर्गत आते हैं, वहीं भारत में अन्य सभी स्थानों के लिए प्रांतीय दिवाला अधिनियम 1920 के अन्तर्गत अपील दायर की जा सकती हैं. दोनों कानून समान हैं और आईबीसी द्वारा प्रतिस्थापित किए जाने वाले हैं.



प्रांतीय दिवाला अधिनियम के तहत यदि आप ? 500 से अधिक का ऋ़ण चुकाने में असमर्थ हैं, तो आप दिवालिएपन के लिए आवेदन कर सकते हैं. एक स्वतंत्र कानूनी सलाहकार समूह, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की रिसर्च फेलो ऐश्वर्या सतीजा ने मिंट से हुई बातचीत में बताया, "यह विश्लेषण करने के बाद कि क्या दिवालियापन दाखिल करने के लिए आवेदन पूरा हो गया है, अदालत आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है. आवेदन पर निर्णय होने तक, एक अंतरिम रिसीवर देनदार की संपत्ति पर कब्जा कर लेता है. यदि आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है, तो अदालत देनदार की संपत्ति या संपत्ति के खिलाफ किसी भी कानूनी कार्यवाई पर रोक लगा सकती है."

एक बार जब आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है, तो आपकी संपत्ति अदालत द्वारा नियुक्त "रिसीवर" के पास सुरक्षित हो जाती है.

यह अधिकारी तब आपकी संपत्ति को लेनदारों के बीच वितरित करता है, जब तक कि आपने जो समझौता प्रस्तावित किया है वो आपके लेनदारों और अदालत स्वीकार नहीं कर लेती है.

यदि एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो अदालत द्वारा "दिवालियापन से मुक्त" कर दिया जाता है. जिसके बाद आपको अपने पिछले लेनदारों परेशान नहीं कर पाएंगे और आप अपने जीवन को नए सिरे से जी सकते हैं.

लेकिन जबतक दिवालिएपन की कार्यवाई अदालत के समक्ष लंबित है तब तक ऋ़ण लेने वाले व्यक्ति को अपने और अपने परिवार के अस्तित्व के लिए न्यूनतम रखरखाव राशि के लिए अदालत में आवेदन करना होता है.